


म्यूचुअल फंड उद्योग पर निवेश की बारिश - 12



ऑपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति का आधार- 12



यूएन ने टीआरएफ और पाकिस्तान के आतंकी संबंधों का किया पर्दाफाश - 13



भारत के सामने श्रृंखला बराबर करने का लक्ष्य - 14

आज का मौसम
30.0°
अधिकतम तापमान
26.5°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.33
सूर्यास्त 06.57


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी


श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी 04:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 31 जुलाई 2025, वर्ष 3, अंक 341, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये




कानपुर महानगर की खबरों का पुलआउट अखबार अंदर के पन्नों पर...

## कक्षा में पहुंचा उपग्रह निसार, धरती पर रखेगा नजर




श्रीहरिकोटा, एजेंसी

- लांचिंग के साथ भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग की उड़ान शुरू
- इसरो और नासा ने मिलकर किया उपग्रह का विकास

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से 'निसार' उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया।

'निसार' पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसरो के जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद और लगभग 745 किलोमीटर की दूरी पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के मुताबिक निसार को अंतरिक्ष में ले जाने वाले जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। जीएसएलवी एफ-16 रॉकेट ने 27.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद 2,393 किलोग्राम वजनी उपग्रह को लेकर चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। रॉकेट से अलग होने के बाद, वैज्ञानिक उपग्रह को संचालित करने का काम शुरू करेंगे, उसे स्थापित करने और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने में कई दिन लगेंगे। इसरो के अनुसार, एस-बैंड रडार प्रणाली, डेटा हैंडलिंग और हाई-स्पीड डाउनलिंक प्रणाली, अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा विकसित की गई हैं। इसरो उपग्रह की कमान और संचालन के लिए जिम्मेदार है।

### पांच साल तक देगा पृथ्वी पर बदलाव की जानकारी


निसार मिशन को प्राप्त तस्वीरों को डाउनलोड करने के लिए इसरो और नासा दोनों के जमीनी केंद्र से सहायता मिलेगी, जिन्हें आवश्यक प्रसंस्करण के बाद उपयोगकर्ता तक प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान एक ही प्लेटफॉर्म से एस-बैंड और एल-बैंडआर के माध्यम से प्राप्त डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर हो रहे परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी। मिशन का उद्देश्य अमेरिका और भारत के वैज्ञानिक समुदायों के साझा हित के क्षेत्रों में भूमि और हिमनद की गतिविधियों, भूमि पारिस्थितिकी तंत्र और महासागरीय क्षेत्रों का अध्ययन करना है। 'निसार' का मिशन जीवनकाल पांच वर्ष है। नासा ने कहा कि 'निसार' मिशन से प्राप्त डेटा सरकारों और निर्णयकर्ताओं को प्राकृतिक और मानव-जनित खतरों के लिए योजना बनाने में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। 'निसार' खतरों की निगरानी के प्रयासों में मदद कर सकता है और संभावित रूप से निर्णयकर्ताओं को संभावित आपदा के लिए तैयारी करने के लिए अधिक समय दे सकता है।

## ब्रीफ न्यूज

### आज चित्रकूट आएंगे मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को तुलसीतीर्थ में तुलसी जयंती कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11:40 बजे राजापुर में वशिष्ठ गुरुकुलम पर हेलीपैड पर उतरेंगे। तुलसी मंदिर में कार्यक्रम में 12:05 बजे तक हिस्सा लेने के बाद वह 12:15 बजे तुलसी रिसोर्ट पहुंचेंगे। वह 1:15 बजे लखनऊ प्रस्थान कर जाएंगे। उधर, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 11:30 बजे आएंगे। उनका जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि में कार्यक्रम है। दोपहर एक बजे गनीवां जाएंगे और तुलसी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ढाई बजे स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय समीक्षा करने के बाद भगवान कामतानाथ की परिक्रमा करेंगे। शाम 5:10 बजे लखनऊ प्रस्थान करेंगे।

अंदर देखें... कैंपस



## हर युवा को मौका देंगे जिसके पास सपना है पर साधन नहीं

### मुख्यमंत्री ने की सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 की शुरुआत

- बोले, युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना रही सीएम युवा स्कीम
- 68 हजार उद्यमियों को मिली 2751 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम उत्तर प्रदेश के हर उस युवा को अवसर देंगे जिसके पास सपना है पर साधन नहीं है। सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री बोले कि सीएम युवा स्कीम युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना रही है। उन्होंने 68 हजार उद्यमियों को 2751 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दिए जाने की बात भी साझा की।

राजधानी लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 के बुधवार को शुभारंभ के अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत संचालित सीएम युवा योजना को प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए स्वरोजगार से स्वावलंबन तक की यात्रा का माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत 68,000 से अधिक युवाओं को 2751 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त एवं गारंटी मुक्त लोन दिया गया है। योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत मार्जिन मनी की सुविधा भी राज्य सरकार दे रही है।

उन्होंने कहा कि यूपी के युवाओं में अनलिमिटेड पोटेंशियल है। सीएम युवा इन युवाओं को मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर जिले से कम से कम 50 युवाओं को लाकर इस प्रदर्शनी को दिखाया जाए ताकि उन्हें योजनाओं, स्टार्टअप संसाधनों और मार्केट एक्सेस की सही जानकारी मिल सके।



लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यूपी मार्ट की लांचिंग, प्रदर्शनी का किया लोकार्पण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स व अन्य इनोवेटिव व्यवसायों के ब्रांड्स, मशीनरी की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं मशीनरी सप्लायर्स पोर्टल यूपी मार्ट की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 17 एमओयू भी किए गए। यहां एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, कई विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारी पड़ी उठक-बैठक

### आईएएस रिंकू सिंह राही का तबादला

**लखनऊ।** कान पकड़ कर उठक-बैठक लगाना आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही को भारी पड़ा है। शाहजहांपुर में एसडीएम पुवायां पद पर ज्वाइन करने के 36 घंटे बाद ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया। शासन ने बुधवार को उनको राजस्व परिषद (लखनऊ) से संबद्ध कर दिया।

दरअसल, आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने 28 जुलाई की रात 11 बजे पुवायां में एसडीएम का पदभार ग्रहण किया था। 29 जुलाई को वह ड्यूटी पर आए तो एक वकील के मुंशी को दीवार के पास लघुशंका करते देख उससे उठक-बैठक लगवा दी।

बाद में जब वह तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुए वकीलों के पास पहुंचे तो उन्हें समस्या बताई गई कि तहसील परिसर में बने शौचालय बेहद गंदे हैं, ऐसे में वकील और मुंशी मजबूरन खुले में लघुशंका करते हैं।

इस पर एसडीएम ने कहा था कि तहसील के बड़े अधिकारी होने के नाते वह सफाई ठीक से न होने की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके बाद एसडीएम ने वकीलों के सामने कान पकड़कर उठक-बैठक की, जिसका वीडियो वायरल हो गया।

## एएसपी की पत्नी का फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस लाइन के ट्रांजिट हॉस्टल की घटना, मृतका के पिता पूर्व विधायक

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन ट्रांजिट हॉस्टल में बुधवार को सीआईडी में तैनात एएसपी मुकेश प्रताप सिंह (2005 बैच पीपीएस) की पत्नी नीतेश सिंह (38) का शव कमरे में दुपट्टे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से इटावा के अजीतनगर निवासी एडिशनल एसपी मुकेश प्रताप सिंह दो माह पहले ही बरेली से ट्रांसफर होकर लखनऊ आए थे। इसके पहले वह बरेली में एएसपी ट्रैफिक थे। पत्नी नीतेश और तीन बच्चों के साथ पुलिस लाइन के ट्रांजिट हॉस्टल में रह रहे थे। बुधवार को एएसपी मुकेश ड्यूटी पर थे। बड़ा बेटा अपनी बुआ के घर गया था। डेढ़ साल का बेटा कमरे में था, जबकि 12 साल की बेटी अनन्या दूसरे रूम में पढ़ रही थी। शाम करीब चार बजे अनन्या कमरे से बाहर निकली तो मां नीतेश ने पंखे में बंधे दुपट्टे के सहारे लटका देखा। यह देख वह चींख पड़ी। उसने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मुकेश प्रताप सिंह और महानगर पुलिस भी पहुंच गई। नीतेश को फंदे से उतारा। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मौत की पुष्टि कर दी। मौके पर जेसीपी (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार, डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी ममता रानी समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उधर, जानकारी मिलते ही नीतेश के पिता राकेश प्रताप सिंह उर्फ राकेश बाबू और भाई प्रमोद कुमार रात में पहुंचे। प्रमोद कुमार ने बताया कि वह फिरोजाबाद ने नगला करण के रहने वाले हैं।

पिता बसपा से वर्ष 2007 से 2017 तक विधायक रहे हैं। प्रमोद का आरोप है कि मुकेश की एक महिला से नजदीकियां थीं। इसको लेकर आए दिन पति पत्नी में विवाद होता था। नीतेश को परेशान करने के लिए मुकेश ने पूरे घर में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा था। एडीसीपी ममता रानी के मुताबिक नितेश डिप्रेशन में थीं। उनका काफी समय से इलाज भी चल रहा था। सीसीटीवी कैमरे में नीतेश फंदा लगाते नजर आई हैं। पूरी घटना कैमरे में कैद है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## सेना के वाहन पर गिरा पत्थर, लेफ्टिनेंट कर्नल सहित दो शहीद

लेह, एजेंसी

- पूर्वी लद्दाख में हुए हादसे में तीन अधिकारी घायल, अस्पताल में भर्ती



पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में बुधवार को सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और तीन अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना यहां से करीब 200 किलोमीटर दूर गलवान में दुरबुक के पास चारबाग में सुबह करीब 11:30 बजे हुई।

सेना ने मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह (14 सिंध हॉर्स) के रूप में की है। इसमें कहा गया है कि मेजर मयंक शुभम (14 सिंध हॉर्स), मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव (60 आर्मड) को चोटें आई हैं। उत्तरी कमान ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और उत्तरी कमान के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। अधिकारियों ने बताया कि काफिला दुरबुक से चोंगताश प्रशिक्षण के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि पत्थर के प्रभाव से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल हुए तीनों अधिकारियों का इलाज किया जा रहा है।

### आईटीबीपी जवानों की बस नदी में गिरी

**श्रीनगर।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को ले जा रही एक बस भारी बारिश के बीच जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के कुल्लन में सिंध नदी में गिर गई। बस में सवार सभी कर्मियों को बचा लिया गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि बस में कितने लोग सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि चालक को चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ड्यूटी पर निकली महिला सिपाही की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- खेत में मिला दो दिन पुराना शव साथी सिपाही पर हत्या का शक

**अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व सुबेहा थाने से महादेवा मेला की ड्यूटी के लिए निकली महिला सिपाही की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। क्षत-विक्षत अवस्था में शव बुधवार को मसौली थाना क्षेत्र में हाईवे पर बिंदौरा कस्बे के पास खेत में मिला।

आईजी अयोध्या, एसपी आदि ने मौके पर पड़ताल की। पुलिस को महिला के साथी सिपाही पर हत्या का शक है। महिला सिपाही का बुधवार देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुलतानपुर निवासी महिला सिपाही की बाराबंकी के सुबेहा थाना में तैनाती थी। 2017 बैच की सिपाही की ड्यूटी रामनगर में लोधेश्वर महादेव मंदिर में लगाई गई थी। महिला सिपाही गत 27 जुलाई को ड्यूटी के लिए स्कूटी से निकली लेकिन मंदिर नहीं पहुंची। तीन दिन बाद मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा बिंदौरा में एक खेत में उसका शव मिला। शव के पास ही हरदोई में तैनात सिपाही इंद्रेश मौर्य की स्कूटी भी खड़ी मिली। अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार और एसपी अर्पित विजयवर्गीय भी मौके पर पहुंचे। आईजी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आया है कि महिला आरक्षी के सिपाही इंद्रेश मौर्य से करीबी संबंध थे। 2024 में महिला आरक्षी ने इंद्रेश पर दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया था, बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इंद्रेश 27 जुलाई से छुट्टी पर है।

## रूस में 8.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

तोक्यो, एजेंसी

- जापान और अमेरिका में भी उठीं सुनामी की लहरें

रूस के सुदूर पूर्व में बुधवार तड़के आए 8.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण जापान, अमेरिका के हवाई और प्रशांत महासागर में सुनामी की लहरें उठीं। यह भूकंप मार्च 2011 के बाद दुनिया में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप प्रतीत होता है।

सुनामी के कारण अभी तक कोई बड़ा नुकसान होने की खबर नहीं है, लेकिन प्राधिकारियों ने लोगों को तटरेखाओं से दूर रहने की चेतावनी देते हुए कहा है कि खतरा एक दिन से अधिक समय तक रह सकता है। रूस में कामचटका प्रायद्वीप पर 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र के पास स्थित बंदरगाहों में पानी भर गया जिससे निवासियों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। हवाई प्रांत की राजधानी में सड़कों और राजमार्गों पर जाम लग गया। जापान के प्रभावित इलाकों में लोगों को बचाव केंद्रों में स्थानांतरित किया गया। इस भूकंप ने 2011 में आए भूकंप और सुनामी की यादें ताजा कर दी। जापान में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने की सलाह दी गई है। मार्च 2011 में उत्तर-पूर्वी जापान में आए भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गई थी और इसके कारण भीषण सुनामी आई थी। रूसी प्राधिकारियों ने बताया कि कामचटका प्रायद्वीप पर आए भूकंप के कारण कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई। जापान में एक व्यक्ति घायल हुआ है।

## महंगी होगी बिजली, 0.24 प्रतिशत ईंधन अधिभार बढ़ा

- पिछले माह भी की गई थी 1.97 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले माह बिजली के दाम में 0.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। इसे लागू करने का आदेश भी जारी कर दिया है। इस वृद्धि से अगस्त माह में कॉरपोरेशन कुल लगभग 22.63 करोड़ का राजस्व वसूल होगा। कॉरपोरेशन ने पिछले माह भी बिजली के दाम में ईंधन भार अधिभार शुल्क के तौर पर 1.97 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पिछले कई महीनों से कॉरपोरेशन की ओर से ईंधर अधिभार शुल्क के तौर पर बढ़ोतरी की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस वृद्धि का सख्त विरोध किया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस चल रहे हैं। ऐसे में बढ़ोतरी न्याय संगत नहीं है। ईंधन लागत बढ़ने पर कॉरपोरेशन समायोजन के बजाय उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रहा है।

## ट्रंप ने की घोषणा

### रूस से कच्चा तेल आयात करने पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाएगा

## यूएस ने भारत पर लगाया 25% टैरिफ, 1 अगस्त से प्रभावी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच बुधवार को भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया।

यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को 'सबसे कठिन और अप्रिय' बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर 'जुर्माना' भी देना होगा। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो गया है। चीन के बाद, रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया।



### अप्रैल में की थी कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा

भारत के प्रमुख व्यापारिक प्रतिस्पर्धियों में, अमेरिका ने वियतनाम (20 प्रतिशत) और मलेशिया (25 प्रतिशत) पर कम शुल्क लगाया है, लेकिन बांग्लादेश (35 प्रतिशत) और थाइलैंड (36 प्रतिशत) पर अधिक शुल्क लगाया है। इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर उच्च जवाबी शुल्क (26 प्रतिशत) लगाने की घोषणा की। उच्च शुल्कों के कार्यान्वयन को तुरंत 90 दिन के लिए नौ जुलाई तक और फिर एक अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था, क्योंकि अमेरिका विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नियामक आयोग भेजे निजीकरण निरस्त करने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक आयोग ऊर्जा निगमों की निजीकरण प्रक्रिया निरस्त करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे। उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को इस सिलसिले में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री ने निजीकरण से यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया कि निजीकरण का पूरा प्रस्ताव एनर्जी टास्क फोर्स तैयार कर रही है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी निजीकरण प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं, ऐसे में आम जनमानस की भावना के मद्देनजर इस प्रस्ताव को खारिज करने की सलाह सरकार को भेजना चाहिए।

### नारंग के कार्यकाल के फैसलों की हो जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त रहे निधि कुमार नारंग के कार्यकाल में निजीकरण प्रक्रिया समेत अन्य फैसलों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि नारंग के कार्यकाल के निजीकरण संबंधी लिए गए सभी निर्णयों को तत्काल निरस्त किया जाय। संघर्ष समिति ने यह भी मांग की है कि टेंडर संबंधी सभी वित्तीय फैसलों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाय क्योंकि उनके कार्यकाल में निजीकरण को लेकर भारी घोटाला होने की आशंका है।

### चार दिन चलेगी उप्र. विधानमंडल के मानसून सत्र की कार्यवाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। बुधवार को विधानसभा सचिवालय से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 अगस्त तक निर्धारित छह दिवसीय सत्र में केवल चार दिन ही विधायी कार्य होंगे, जबकि शेष दो दिन स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और जन्माष्टमी (16 अगस्त) की छुट्टी के चलते कार्यवाही नहीं चलेगी। ऐसे में सत्र के दौरान 11 अगस्त से 14 अगस्त तक ही विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही चलेगी। माना जा रहा है कि राज्य सरकार इस बार सत्र में कई आवश्यक विधेयक पेश कर सकती है। वहीं, विपक्ष सरकार को कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, गन्ना मूल्य भुगतान जैसे मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

# मुख्य सचिव मनोज सिंह को सेवा विस्तार मिलने की संभावना का आज अंतिम दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एसपी गोयल व देवेश चतुर्वेदी मुख्य सचिव बनने की रेस में आगे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में मुख्य सचिव की कुर्सी पर मनोज कुमार सिंह को ही आगे मौका मिलने वाला है या कोई अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को कमान मिलेगी? इस गोपनीयता से पर्दा गुरुवार को उठ जाएगा। दरअसल, वर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

इससे पहले राज्य सरकार ने उनके एक साल के सेवा विस्तार के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा था, लेकिन अब तक केंद्र से कोई जवाब नहीं मिला है। ऐसे में सेवा विस्तार की संभावना को अब चंद घंटे और शेष हैं।

मुख्य सचिव मनोज सिंह को सेवा विस्तार नहीं मिलता, तो नए मुख्य सचिव के लिए तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं। इनमें 1989 बैच के एसपी गोयल, जो वर्तमान में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव हैं, सबसे आगे माने जा रहे हैं। इसके अलावा, 1989 बैच के देवेश चतुर्वेदी और 1990 बैच के दीपक कुमार भी दौड़ में शामिल हैं। गोयल को मुख्यमंत्री का भरोसेमंद होने के साथ काबिल अफसर माना जाता है, जबकि चतुर्वेदी केंद्र में सचिव के पद पर हैं।

### सरकार के लिए कौन होगा उपयुक्त

वैसे, उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में नियुक्तियों को लेकर हमेशा से समीकरणों का खेल देखने को मिलता है। वरिष्ठता के साथ-साथ सरकार के साथ तालमेल, प्रशासनिक अनुभव और अन्य राजनीतिक कारणों की भी इन नियुक्तियों में खास भूमिका होती है। अब देखना यह होगा कि भविष्य में सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के प्राथमिकता को मजबूत आधार देने में इनमें से कौन अफसर बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा।

## जरूरतमंद को आवास दिलाएंगे इलाज भी कराएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लगभग 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।



**गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों के सुझावों को महत्व देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की संवाद बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक हुई। बैठक में मंडल के जिलों- लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 42 विधायकों एवं 5 विधान परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित प्रमुख नव प्रस्तावित परियोजनाओं, अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



सरकारी आवास में लखनऊ मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- लखनऊ मंडल से 42,891 करोड़ रु. की अनुमानित लागत के 3,397 विकास प्रस्ताव मिले

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों के सुझावों को खास महत्व देती है। जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय अनुभव एवं स्थानीय धरातल की गहन समझ शासन को योजनाओं के निर्धारण और प्रभावी क्रियान्वयन में नई दृष्टि प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त 3,397 विकास प्रस्तावों, जिनकी अनुमानित लागत 42,891 करोड़ रु. है, पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का भूमिपूजन एवं शिलान्यास 15 सितंबर के बाद जनप्रतिनिधियों से कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले की अपनी एक अलग पहचान है, जिसे सशक्त करते हुए विकास की योजनाओं का समायोजन किया जाना आवश्यक है। हरदोई में सत्य और तप की परंपरा गहराई तक रची-बसी है। रायबरेली साहित्य, स्वतंत्रता संग्राम और लोककला की नजर से भी समृद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव में विकासपरक परियोजनाओं को स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक चेतना के साथ जोड़ते हुए समेकित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि नैमिषारण्य को केंद्र मानकर सीतापुर जिले की धार्मिक और आध्यात्मिक गरिमा अद्वितीय है। यह वह भूमि है जहां ऋषियों ने वेदों का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के कारण वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित है। यहां की जैव विविधता, तराई की कृषि संपन्नता और थारू संस्कृति इसे विशिष्ट बनाती है।

### सड़कों के निर्माण के साथ ब्लैक स्पॉट सुधारें

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए, जिससे पिक एंड चूज की संभावना न्यूनतम रहेगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग के निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी/आरयूबी, धर्मार्थ की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित काम किया जाए। साथ ही सड़कों का निर्माण और ब्लैक स्पॉट सुधार के कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराएं।

# निवेशकों की सुविधा के लिए हिंदी में भी होंगे सरकारी फॉर्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ईओडीबी की समीक्षा में सेवाओं के सरलीकरण पर जोर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में निवेशकों की सुविधा के लिए अब विभागीय फॉर्म अंग्रेजी भाषा के अलावा हिंदी भाषा में भी उपलब्ध होंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निवेश संबधी कागजी सरकारी औपचारिकताओं को अधिक सरल और द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेज़ी) स्वरूप में उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इससे निवेशकों को प्रक्रिया समझने में आसानी होगी और राज्य में निवेश के अनुभव को बेहतर किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकभवन में बुधवार को उत्तर प्रदेश में व्यापार में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को और अधिक सरल एवं निवेशकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय द्वारा गठित टास्क फोर्स की भागीदारी रही, जिसका नेतृत्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव सुश्री मीता राजीवलोचन ने किया। उनके साथ कैबिनेट सचिवालय के अपर सचिव राहुल शर्मा, डीपीआईआईटी और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन ने खास सुझाव साझा किए, जिनमें डीआईवाई (डू-इट-योरसेल्फ) वीडियो गाइड्स तैयार करना, विभिन्न क्षेत्रों में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करना, एक प्रतिक्रियाशील कॉल सेंटर की स्थापना और समस्याओं की ट्रैकिंग के माध्यम से सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना शामिल था।

# 11 जिलों में बढ़ाई जाएंगी फाइलेरिया उन्मूलन जन जागरूकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 27 जिलों में चलेगा सर्वजन देवा सेवन (एमडीए) अभियान

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जिलों के सामुदायिक रेडियो स्टेशन जन जागरुकता बढ़ाएंगे। यह प्रतिबद्धता बुधवार को संपन्न हुई संवेदीकरण कार्यशाला में सामुदायिक रेडियो अधिकारियों और रेडियो जॉकी के अधिकारियों ने दोहराई है। आगामी 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन देवा सेवन (एमडीए) अभियान प्रदेश के 27 जिलों में शुरू होगा।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि 14 सामुदायिक रेडियो स्टेशन गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, कुशीनगर, संतकबीर नगर, गोंडा, बहराइच, कानपुर नगर, कानपुर देहात, रायबरेली और सुल्तानपुर सहित विभिन्न जिलों में विशेष रूप से सूचना प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये स्टेशन समुदायों को इस बीमारी, इसकी रोकथाम और एमडीए अभियान में भागीदारी के महत्व के बारे में शिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त 2024 में जहां 340 ब्लॉकों में फाइलेरिया रोधी दवाइयां दी गई थीं, वहीं इस वर्ष का एमडीए अभियान विशेष रूप से 195 ब्लॉकों को लक्षित करेगा।

# रोबोटिक सर्जरी से कैंसर मरीजों को मिल रही जीवन के साथ शारीरिक सुंदरता की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉक्टरों ने निप्पल-स्पेयरिंग ब्रेस्ट सर्जरी और आरआईए-एमआईएनडी (रोबोटिक इन्फ्राक्लेविकुलर अप्रोच फॉर मिनिमली इनवेसिव नेक डिसेक्शन) तकनीक से गर्दन की सफल सर्जरी की है।

हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा कि कैंसर मरीज़



की सर्जरी के बाद की ज़िंदगी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना भी अस्पताल का उद्देश्य है।

सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सतीश के. आनंदन ने बुधवार को बताया कि लखनऊ की 60 वर्षीय महिला, जिन्हें दोनों स्तनों में कैंसर था। रोबोटिक तकनीक के जरिए हमने बगल के पास कुछ छोटे चीरे लगाकर अंदर से ही कैंसरग्रस्त ऊतक को हटा दिया और त्वचा व निपल को सुरक्षित रखा। ओरल कैंसर की रोबोटिक गर्दन सर्जरी करने वाले डॉ. अभिमन्यु कड़ापथ्री ने बताया कि आरआईए-एमआईएनडी तकनीक में हमने कॉलरबोन के नीचे छोटे चीरे लगाकर रोबोटिक इंस्ट्रूमेंट्स डाले और अंदर से लिम्फ नोड्स निकाल दिए। चेहरे या गर्दन पर कोई कट नहीं लगा। इस तकनीक से ओरल कैंसर का इलाज इस क्षेत्र में पहली बार किया गया है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि दो कोलोरेक्टल कैंसर मरीज़ों का इलाज रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक तकनीकों से किया।

- रोबोटिक तकनीक से डॉक्टर ने स्तन कैंसर व नेक की सफल सर्जरी की

# तीसरी बार नहीं बढ़ा पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कॉरपोरेशन ने दिया था निजीकरण प्रक्रिया में लगे नारंग का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया है। इससे कॉरपोरेशन प्रबंधन को बड़ा झटका लगा है।

ऊर्जा निगमों की निजीकरण प्रक्रिया में निधि कुमार नारंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसको देखते हुए कॉरपोरेशन ने नारंग का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। प्रस्ताव में कार्यकाल को छह माह तक बढ़ाने या नये निदेशक वित्त के कार्यभार ग्रहण तक कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, पर शासन इससे इनकार कर दिया है। बुधवार को ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव राजकुमार की ओर से कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखा गया। कहा गया है कि शासन ने कार्यकाल बढ़ाने का औचित्य नहीं पाया। नारंग का कार्य विस्तार अब संभव नहीं है। निजीकरण का विरोध कर रहे बिजली कर्मियों ने नारंग का कार्यकाल बढ़ाने की प्रक्रिया का सख्त विरोध किया था।

### बिजली कर्मियों ने लगाया नारंग पर आरोप

इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि कार्यकाल न बढ़ाये जाने का पत्र आने के बाद निदेशक वित्त नारंग ने तमाम गोपनीय दस्तावेज की फोटो कराई। इससे विभागीय गोपनीयता भंग होने की आशंका है। समिति ने इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि निजीकरण प्रक्रिया में निदेशक वित्त रहे नारंग को टेंडर मूल्यांकन समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। ऐसे में गोपनीय दस्तावेज 'लीक' होने की आशंका है।

# ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल होंगी यूपी की वंचित जातियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने ओबीसी की केंद्रीय सूची में प्रदेश की उन वंचित जातियों को शामिल किये जाने का आश्वासन दिया, जिन्हें प्रदेश की ओबीसी सूची के तहत आरक्षण मिल रहा है। आयोग के अध्यक्ष ने बुधवार को वीवीआईपी गेस्ट हाउस में पिछड़ा वर्ग विभाग व राज्य आयोग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की दिशा पर चर्चा हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य की पिछड़े वर्गों की सूची में शामिल कुछ जातियों, उपजातियों व उपनाम को अभी तक केंद्र सरकार की केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया है। इस पर राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सभी बिंदुओं को दस्तावेज रूप में संकलित कर केंद्र सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से प्राप्त सुझावों को भी यथासमय क्रियान्वयन के लिए संज्ञान में लिया जाएगा। बैठक में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

## नर्सिंग शिक्षकों को शैक्षिक योग्यता पर मिलेगी पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को अनुमन्य पदोन्नति मिलेगी, इसके लिए यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल के निर्देशों का हवाला देते हुए कॉलेज प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकों को निर्देश जारी किए हैं। स्टेट मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अमूमन सभी कॉलेजों में अनुपालन हो रहा है, बावजूद तकनीकी कारणों से किसी शिक्षक को प्रमोशन नहीं मिला है, उसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं।





नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

## फसल बीमा योजना 15 दिन और बढ़ाए केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से प्रदेश के किसानों के लिए पीएम फसल बीमा योजना 15 दिन और बढ़ाए जाने की मांग की है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और मांग को लेकर अनुरोध पत्र सौंपा। कृषि मंत्री ने 31 जुलाई को खत्म हो रही बीमा योजना के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अभी काफी किसान हैं, जो बीमा योजना का लाभ नहीं उठा सके हैं। राज्य में कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हुई है। 23 से अधिक जिलों में अत्याधिक वर्षा व आठ जिलों में कम वर्षा हुई है। इस कारण काफी किसान बीमा कराये जाने से वंचित हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस सिलसिले में सकरात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।


**सुविधा** | इस प्लेटफॉर्म से आत्मनिर्भर बन रहे हजारों कामगार, पोर्टल पर हुई 39,857 सेवा बुकिंग

# 'सेवामित्र पोर्टल' से घर बैठे मिल रही कई सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार में सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित सेवामित्र पोर्टल प्रदेश में हजारों कुशल कामगारों के लिए रोजगार का सशक्त जरिया बन चुका है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर हजारों कामगार आत्मनिर्भर बन रहे हैं, वहीं आम जनमानस को घर बैठे दैनिक घरेलू सेवाएं मिल रहीं हैं। जून 2025 तक सेवामित्र पोर्टल पर आम जनमानस द्वारा कुल 39,857 सेवा बुकिंग की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू हुए सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश 'आत्मनिर्भर प्रदेश' बन रहा है।





राज्य के नागरिक इस सुविधा को तेजी से अपना रहे हैं, इससे उन्हें प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, एसी तकनीशियन, बढ़ई, धोबी आदि जैसी दैनिक घरेलू सेवाएं घर बैठे उपलब्ध हो रहीं हैं। दूसरी तरफ कुशल कामगारों को उनके घर के नजदीक ही काम मिल रहा है, उन्हें जीविकोपार्जन के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ रहा है। साथ ही, सेवामित्र हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 155330 पर 38,49,028 कॉल्स रिसीव की गईं।

### डिजिटल आधार से कामगारों को मिला आर्थिक लाभ

योगी सरकार का यह पोर्टल योजना केवल उपभोक्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि कामगारों के लिए भी आर्थिक रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्तमान समय में 52,349 कुशल कामगार इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। जो तकनीकी या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने क्षेत्र में काम करना चाहते थे। सेवामित्र योजना ने उन्हें न केवल काम दिलाया, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता भी दी।

### जनता को मिल रही सुविधा

पोर्टल पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी है। उपभोक्ता पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए अपनी ज़रूरत की सेवा बुक कर सकते हैं और उसी के अनुसार निकटतम पंजीकृत सेवा प्रदाता को कार्य आवंटित होता है। मालूम हो कि इस पोर्टल को भविष्य में और भी सेवाओं से जोड़ने के लिए हर जिले और नगर निकाय तक इसका विस्तार किया जाएगा। इससे छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

## विदुर कुटी का 20 करोड़ रुपये से होगा विकास : जयवीर सिंह


**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर स्थित विदुर कुटी को महाभारत सर्किट के प्रमुख गंतव्यों में शामिल किया जाएगा। इसके लिए विदुर कुटी का पर्यटन विकास किया जाएगा, इसके लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि कुरुवंश के महामंत्री महात्मा विदुर की तपोस्थली विदुर कुटी का ऐतिहासिक महत्व है। विदुर कुटी के माध्यम से बिजनौर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। पर्यटन विकास में प्रवेश द्वार, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# एमबीबीएस में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को आज से देनी होगी कॉलेज की प्राथमिकताएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस व डेंटल कॉलेजों में बीडीएस प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए बुधवार शाम चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग में पंजीक्रत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को क्रमानुसार 31 जुलाई गुरुवार से 4 अगस्त तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ऑनलाइन देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी हैं, प्रथम चरण में पंजीकरण कराकर धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच उपरांत मेरिट सूची तैयार की गयी है। मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा, प्राथमिकताएं देने के बाद 5 अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित किए जाएंगे, इसके बाद अगले दिन 6 अगस्त से आवंटन पत्र डाउनलोड कर संबन्धित कॉलेजों मे प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी, प्रवेश प्रक्रिया 14 अगस्त तक पूर्ण करनी होगी।



- 5 अगस्त को सीट आंवटन के बाद कॉलेजों में शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

मालूम हो कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गठित शुल्क निर्धारण समिति ने निजी मेडिकल कॉलेज व डेंटल कॉलेजों की प्रथम वर्ष में निर्धारित शुल्क की घोषणा की कर दी है, जिसे विभाग की बेवसाइट पर लोड कर दिया गया है, ताकि किसी कॉलेज में अतिरिक्त शुल्क न लिया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में घायल हुए युवक की थमीं सांसें

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के भीटीकुर्सी निवासी इबरार (30) की छह दिन पूर्व गांव के गणेश उर्फ कल्लू, मस्तराम, झल्लू व मयंक अवस्थी से लेन-देन के विवाद में मारपीट पर इबरार घायल हो गया था। उसका चचेरा भाई सद्दाम भी मारपीट में घायल हुआ था। बुधवार को कानपुर नगर के अस्पताल में इबरार की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर सीओ सौरभ वर्मा, प्रभारी निरीक्षक हरमीत सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और छानबीन शुरू की।

### दुकानदार की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग गांव में रविवार की रात परचून दुकानदार की डंडे से पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में एसपी अरविंद मिश्रा व सीओ सदर संजय वर्मा ने जांच-पड़ताल की थी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। दुकानदार के भाई देवी प्रसाद ने गांव के कमलेश कुरील, बलजीत व विक्रम पाल पर हत्या व एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार सुबह दरोगा जितेंद्र सिंह ने कमलेश को रूरा मंडी समिति के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि आरोपी को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

### मेरा युवा भारत के तहत पौधरोपण

**राजपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र राजपुर में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद युवा मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद मारूफ ने मेरा युवा भारत माय भारत अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान चलाया। इस दौरान बीईओ संजय गुप्ता, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हाकिम सिंह यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कटियार, लिपिक अभिषेक कुमार, आरिफ अली ने पौधरोपण किया। बीईओ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में दस पौधे अवश्य लगाना चाहिए।

# यमुना से बढ़ा खतरा, गांवों में घुसा पानी

## तलहटी की फसलें जलमग्न होने से किसान खासे परेशान, प्रशासन की बाढ़ चौकियां पूरी तरह चौकन्ना

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** बांधों से चंबल में पानी छोड़े जाने से यमुना नदी उफान पर है। तलहटी में बसे गांवों के रास्तों में पानी पहुंचने से किसान फसलों को बाढ़ से बचाने की कवायद में जुट गए हैं। वहीं बेहमई में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया। यमुना नदी में बढ़ रहे जलस्तर की सूचना ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को दी।

बुधवार को सिकंदरा एसडीएम शालिनी उत्तम ने राजस्व टीमों के साथ यमुना नदी किनारे बसे जैसलपुर महदेवा गांव के समीप बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व टीमों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी। साथ ही निगरानी समिति को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मंगलवार को यमुना का जलस्तर 109.82 मीटर मापा गया था। वहीं बुधवार को पानी का स्तर बढ़कर 111.29 मीटर पहुंच गया। नदी का जलस्तर बढ़ने से महदेवा गांव की सीमा में पानी पहुंचने से किसान फसलों को लेकर चिंतित हो गए हैं।

इधर, यमुना नदी की तलहटी में किसानों की बोई गई बाजरा, ज्वार, मक्का, कुम्हेड़ा की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यमुना में बाढ़ से बीहड़ पट्टी की फसलों समेत गृहस्थी का बड़ा नुकसान होता है। साथ ही पशुओं के लिए चारे का संकट हो जाता है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से राहत शिविर बनवाने की मांग की है। सिकंदरा तहसीलदार राकेश चंद्रा ने बताया कि प्रशासन बाढ़ के हालात पर नजर रखे है। सभी संभावित बाढ़ ग्रस्त गांवों में बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। क्षेत्र की राजस्व टीमों और निगरानी समिति को सक्रिय किया गया है।


लगातार उफान भर रहा यमुना का पानी। अमृत विचार


गौहानी बांगर गांव में घुसे पानी का जायजा लेतीं एसडीएम।

### ये बाढ़ चौकियां सक्रिय

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बीहड़ पट्टी में बाढ़ से प्रभावित गांवों के लिए चार बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। गौहानी बांगर और भुपइयापुर अमराहट में राजस्व निरीक्षक सगीर अहमद, पंचायतघर बैजामऊ बांगर व प्राथमिक विद्यालय महदेवा में राजस्व निरीक्षक नथन सिंह व क्षेत्रीय लेखपालों को तैनात किया गया है। इसके अलावा राजस्व टीमें लगाई गई हैं।

### यमुना की उफान से इन गांवों में मंडरा रहा खतरा

- यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तलहटी के आसपास बसे गांवों के ग्रामीणों में बाढ़ की दहशत पैदा हो गई है। बीहड़ पट्टी में बसे गौहानी बांगर, गौहानी कछार, भुपइयापुर, हरिकिशुनपुर, भुपइयापुर अमराहट, बछाटी कछार, अमराहट, आराजी अमराहट, बैजामऊ बांगर, बैजामऊ कछार, बिछावली बांगर, बिछावली कछार, बिलासपुर बांगर, बिलासपुर कछार, अरसुन बांगर, अरसुन कछार, सिंगरौली, घटापारा, जैसलपुर महदेवा, पिचौरा, गुबार, खोजारामपुर बांगर, खोजारामपुर कछार, बिजहरा सिकंदरा बांगर, बिजहरा सिकंदरा कछार, बेहमई, गौरीरतन बांगर, गौरीरतन कछार आदि गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। लोग इंतजामों में जुटे हैं।

# विक्षिप्त महिला से रेप में 10 साल सश्रम कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** करीब सात वर्ष पूर्व भोगनीपुर क्षेत्र में विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म करने वाले को अदालत ने बुधवार को दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 10 हजार अर्थदंड लगाया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अक्टूबर 2018 में पुलिस ने भोगनीपुर चौराहे से झांसी रोड पर करीब 300 मीटर अंदर महिला के रोने की आवाज सुनी। एक युवक विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर जालौन जिले के आटा क्षेत्र के सुरहती निवासी अमित सविता पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। उसके खिलाफ आरोप पत्र पेश किए थे। इस मामले में अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह ने बुधवार को आरोपी अमित सविता को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। 10 हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर 10 माह अतिरिक्त कारावास होगा।

### छात्रा से छेड़छाड़ में तीन साल की सजा

- **कानपुर देहात।** विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र की 11वीं की छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 नवंबर 2018 की सुबह घर के सामने हैंडपंप से पानी भर रही थी, तभी मोहल्ले के संजय ने पीछे से उसकी कमर पकड़ी और अश्लीलता करने लगा। शोर मचाने मां और चाचा दौड़कर पहुंचे। एडीजे 13/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी ने संजय को 3 साल कारावास की सजा सुनाई।


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते युवा इकाई के प्रदेश मंत्री आशुतोष द्विवेदी।

## व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने अनुपम

**शिवली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्र व प्रदेश संयुक्त महामंत्री श्याम मोहन दुबे की सहमति एवं युवा इकाई के प्रदेश मंत्री आशुतोष द्विवेदी के विशेष प्रयासों से बैरी शोभन उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी मंगलवार को घोषित कर दी गई है।

सराफा व्यवसायी अनुपम प्रकाश वर्मा को अध्यक्ष, राजन वर्मा महामंत्री, अजीत तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयस गुप्ता कोषाध्यक्ष, सूर्यभानु गुप्ता उपाध्यक्ष, श्यामजी शुक्ला मंत्री, उज्ज्वल विश्वकर्मा मंत्री, सुधीर शुक्ला मंत्री, सुमित शुक्ला मंत्री मनोनीत किए गए हैं। जिलाध्यक्ष अनुभव अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# आयुष्मान में अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** डीएम की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक बुधवार को मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान जिले में आयुष्मान कार्ड संबंधी शिकायतों, उपचार संबंधी समस्याओं, कार्ड न बन पाने एवं अस्पतालों के भुगतान से जुड़ी शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में नवागत डीएम कपिल सिंह ने निर्देश दिए कि इम्पैनल हॉस्पिटलों द्वारा लाभार्थियों को समय पर समुचित उपचार मिले। यह सुनिश्चित किया जाए। इसमे किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या उपचार से वंचित करने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोल्डन कार्ड संबंधी शिकायतों का तय अवधि में निस्तारण कराएं। जिला समन्वयक को शिकायत निवारण पोर्टल पर समयबद्ध फीडबैक दर्ज करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने गांवों एवं वार्ड स्तर पर आयुष्मान मित्रों व आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर को सक्रिय रखा जाए और प्रत्येक शिकायत की ट्रैकिंग एवं फॉलोअप सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा, इम्पैनल हॉस्पिटल प्रतिनिधि, समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण करते नवागत डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

### बिना अनुमति गायब हुए तो होगी कार्रवाई

बुधवार को नवागत डीएम कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट के कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय, न्यायालय, क्रिमिनल रिकार्ड रूम, निर्वाचन आदि कार्यालयों में सफाई, अभिलेखों का रखरखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यालय वातावरण से आमजन को बेहतर सेवाएं देने में सुविधा होगी। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पत्रावलियों का सुरक्षित रखरखाव करें और महत्वपूर्ण फाइलों का डिजिटलीकरण करें। वहीं कार्यालय समय के दौरान बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### नवागत थानाध्यक्ष का स्वागत, मिला भरोसा

**कानपुर देहात।** थाना रूरा में स्थानांतरित होकर आए थानाध्यक्ष अमित शुक्ला का बुधवार को पुलिस कर्मियों व क्षेत्रवासियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। थानाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व शांति व्यस्था बनाए रखना है।

**बैठक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड दिवैर की मड़ैया विकास खंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन गुरुवार दिनांक 31/07/2025 समय सुबह 11 बजे प्राथमिक विद्यालय दिवैर की मड़ैया में सम्पन्न होगी। अतः ग्राम पंचायत दिवैर के व्यक्ति समिति के सदस्य बनना चाहते है तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

अध्यक्ष वविता निषाद
सचिव विनोद कुमार निषाद
ग्राम दिवैर की मड़ैया
तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात

## आसपास

# 72 घंटे की पैरोल पर बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल हुए अशोक चंदेल

- जिला मजिस्ट्रेट ने सजायाफ्ता पूर्व सांसद को 72 घंटे की दी पैरोल
- बेटे अजयराज सिंह का कानपुर नगर में हुआ अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सजायाफ्ता पूर्व सांसद अशोक सिंह चंदेल बुधवार को अपने बड़े पुत्र अजयराज सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। जिला मजिस्ट्रेट ने उन्हें 72 घंटे की पैरोल को मंजूरी दी है। इस दौरान उनके समर्थकों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर शोक व्यक्त किया।

अशोक सिंह चंदेल एक बार सांसद और चार मर्तबा विधायक रहे हैं। 26 जनवरी 1997 को हमीरपुर में हुए सामूहिक हत्याकांड में उन्हें निचली अदालत ने बरी कर दिया था, लेकिन इसके बाद वर्ष 2019 में हाईकोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हुई थी। तब से वह आगरा सेंट्रल जेल में निरुद्ध हैं। उनके दो पुत्रों में बड़े पुत्र अजय राज सिंह चंदेल (40) किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा था। सोमवार की रात अजयराज का लखनऊ में निधन हो गया। पूर्व सांसद अशोक चंदेल के परिजन पुत्र के अंतिम संस्कार में शामिल होने को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से मिले। जरूरी दस्तावेज पेश किए जाने के बाद डीएम ने 72 घंटे की पैरोल स्वीकृत की है। बुधवार को कानपुर नगर में अजयराज सिंह का अंतिम संस्कार हुआ।


पुत्र के अंतिम संस्कार में शामिल पूर्व सांसद अशोक सिंह चंदेल। अमृत विचार

## कैंसर पीड़ित सास को मरने को छोड़ा

**अयोध्या।** पूराबाजार विकास खंड के किशुनदासपुर के प्लॉट में वृद्धा को उसकी बहू लावारिस छोड़ गई। वह नौकरानी के साथ आधी रात ई रिक्शा में लेकर पहुंची थी। पुलिस ने उन्हें दर्शननगर के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां शाम को मौत हो गई थी।

इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। पुलिस ने सोशल मीडिया के साथ आसपास के जिलों के पुलिस थानों में फोटो भिजवाई थी। एक सप्ताह बाद बुधवार को महिला की पहचान हो गई। उसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ परिजनों को हिरासत में लिया है। वृद्धा की पहचान भगवती पत्नी बृजलाल निवासी नगवां नवाबगंज गोंडा के रूप में हुई। भगवती कैंसर से पीड़ित थीं। बताया जाता है कि उनके गले में कीड़े पड़ने लगे थे। कोतवाल मनोज शर्मा ने मुखाग्नि दी थी।

**कानून का बुलडोजर** | राजस्व विभाग की चूक पड़ी भारी, हाईकोर्ट के आदेश पर ध्वस्तीकरण

# खुद पुलिस को गिरवानी पड़ी निर्माणाधीन चौकी

- वर्ष 1986 में दो भाइयों के नाम पट्टे पर आवंटित हुई थी जमीन
- 2024 में एसडीएम कोर्ट ने ग्राम सभा में दोबारा दर्ज कराया था

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** राजस्व विभाग की चूक से कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव में निर्माणाधीन पुलिस चौकी को खुद पुलिस को ही बुलडोजर से गिरवाना पड़ा। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई।

मामला अहेर ग्राम पंचायत की 1.2140 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है। वर्ष 1986 में यह जमीन विजय कुमार व अजय कुमार पुत्रगण हरनाथ सिंह को पट्टे पर आवंटित की गई थी। समय बीता तो राजस्व विभाग की लापरवाही से यह भूमि ग्राम समाज में दर्ज हो गई। इसके बाद राजस्व विभाग की तरफ से इस जमीन को तिर्वा कोतवाली के अधीन अहेर पुलिस चौकी और वाहन यार्ड के निर्माण के लिए आवंटित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने जनसहयोग से पुलिस चौकी का निर्माण शुरू करा दिया।

इस मामले में विजय कुमार ने अपने स्वामित्व का दावा किया तो एसडीएम न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए 30 अप्रैल 2024 को संबंधित उप जिलाधिकारी के पूर्व आदेश को सही माना और जमीन को दोबारा ग्रामसभा में दर्ज करने का निर्देश दे दिया था।

इसके बाद विजय कुमार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने एसडीएम न्यायालय द्वारा जारी आदेश पर बनाई जा रही चौकी को ध्वस्त करने के आदेश दिए। स्पष्ट आदेश दिया कि इस विवादित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तीन दिन के भीतर गिराया जाए। कोर्ट के आदेश मिलते ही पुलिस ने खुद ही निर्माण को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। जेसीबी लगाकर निर्माणाधीन ढांचे को गिराया गया। यह घटना न सिर्फ राजस्व विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि बिना वैध प्रक्रिया अपनाए सरकारी निर्माण किस तरह विवादों में फंस सकते हैं।


अहेर में निर्माणाधीन पुलिस चौकी भवन को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### 8 बाइकों का किया चालान

**घाटमपुर।** कस्बा चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुराना डाकखाना रोड में 8 बाइकों का चालान किया गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज ने बगैर नंबर प्लेट वाहनों व अधूरी नंबर प्लेट वाहनों व कागजातों की चेकिंग की। इस अभियान में उदय प्रताप सिंह, एके सारस्वत व अन्य मौजूद रहे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** कस्बे के बिठूर रोड तिराहा के निकट अंडरपास पुल के समीप मंगलवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पकड़े गए युवकों के पास से चोरी की तीन बाइकें बरामद हुई हैं। उपनिरीक्षक आनंद कुमार पांडे, विजय प्रकाश सिंह, विशाल वर्मा, अंकित मिश्रा व हमराहियों ने हिमांशू निवासी ककरहा चौबेपुर, दीपक निवासी संडीला, नितेश निवासी बजरहा पुरवा चौबेपुर को संदिग्ध होने पर पकड़ा, पूछताछ में युवकों से चोरी की तीन बाइकें बरामद की।

### नाबालिग के साथ रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर 15 जुलाई को आरोपी युवक गुड़गांव भगा ले गया। जहां युवक ने किशोरी के साथ जबरदस्ती करते हुए उसका रेप किया। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार राजपूत ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत था। आरोपी युवक के विरुद्ध रेप और पाक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। आरोपी युवक अमित कुमार पुत्र विनोद कुमार केसरीपुर थाना रसूलाबाद का रहने वाला है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



घायलों को एम्बुलेंस से ले जाते लोग। अमृत विचार



बच्चे की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# टैंपो पलटने से एक की गई जान, तीन लोग हुए घायल

## चौबेपुर के अमिलिहा गांव के निकट लोहिया ग्रुप के सामने बुधवार दोपहर हुआ हादसा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** हाईवे पर क्षेत्र के अमिलिहा गांव के निकट लोहिया ग्रुप के सामने बुधवार दोपहर टैंपो का एक्सल टूट जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में टैंपो सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। जबकि चालक समेत टैंपो सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। हालत गंभीर होने के चलते दो लोगों को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के हकीम नगर गांव निवासी जितेंद्र उर्फ ढपाली बुधवार दोपहर शिवराजपुर से टेंपो में सवारियां बिठाकर कल्यानपुर जा रहा था। तभी करीब 12:30 बजे क्षेत्र के अमिलिहा गांव से थोड़ा पहले लोहिया ग्रुप के सामने हाईवे पर टेंपो के अगले पहिए का एक्सल टूट जाने से वह अनियंत्रित होकर मार्ग पर पलट गया। हादसा देख आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और टेंपो को सीधा कर उसमें फंसी सवारियों को बाहर निकाला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल टेंपो चालक जितेंद्र उर्फ ढपाली, तौफीक निवासी हकीम नगर, चौबेपुर, विष्णु विश्वकर्मा निवासी शाहपुर मल्हा, शिवराजपुर, व पायल कटियार निवासी कुर्मीखेड़ा खुर्द को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां विष्णु विश्वकर्मा (60) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल तौफीक व पायल को हैलट रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

### सांड़ के हमले से मासूम की हुई मौत



अभय।

घाटमपुर के रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरसी में एक मासूम को विगत सोमवार को साड़ ने मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में परिजनों के द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरसी गांव निवासी अतुल कश्यप का 6 वर्षीय पुत्र अभय घर के बाहर सड़क में खेल रहा था। सोमवार को इस दौरान गांव में घूम रहा साड़ वहीं से निकाला और अभय को मार दिया। जिससे उसके सीने में चोट आई थी। परिजनों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के बाद परिजन उसे घर ले आए थे। विगत रात्रि उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों मे मां विनीता देवी व भाई कृष्णा व अनुराग पिता अतुल कश्यप का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गईं।

# दबंग व्यापारी चलाता रहा लाठी लोग वीडियो बनाने में जुटे रहे

संवाददाता, बिल्हौर



युवक को पीटते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा कस्बे में एक दबंग व्यापारी ने लेनदेन के विवाद में युवक पर जमकर लाठियां बरसा दीं। मौके पर मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन से घटना का पूरा वीडियो बना लिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

शिवराजपुर क्षेत्र के साड़ी का मऊ गांव निवासी नीरज सिंह ने अपने कुछ आभूषण व्यापारी अमित वर्मा की दुकान पर रखे थे जिनकी दुकान जीटी रोड उत्तरीपुरा कस्बे में है। इसके बाद लेनदेन को लेकर अमित वर्मा के छोटे भाई सुमित वर्मा ने पीड़ित युवक से गाली गलौज शुरू कर दिया। इसका नीरज ने विरोध किया। नाराज होकर दोनों भाइयों ने नीरज को लाठियों से पीट दिया। मौके पर लोगों ने मोबाइल फोन से पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि अमृत विचार घटना के वीडियो के पुष्टि नहीं करता है।

नीरज की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। बतया जा रहा है कि अमित वर्मा व सुमित पूर्व में भारतीय जनता पार्टी में भी रहे हैं। इससे पहले एक दरोगा से विवाद में भी दोनों भाइयों का नाम सामने आया था। जिसके बाद आरोपियों की लाइसेंसी रिवाल्वर जमा करा ली गई थी।

एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। बताया जा रहा है कि दबंग आभूषण व्यापारी के द्वारा नीरज के ऊपर लाठियां चलाई जा रही थीं लेकिन कोई भी बचाने के लिए सामने नहीं आया।

### अधिकारियों ने अवैध निर्माण रुकवाया

**शिवराजपुर।** कस्बे में जगह-जगह अवैध निर्माण हो रहे हैं। नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी व लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने बुधवार को अवैध निर्माण की जांच की साथ ही कस्बे के तिराहे पर हो रहे निर्माण को रुकवाया गया।

बतायाजा रहा है कि शिवली रोड तिराहे के सामने पीडब्ल्यूडी की जगह पर एक भवन का निर्माण हो रहा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण बताकर वायरल कर दिया गया था। वीडियो को संज्ञान मे लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकायों व राजस्व निरीक्षक ने मौके पर जांच की।

## जलापूर्ति के लिए विधायक ने प्रबंध निदेशक को सौंपा पत्र

**घाटमपुर।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में "हर घर जल - हर घर नल" से जलापूर्ति शुरू कराए जाने की मांग को लेकर विधायक सरोज कुरील ने बुधवार को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक से भेंट की और पत्र सौंपा। विधायक सरोज कुरील ने कहा कि क्षेत्र की जनता को समय पर एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर है, कई गांवों में जल टंकियां बनकर तैयार हो चुकी हैं। लेकिन जल आपूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों को लगातार असुविधा हो रही है। विधायक सरोज कुरील ने कहा कि यह विषय उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कहा ब्लॉक भीतरगांव, ग्राम पतारी, ग्राम रार, ग्राम बीहूपुर, ग्राम कैथा, ग्राम कुंआखेड़ा, ब्लॉक घाटमपुर, ग्राम कटरी, ग्राम कोटरा, ग्राम मकरंदपुर, ग्राम काटर, ग्राम चितौली, ब्लॉक पतारा के ग्राम हिरनी, केवड़िया, टेनापुर, तेजपुर, बलहापारा, सतौली में जल निगम द्वारा जल्द कार्रवाई करते हुए इन गांवों में जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। कहा कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति और जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाये।

## ग्रामीणों ने रुकवाया सड़क का काम

**घाटमपुर।** पतारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेजपुर के मजरा कुंवरपुर में प्रस्तावित आरसीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फूटा और ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया।

आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में तय मानकों की अनदेखी की जा रही है। विरोध के चलते निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क की चौड़ाई पहले से ही कम रखी गई तो आने-जाने में असुविधा होगी। भविष्य में जल निकासी जैसी समस्याएं होंगी। जिला पंचायत सदस्य बबोल नागर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

## नशे में मिला वार्ड ब्वाय, पुलिस को सौंपा

**बिधनू।** सीएचसी में बुधवार ड्यूटी के दौरान एक वार्ड ब्वाय शराब के नशे में धुत मिला। जिसपर अधीक्षक ने उसे पुलिस को सौंप दिया। इसके पहले भी वार्ड ब्वाय को नशे में पाया गया है।

सीएचसी में नियुक्त वार्ड ब्वाय अनिल तिवारी अक्सर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में रहता है। बीते चार माह पहले भी एसीएमओ ने उसे शराब के नशे में ड्यूटी करते पाया था। जिसपर उसका एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद भी उस पर कोई असर नहीं पड़ा। वह अक्सर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में सीएचसी में घूमता रहता है। बुधवार दोपहर वह फिर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में मिला। इस पर सीएचसी चिकित्साधीक्षक डां नीरज सचान ने पुलिस को बुलाकर उसे थाने में बैठा दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत परिजनों ने कहा, लापरवाही बरती

संवाददाता, बिधनू



महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी के बाद बुधवार सुबह 30 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। परिजनों ने सीएचसी स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा काटा। बिधनू के औंधा रमजी पुरवा गांव निवासी कमलेश के मुताबिक बीते सोमवार रात दो बजे उनकी पत्नी पूजा (30) को डिलीवरी के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को ऑपरेशन से डिलीवरी हुई। और एक बच्ची को जन्म दिया।

देररात से उसकी हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि देररात स्टाफ नर्स को कईबार बुलाने के बाद भी नींद के चलते मरीज को समय पर देखने नहीं आई। काफी देर बाद बुलाने पर पहुंची स्टाफ नर्स ने इंजेक्शन न होने पर बाहर से इंजेक्शन लाने को कहा। जिसपर वह बाहर से इंजेक्शन ले कर पहुंचा। लेकिन बुधवार सुबह पांच बजे के करीब पत्नी पूजा की मौत हो गयी। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बिधनू चिकित्साधीक्षक नीरज सचान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही पाए जाने पर दोषियों पर कार्यवाई की जाएगी।



पूजा की फाइल फोटो।

### सेवानिवृत्ति दरोगा जयवीर को दी विदाई

**बिल्हौर।** ककवन थाने में उस समय एक भावुक और गरिमामयी माहौल बन गया जब पुलिस विभाग को अपने 41 बहुमूल्य वर्ष समर्पित करने वाले दरोगा जयवीर सिंह सेवानिवृत्ति पर विदा हुए।

थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत के नेतृत्व में पूरे थाने के स्टाफ ने मिलकर दरोगा जयवीर सिंह को एक यादगार विदाई दी। इस अवसर पर ढोल और डीजे की धुन पर पुलिसकर्मियों ने उनकी लंबी और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान किया। मंगलवार को आयोजित इस विदाई समारोह में दरोगा जयवीर सिंह को फूलों की मालाओं और सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने अपने संबोधन में दरोगा जयवीर सिंह की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और पुलिस सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। पुलिसकर्मियों ने दरोगा जयवीर सिंह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, शैलेन्द्र गिरि, देवेश मोहन, प्रेम चन्द्र, वरूण कुमार ओमवीर सहित पूरा पुलिस कर्मियों का स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम | यशराज कॉलेज में नर्सिंग व फार्मेसी विद्यार्थियों को वितरित किये गए टैबलेट

# टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

संवाददाता, चौबेपुर



टैबलेट वितरण कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को शासन स्तर से निःशुल्क मुहैया कराये जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण की कड़ी में बुधवार को मंधना क्षेत्र स्थित यशराज कॉलेजेस के नर्सिंग व फार्मेसी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गए।

संस्थान सचिव ने विद्यार्थियों से टैबलेट का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई में किए जाने की नसीहत दी। बताया कि छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण योजना चलाई जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मंधना क्षेत्र स्थित यशराज कॉलेजेस में नर्सिंग के 163 व फार्मेसी पाठ्यक्रम के 80 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गए। संस्थान के सचिव आशीष शुक्ला ने विद्यार्थियों को टैबलेट के महत्व व शिक्षण कार्य में इसके उपयोग के बाबत जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर स्वाती मिश्रा, एमडी गौरी शुक्ला, फार्मेसी विभाग प्राचार्य डॉ. सोनिया पांडे, नर्सिंग विभाग के प्राचार्य डॉ. एस बालाचंद्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मालिनी ने किया।


## कार्यालय सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड मानिकपुर-चित्रकूट

पत्रांक:मेमो / पं0-7/ पंचा0 सहा0 /चयन / विज्ञप्ति / 2025-26 दिनांक- 30/07/2025

-: विज्ञप्ति :-

जिला पंचायतराज अधिकारी महोदय चित्रकूट के कार्यालय पत्र संख्या 967/2025-प0 स0/2025-26 दिनांक 26.07.2025 एवं निदेशक महोदय पंचायतीराज उ0प्र0 के पत्र संख्या 46/2021/1235/ 33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2025 के क्रम में विकास खण्ड मानिकपुर की निम्नांकित ग्राम पंचायतों के लिए पंचायत सहायक / एकाउन्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के रिक्त पदों पर तैनती किये जाने हेतु दिनांक 28.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो जो न्यूनतम इण्टर पास हो एवं उसी ग्राम पंचायत के निवासी होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | मडैयन | अनारक्षित |
| 2 | गौरिया | स्त्रियाँ |
| 3 | नागर | अनुद्व जाति |
| 4 | किहुँनिया | अनुद्वजाति स्त्रियश्व |
| 5 | ददरीमाफी | अनारक्षित |
| 6 | कैलहा | अनारक्षित |
| 7 | बसिला | पिछडे वर्ग स्त्रियाँ |
| 8 | सरहट | पिछड़ा वर्ग |

आवेदन की प्रक्रिया-ग्राम पंचायतवार व वर्गवार अवशेष एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज की वेबसाइट www.panchayatirajup.nic.in पर उपलब्ध है। निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनायें अभ्यर्थी दिनांक 16.08. 2025 तक अपने आवेदन पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 दिनांक 25.07.2021 के दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**सहायक विकास अधिकारी (पं0) मानिकपुर**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी

## भूमि अधिग्रहण की धारा थ्री ए का प्रकाशन करने के साथ एनएचएआई ने मांगी लोगों से आपत्तियां भी

**हमीरपुर समानांतर हाईवे**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित फोरलेन समानांतर हाईवे के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण की धारा थ्री ए का प्रकाशन कर दिया है। इसी के साथ उन भू स्वामियों से आपत्तियां मांगी गई हैं जिनकी भूमि का अधिग्रहण होना है या फिर जिन्हे इस प्रोजेक्ट को लेकर किसी तरह की आपत्ति है। आपत्तियों के निस्तारण भू अध्याप्ति विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कानपुर इकाई के अधिकारी मिलकर करेंगे। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की धारा थ्री डी का प्रकाशन होगा। इसके साथ ही किसानों से भूमि लेने और मुआवजे के वितरण का काम शुरू हो जाएगा।



हमीरपुर हाईवे के नौबस्ता चौराहे पर रोज लगता है जाम। अमृत विचार

कानपुर- हमीरपुर- सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के समानांतर फोर लेन हाईवे के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा नामित कंसलटेंट दो माह पहले ही डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की भूमि अधिग्रहण समिति को भेज चुका है। इस प्रोजेक्ट रिपोर्ट को प्राथमिक मंजूरी मिल चुकी है। पर्यावरण मंत्रालय भी प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे चुका है। अब प्रोजेक्ट रिपोर्ट को फाइनल मंजूरी मिलना शेष है। यह कार्य भी अगस्त में होने की पूर्ण उम्मीद है। इसी कड़ी में प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी है। भू स्वामी भी आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। कानपुर नगर, हमीरपुर और महोबा जिले की भूमि का अधिग्रहण होना है। कुल 78 गांवों की भूमि का अधिग्रहण होना है। इनमें कानपुर की 49, हमीरपुर की 19 और महोबा के 10 गांवों की भूमि ली जानी है। इसके निर्माण में करीब 3900 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

| | |
|---|---|
| **112** किलोमीटर होगी हाईवे की लंबाई | **78** गांवों की भूमि का अधिग्रहण होना है |
| **04** लेन हाईवे बनने से खत्म होगी जाम की समस्या | **39** सौ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान |

### भोपाल से लखनऊ तक आवागमन होगा आसान

- महोबा के कबरई से छतरपुर होते हुए भोपाल तक यह हाईवे बन रहा है। कबरई से हमीरपुर, कानपुर के रमईपुर तक इसे बनाया जाएगा। चूंकि यह रमईपुर में रिंग रोड से जुड़ जाएगा। ऐसे में लखनऊ तक आवागमन आसान हो जाएगा। इसकी लंबाई 112 किलोमीटर होगी। अभी दो लेन हाईवे होने की वजह से जबरदस्त जाम लगता है क्योंकि हर दिन 50 हजार से अधिक मौरंग और गिट्टी लदे डंपर और ट्रक गुजरते हैं। हर दिन एक लाख से अधिक छोटे – बड़े वाहनों का आवागमन इस हाईवे पर होता है। हालत यह है कि यमुना पुल, घाटमपुर, सजेती, बिधनू, रमईपुर, नौबस्ता आदि जगहों पर जबरदस्त जाम भी लगता है।

> भूमि अधिग्रहण संबंधी अधिसूचना थ्री कैप्टिल ए का प्रकाशन कर दिया गया है। आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद थ्री डी का प्रकाशन किया जाएगा।
>
> **-पंकज यादव, परियोजना निदेशक एनएचएआई**

**सिटी ब्रीफ**

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज शहर में



**कानपुर।** गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रात: 09 :25 बजे तुलसी उपवन, मोतीझील में मानस संगम द्वारा आयोजित 44वें तुलसी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। प्रात: 10 .10 बजे कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### बाजारों में किया जनसंपर्क

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल ने बाजारों में जनसंपर्क किया। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने बारदाना व्यापार मंडल, कलक्टरगंज संयुक्त व्यापार मंडल, मोबिल आयल मार्केट, चाय व्यापार मंडल, हुलागंज व्यापार मंडल, श्री बर्तन कमेटी भूसा टोली के व्यापरियों से संपर्क किया। 3 अगस्त को दिल्ली में होने वाले व्यापारी सम्मेलन का आमंत्रण दिया गया। बाजार संपर्क कार्यक्रम में कृपा शंकर त्रिवेदी, राकेश सिंह, रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, ईश्वर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# लॉयर्स चुनाव : मतदान तिथि पर असमंजस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एल्डर्स कमेटी का अधिकृत पत्र प्राप्त होने पर ही होगी घोषणा**
- **सभी नामांकन प्रपत्र मिले वैद्य, आज होगी नाम वापसी**

**अमृत विचार।** कानपुर लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव में दो दिन नामांकन के बाद बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। जिसमें सभी 73 प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र वैध मिले। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने बताया कि अब गुरुवार 31 जुलाई को नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। प्रत्याशी शाम चार बजे तक लाइब्रेरी हाल में प्रार्थना पत्र देकर नाम वापस ले सकते हैं। वहीं बुधवार को मतदान तिथि को लेकर चर्चा होती रही और कयासों का दौर चला। 11 अगस्त को मतदान के दावे होते रहे, लेकिन मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अभी मतदान तिथि को लेकर एल्डर्स कमेटी से अधिकृत पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दो दिन में स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी।

कचहरी परिसर में दो दिन नामांकन प्रक्रिया के दौरान जुलूस निकला और जमकर पर्चियां उड़ाई गईं। बुधवार को भी प्रत्याशियों के समर्थक टोली बनाकर कचहरी परिसर में घूमते दिखे। चैंबरों पर जाकर वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया और समर्थन का मांगा।

दिनभर चैंबरों पर वकीलों का आना और जाना लगा रहा। दोपहर बाद मीटिंग हॉल समेत अन्य स्थानों पर प्रत्याशियों की समर्थक संग बैठकें भी हुई। जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

### सख्ती से आचार संहिता का पालन हो

- एल्डर्स कमेटी ने प्रत्याशियों को सख्ती से आचार संहिता का पालन करने का निदेश दिया है। हालांकि नामांकन के समय प्रत्याशियों ने आचार संहिता पालन का वचन पत्र जमा किया है। लेकिन नामांकन जुलूसों में प्रत्याशियों के समर्थकों ने उसका पालन नहीं किया। समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और तख्तियां लेकर घूमे। मुख्य चुनाव अधिकारी से बताया कि 2022 के बाद से चुनाव में आचार संहिता पालन की स्थितियों में सुधार आया है। कमेटी के पास कोई ऐसा साधन नहीं है जिससे आचार संहिता का पालन कराया जा सके। उल्लंघन के मामले संज्ञान में आने पर विचार होगा।



इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का उद्घाटन करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# कांशीराम में एक रुपये के पर्चे पर लीजिए इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जिलाधिकारी ने किया इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का उद्घाटन**
- **न्यूनतम दर पर 108 प्रकार की जांचें भी कराई जा सकतीं**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने माननीय कांशीराम स्मारक चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का शुभारंभ किया। यहां 1 रुपये का पर्चा बनवाकर रोगी इलाज करा सकेंगे। इसी पर्चे पर 108 प्रकार की जांच भी न्यूनतम दर पर कराई जा सकेंगी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने उद्घाटन करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सस्ता, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में संतोषजनक प्रगति हो रही है और विभाग लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। ये पहल मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का उदाहरण के साथ ही सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की ओर एक मजबूत कदम है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में जहां 2500 रुपये में जांच होती हैं, अब यहां वही सुविधाएं मात्र न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध हो जाएंगी। यहां 108 प्रकार की जांच एक ही स्थान पर न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होंगी जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। विशेष रूप से गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इसका अधिक लाभ मिलेगा।

### लैब की प्रमुख विशेषताएं

- कम रक्त सैंपल से अधिकतम जांच
- 24 घंटे लैब खुली रहेगी, 2-3 घंटे में रिपोर्ट मिलेगी।
- पीएचसी/सीएचसी तक रिपोर्ट तत्काल भेजी जा सकेगी।
- 1 रुपये की ओपीडी पर्ची से सस्ती, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा
- 108 प्रकार की जांचें न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होंगी।


10 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर

सारिम आई केयर हॉस्पिटल

बिना टाँका, बिना पट्टी फेको विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण



डॉ. काशिफ महताब
M.B.B.S., M.S. (EYE)
AMU Phaco, Glaucoma LASIK Surgeon

20000 से अधिक फेको मोतियाबिन्द आपरेशन का अनुभव

- PM आयुष्मान योजना CGHS की सुविधा उपलब्ध है
- CM पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस योजना
- TPA / Health insurance कैशलेस सुविधा उपलब्ध हैं

पता (1): 176ए/4 गंगा विहार, Swan Tower Apartment के सामने, गल्ला गोदाम चौराहे के पास, जाजमऊ, कानपुर
(समय- प्रात: 11 से 2.30 बजे तक)
पता (2): 105/37 ए, गुरुद्वारा के पास, प्रेम नगर, कानपुर
(समय- सायं 5 से 8 बजे)
मो:- 8687582145,9389721497,8931924420

20 MINUTS
केवल २० मिनट में

चश्मा और कान्टैक्ट लेंस को कहें अलविदा।



- ब्लेड मुक्त लेज़र सर्जरी
- अस्पताल में रुकने की कोई आवश्यकता नहीं
- सभी लेज़िक सुविधाएँ उपलब्ध

किसी भी मौसम में सुरक्षित
कैटरैक्ट सर्जरी
चाहे बारिश हो या धूप !
नवीनतम तकनीक और IOLS के साथ।
अपना अपॉइंटमेंट आज ही बुक करें।
Monofocal, EDOF, Multifocal, Toric



डॉ. संगीता शुक्ला
MBBS, MS Associate Director
Dept.of Ophthalmology
Regency Health, Kanpur

Regency OPD: 10.30am to 1.30pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Clinic: 2:00pm to 6:00pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Apartment, Swaroop - Nagar (Near LLR Metro Station), Kanpur
Call: +91 9919249414, +91 8853219725

## सिटी ब्रीफ

### जाजमऊ पुल के नीचे मिला वृद्ध का शव

**कानपुर।** जाजमऊ में बीमा चौराहा पुल के नीचे बुधवार सुबह वृद्ध का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव की शिनाख्त का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग की उम्र की 65 वर्ष के आसपास होगी। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी। शव की शिनाख्त कराई जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि बुजुर्ग को पुल के नीचे पहले भी देखा गया है।

### श्रद्धांजलि सभा की

**कानपुर।** अंसार यूथ फेडरेशन की ओर से बाबा-ए-कानपुर चौधरी जिया उल इस्लाम की पांचवीं बरसी पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके द्वारा अधूरे शिक्षा के कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। बुधवार को मेस्टन रोड पर गुफरान अहमद चांद की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा हुई जिसका संचालन अब्दुल्लाह चौधरी ने किया। मौलाना साद नदवी ने कुरानपाक की तिलावत की। साजिद सर ने विचार रखे। हाजी अफजाल अहमद, हाजी अख्तर कमाल, हाजी हारुन गुड्डू, वकील अहमद, उस्मान कुरैशी, आरफीन अंसारी आदि थे।

### 95 फीसदी शिकायतों का निस्तारण

**कानपुर।** आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली 95 फीसदी शिकायतों का समाधान औसतन 72 घंटे के भीतर किया गया है। यह दावा नगर निगम ने किया। इसके साथ ही सीएफसी केंद्रों पर आने वाली 1478 शिकायतों में से 1463 का निस्तारण 3 कार्य दिवस के भीतर किया गया। बताया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतो और निस्तारण की गहन मानीटरिंग की जाती है।

# पनकी में पुलिस चौकी से भागे युवक का शव पटरी पर मिला

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप, चौकी में था तो रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा

- पनकी एमआईजी चौकी पुलिस ने क्यों पकड़ा, चौकी से क्यों भागा, कुछ पता नहीं
- भाई ने कहा, पुलिस ने नहीं दिया सवालों का जवाब, मौत का कारण स्पष्ट नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी के एमआईजी चौकी में बैठे रायबरेली के 35 वर्षीय युवक राजेंद्र का शव बाद में पनकी पड़ाव स्थित 86 नंबर क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। भाई का आरोप है कि चौकी से फोन आने पर वह उसे लेने पहुंचे तो बताया गया कि वह चौकी से भाग गया है। फिर पुलिस ने बताया कि डाउन लाइन पर उसका शव मिला है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम भेज दिया, लेकिन मौत के सवालों का जवाब नहीं दिया। उसे चौकी में क्यों बैठाया गया, वह भागा क्यों, मौत कैसे हुई, कुछ नहीं पता। रोते-बिलखते परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया है। घटना का एडीसीपी ने संज्ञान लिया है।



राजेंद्र।

रायबरेली गुरुबख्शगंज के ठकुराइन खेड़ा बाजार निवासी राम आसरे का 35 वर्षीय बेटा राजेंद्र इटावा स्थित एक फैक्ट्री में ठेकेदार सुरेश के अंडर में काम करता था। परिवार में पत्नी गीता व चार बच्चे हैं। छोटे भाई पिंटू ने बताया कि सोमवार रात राजेंद्र घर आने के लिए इटावा से निकले थे। देर रात पनकी स्टेशन पहुंचे थे। रात में ही उनके पास ठेकेदार का फोन आया कि राजेंद्र मोबाइल भूल गए हैं और उन्हें पनकी के एमआईजी चौकी की पुलिस ने पकड़ा है। वह चौकी में ही बैठा है। इसके बाद चौकी से सिपाही का फोन आया कि राजेंद्र यहां है, उसका आधार लाकर दिखाओ और ले जाओ। उसने सुबह आने की बात कही और मंगलवार दोपहर वह भाभी के साथ चौकी पहुंचे तो बताया गया कि राजेंद्र चौकी से भाग गया है। आधे घंटे बाद पुलिस ने आकर बताया कि पनकी पड़ाव के पास लाइन पर एक शव मिला है और पहचान के लिए फोटो दिखाई। जब उसे मौके पर ले गए तो शव देखकर पहचान लिया। पुलिस ने उसके भाई की मौत पर किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। सिर्फ इतना बताया कि ट्रेन की चपेट में आया है। पिंटू के बताया कि चौकी में उनके भाई को किस मामले में बैठाया गया, फिर भागा क्यों। 12 घंटे में ऐसा क्या हुआ कि वह चौकी में रहा, फिर स्टेशन पर मृत मिला। पुलिस कुछ नहीं बता रही है। डीसीपी कपिलदेव सिंह ने बताया कि युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। परिजनों का आरोप है कि युवक को चौकी में बैठाया गया था। उनके आरोपों की जांच कराई जाएगी।

# पुलिस को देखकर युवक तिमंजिले से कूदा, मौत

- पति-पत्नी के बीच हुई थी मारपीट सूचना पर पहुंची थी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज में मंगलवार देरात दंपती में मारपीट हो गई। पत्नी की सूचना पर पुलिस पहुंची तो पति मकान के तीसरी मंजिल पर चढ़ गया और छलांग लगा दी। पुलिस कर्मी घायल को पहले केपीएम फिर हैलट ले गए। जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार महिला ने पहले भी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, फिर जमानत करायी थी।

बिरहाना रोड के पीली कोठी निवासी 45 वर्षीय अवधेश मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी रूपा और दो बच्चे बेटी गुल्लू व बेटा रोहन है। चचेरे भाई धर्मेंद्र ने बताया कि मंगलवार रात अवधेश शराब पीकर आया था। किसी बात पर पति-पत्नी में विवाद और मारपीट हो गई। इस पर रूपा ने पुलिस को सूचना दे दी। 1090 पर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अवधेश को मकान से नीचे बुलाया। डर के कारण अवधेश ने नीचे आने से मना कर दिया। इस पर पुलिस उसे पकड़ने के लिए सीढ़ियों से चढ़कर ऊपर जाने लगी तो अवधेश ने पत्नी व बच्चों को धक्का दे दिया और खुद तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। वहीं से उसने नीचे छलांग लगा दी। यह देखकर पुलिस कर्मी घबरा गए और तुरंत उसे लेकर केपीएम अस्पताल भागे। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताकर हैलट रेफर कर दिया। हैलट में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धर्मेंद्र के अनुसार चार साल पहले भी अवधेश ने पत्नी रूपा को झुलसा दिया था। इस पर उसने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद उनके बीच समझौता हो गया और रूपा ने ही पति की जमानत कराई थी। कलक्टरगंज एसीपी आशुतोष सिंह ने बताया कि दंपती के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी।



जलकल विभाग में बैठक करते कर्मचारी। अमृत विचार

# ग्राम पंचायत सचिव की संपत्ति की जांच हो

**कानपुर।** संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन का आरोप है कि विकास भवन में पंचायत राज विभाग में कार्यरत भ्रष्टाचार के आरोपी रिश्वत लेते धरे गए ग्राम पंचायत सचिव 16 वर्षों तक सफाई कर्मियों का शोषण करता रहा। ऐसे सचिव की संपत्तियों की जांच होना चाहिए।

जलकल विभाग में यूनियन के अध्यक्ष सुनील सुमन की अध्यक्षता में बैठक हुई। यूनियन के संरक्षक बीएल गुलाबिया ने बताया कि कानपुर नगर के विकास भवन में पंचायत विभाग में विगत 16 वर्षों से अवैध रुप से सम्बद्ध ग्राम पंचायत सचिव ने महिला दिव्यांग कर्मचारी को भी नहीं बख्शा जिसने हिम्मत करके एंटी करेप्शन विभाग के माध्यम से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़वाया। उन्होंने कहा कि पंचायत राज के डीपीआरओ को भी हटाया जाना चाहिए।

# टीचर चेन दे देतीं तो बेटा जिंदा होता

**कानपुर।** दादानगर कॉलोनी निवासी छठवीं के छात्र स्वास्तिक ने मंगलवार फांसी लगा ली थी। बुधवार को नजीराबाद हिंदू कब्रिस्तान पर एकलौते बेटे का शव दफनाते समय परिजन फफक पड़े। पिता ऋषि शर्मा व मां पूजा ने कहा कि अगर शिकायत करने के बाद शिक्षिका चेन वापस कर देतीं तो उनके बेटे की जान बच जाती। वहीं गोविंदनगर थाना प्रभारी ने बताया कि अगर तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि चेन पहनकर स्कूल पहुंचे स्वास्तिक को टीचर ने डाटा और चेन जब्त कर ली थी। इससे डरकर 11 वर्षीय स्वास्तिक ने घर लौटकर दरवाजे के कुंडे से फांसी लगा ली थी। इससे उसकी मौत हो गई थी।

# सीढ़ियों से गिरने से महिला की मौत पति पर हत्या का आरोप लगाया

- मायके वालों ने आरोप लगाया कि पति ने पीछे से धक्का दिया
- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की जांच, परिजनो में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी के सनिगवां में सीढ़ी से गिरकर महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई ने पति पर छत से नीचे फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। आरोपों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

मूलरूप से फतेहपुर के शाहजहांपुर मंझले गांव निवासी राजू पासवान सनिगवां के गोल चौराहा के पास स्थित मकान में किराए पर रहते हैं। परिवार में 27 वर्षीय पत्नी आरती देवी व चार बच्चे साहिल, सलोनी, लक्ष्मी व परी हैं। राजू के अनुसार उनके साथ उनका भाई बच्चन भी रहता था। राजू ने बताया कि 29 जुलाई की सुबह पांच बजे पत्नी लकड़ी की सीढ़ी से छत से उतर रही थी, तभी पैर फिसलने से वह नीचे मौरंग पर जा गिरी। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे आरती के भाई अमित ने बताया कि बहन को जीजा ने छत से धक्का देकर गिराया है। इसके बाद वह उसे अस्पताल भी नहीं ले गए। जिस कारण आरती की रात में ही घर पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम भेज गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक परिजनों ने तहरीर भी नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

# खराब मिला सीसीटीवी कैमरा, जांच में जुटी पुलिस

- नौबस्ता में युवक का शव टब के अंदर मिला था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में मंगलवार सुबह घर में मृत मिले एल्युमिनियम कारीगर की मौत डूबने से नहीं हुई थी। शरीर पर तीन चोटें मिली हैं। जिसमें एक गंभीर चोट सिर पर बाकी पीठ व पैर में हैं। पुलिस के अनुसार उसके घर में पहले से दो व्यक्ति मौजूद थे, इसकी पुष्टि नहीं हुई। घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खराब मिले हैं। वहीं अन्य किराएदारों ने बाहरी व्यक्ति के आने से मना किया है।

यशोदानगर निवासी एल्युमिनियम राजन वर्मा का शव सुबह उनकी पत्नी ने टब में पड़ा देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी। वहीं राजन की बेटी ने घर में पहले से मौजूद दो व्यक्तियों पर मारपीट कर भागने की बात भी बताई थी। मूलरूप से सीतापुर निवासी राजन के परिजनों ने बताया था कि पहली पत्नी से तलाक होने पर उसने दूसरी शादी मुस्लिम युवती चांदनी से की थी। परिजनों ने उस पर ही संदेह जताया था। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर से चोटों की जानकारी ली जाएगी। पूछा जाएगा कि क्या शव पर मिलीं चोटें इतनी गहरी हैं कि जानलेवा साबित हों। वहीं, राजन के घर के आसपास एक जगह ही सीसीटीवी कैमरा लगा है। वह भी खराब है। जिससे कोई फुटेज नहीं मिला है। वह जिस मकान में परिवार के साथ रहता था। उसमें मकान मालिक के अलावा दो और किराएदार हैं। उन्होंने किसी ने भी बाहरी के आने की जानकारी से मना किया है। राजन की बेटी ने बताया है कि मछरिया के पास रहने वाले दो लोगों से पिता की मारपीट हुई थी। अब वहां के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।



घंटाघर के पास बारिश से जलभराव।



नौबस्ता सत्य हॉस्पिटल से खाड़ेपुर जाने वाली सड़क टूटी है। उस पर पानी भरा है।

# कई क्षेत्रों में जलभराव, गड्ढों ने मुसीबत बढ़ाई

- बुधवार दोपहर हुई तेज बारिश, मोतीझील के आस-पास भी भरा पानी
- नगर आयुक्त ने वर्षा के दौरान जलभराव स्थलों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार दोपहर को तेज बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। मोतीझील के साथ ही दक्षिण के कई क्षेत्रों में भी जलभराव हुआ। जहां खोदाई है वहां बारिश से दिक्कत खड़ी हो गई। बरसात के तुरंत बाद नगर निगम की टीम जलभराव को देखने निकली। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जोन-1 और जोन-4 सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर संभावित जलभराव की स्थिति का आकलन किया गया और जरूरी निर्देश दिए।

डीएवी कॉलेज के बाहर फुटपाथ के किनारे जलभराव की स्थिति पाई गई। बिरहाना रोड, विशेषकर भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने जलभराव देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा मोटर पंप लगाकर तत्काल जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि इस क्षेत्र में से दीर्घकालिक समाधान हेतु जल निकासी तंत्र का स्थायी तकनीकी परीक्षण किया जाए।

फूलबाग क्षेत्र में भी जलभराव हुआ। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जूही खलवा पुल भी पहुंचे। यहां पर पूर्व से स्थापित मोटर एवं पंप की कार्यशीलता की समीक्षा की। नगर आयुक्त ने कहा कि वर्षा के दौरान पंप को समयबद्ध रूप से प्रारंभ कर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। संबंधित स्टाफ नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अभियंता, जोनल स्वच्छता अधिकारी साथ में रहे।

# बुक कराकर ऑटो और नकदी लूटकर भाग निकले बदमाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर से पनकी गोपालपुर के लिए ऑटो बुक कराई और चालक को मारपीट कर लूट ली। बदमाशों ने 2250 रुपये व मोबाइल भी लूट लिया। पीड़ित चालक ने लूटपाट की सूचना पनकी पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

विजयनगर निवासी जगमोहन मिश्रा ऑटो चलाक है। जगमोहन ने बताया कि बुधवार भोर पहर उन्होंने घंटाघर से तीन युवकों को पनकी के गोपालपुर के लिए बैठाया था। युवकों ने 450 रुपये में ऑटो बुक कराया था। सुबह करीब पांच बजे वह गोपालपुर पहुंचने वाले थे, तभी तीनों युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। उनके जेब से मोबाइल और 2250 रुपये भी छीन लिए। शोर मचाया तो दो लोगों ने गला और मुंह दबा दिया। इसके बाद फिर पीटा और ऑटो से नीचे गिरा दिया। इसके बाद ऑटो लेकर फरार हो गए। जगमोहन के अनुसार इसके बाद वह पैदल ही गोपालपुर चौकी पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पनकी एसीपी शिखर ने बताया कि घंटाघर से गोपालपुर के बीच के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सर्विलांस टीम भी लगाई है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### ठगों ने उड़ाए 40 हजार

**कानपुर।** कल्याणपुर के इंद्रानगर निवासी संदीप कुमार अग्निहोत्री के अनुसार उनके मोबाइल पर दोस्त का मैसेज आया कि मुसीबत में हूं, तत्काल 45 हजार रुपये भेज दो। मैसेज दोस्त के मोबाइल नंबर से आया था, इसलिए बगैर सोचे-समझे तुरंत उसी नंबर पर 40 हजार रुपये पेटीएम के जरिए ट्रांसफर कर दिया। संदीप के अनुसार उसके खाते में केवल 42 हजार ही थे। यही बताने के लिए उसने अपने मित्र को फोन किया। तब ठगी का पता चला।

# कानपुर की कई ट्रेनों के रूट में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर किये जा रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण कई गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन, रेग्युलेशन तथा री शेड्यूलिंग करने का निर्णय लिया गया है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04189 गोविंदपुरी-अलीगढ़ एवं 04190 अलीगढ़-गोविंदपुरी स्टेशन 31 जुलाई से 5 अगस्त तक हाथरस तक चलेगी। गाड़ी संख्या 6415 दिल्ली-अलीगढ़ 5 अगस्त 2025 महरावल तक चलेगी। गाड़ी संख्या 12419 लखनऊ-नई दिल्ली 5 अगस्त को 100 मिनट देरी से रवाना की जाएगी। गाड़ी संख्या 12815 पुरी-आनंद विहार 3 अगस्त 75 मिनट एवं 5 अगस्त को 60 मिनट देरी से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 12323 हावड़ा-बाडमेर 2 अगस्त को एनसीआर जोन में 75 मिनट रोकी जाएगी।

# चेकिंग अभियान चलाया गया

**कानपुर।** मंडल रेल प्रबंधक झांसी दीपक कुमार सिन्हा के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के द्वारा झांसी, उरई, भीमसेन तक ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। कई ट्रेनों में 37 बेटिकट यात्री मिले जिनसे 10,675 रुपए जुर्माना वसूला गया।

# छेड़खानी में एक शोहदा गया जेल, दूसरे की तलाश

- चकेरी में बीबीए छात्रा से छेड़छाड़ का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में बीबीए छात्रा से छेड़खानी में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा है। दूसरे की तलाश में पुलिस जुटी है। छात्रा ने दो शोहदों पर बैडटच व छेड़खानी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चकेरी निवासी छात्रा के अनुसार वह रूमा स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस को बताया था कि सनिगवां अन्ना चौराहा निवासी शशांक अपने दोस्त आकाश के साथ कई माह से उसे परेशान कर रहा है। कॉलेज के बाहर खड़े होकर और आते-जाते समय छेड़छाड़ करते हैं। कई बार बैडटच भी कर चुके हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसका मोबाइल नंबर कहीं से हासिल कर उसके नाम पर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बना लिया। जिस पर उसकी एडिट फोटो अपलोड करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों का सुनीता नामक महिला भी साथ दे रही है। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि शशांक को सनिगवां गायत्रीनगर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस मामले में आकाश और सुनीता की तलाश की जा रही है।

## विकास की राह

### भरे जाएंगे गड्ढे भी, नगर निगम निधि के 14 करोड़ से 191 कार्य होंगे, टेंडर जारी

# 178 .6 किमी . सड़कों के निर्माण पर खर्च होंगे 124 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम शहर में 178.6 किमी. सड़कों के निर्माण में 124.7 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। नगर निगम निधि और 15वें वित्त आयोग के पैसे से सड़कों की मरम्मत के साथ ही नाली निर्माण, सौंदर्यीकरण, जलापूर्ति, पार्क, प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के लिए भी टेंडर जारी होंगे। होगी। नगर निगम के अनुसार बरसात के बाद कार्य शुरू हो जाएंगे और त्योहारों के आते-आते शहर की सड़कों को राहगीरों के लिए बेहतर कर दिया जाएगा। बुधवार को पहले चरण में 14 करोड़ से होने वाले 191 विकास कार्यों के टेंडर मांग लिए गए हैं, 12 अगस्त को निविदा पड़ेगी।

नगर निगम का दावा है कि नगर के मुख्य एवं संपर्क मार्गों पर 132.4 किमी. सड़कों की मरम्मत कराई गई है। जिनमें कच्चे और पक्के दोनों श्रेणियों के पैच वर्क कार्य शामिल हैं। बड़े स्तर पर चल रहे पैच वर्क अभियान में प्रमुख बाजार, अस्पतालों, विद्यालयों व धार्मिक स्थलों के पास स्थित सड़कों को प्राथमिकता दी गई। नगर की सड़कों को मजबूत करने व यातायात दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होंगे। इससे पहले नगर निगम पिछले 15 दिनों में 37.52 करोड़ की 47 निविदाएं आमंत्रित कर चुका है, इसमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण, सौंदर्यीकरण समेत कई कार्य शामिल हैं। नगर निगम के अनुसार शहर में खराब मार्ग प्रकाश को ठीक किया जा रहा है। 1 महीने के अंदर 3000 तक स्ट्रीट लाइट ठीक करवाई गई हैं। प्रमुख उद्यानों व पार्कों का चयन कर उनके सौंदर्यीकरण के लिए 46 टेंडर आमंत्रित किए गए। इनमें 16 पार्कों में कार्य शुरू हो गए हैं।



मैनावती मार्ग उखड़ा पड़ा है। अमृत विचार

**66.83** करोड़ रुपये से भी हो रहे विकास कार्य

**132.4** किमी मुख्य-संपर्क मार्गों पर मरम्मत

**16** पार्कों में सुंदरीकरण कार्य शुरू हो गए हैं

### 95 फीसदी घरों से उठ रहा कूड़ा

नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए नगर आयुक्त निरीक्षण कर समीक्षा कर रहे हैं। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के वार्डों की संख्या बढ़ी है। वर्तमान में 110 वार्डों में से 105 वार्डों में डोर-टू-डोर कलेक्शन लागू है जो 95 फीसदी है। जीपीएस युक्त वाहनों से निगरानी की जा रही है।

> शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं देने का प्रयास जारी है। सड़कों व अन्य विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा रहे हैं। कुछ कार्य हो रहे हैं और कुछ जल्द ही शुरू होंगे। नगर निगम ने नगरीय सेवाओं को पारदर्शी, सेवा वितरण की समयबद्धता के लिए हम कार्य कर रहे हैं।
> 
> **- सुधीर कुमार, नगर आयुक्त**

# पनकी स्टेशन पर हेल्थ यूनिट खोलें

- नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन की बैठक हुई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 50 प्रतिशत से अधिक महंगाई भत्ता होने के बाद रनिंग स्टाफ के किमी. भत्ते में 25 प्रतिशत इजाफा किया जाए। गेटमैन प्वाइंट मैन से 12 घंटे के बजाय 8 घंटे ड्यूटी समय तय हो। पैरामेडिकल स्टाफ की कमी दूर की जाए, पनकीधाम स्टेशन पर हेल्थ यूनिट खोला जाए, सिग्नल विभाग में फेलियर अटेंड करने के लिए फ्लाइंग गैंग की व्यवस्था हो। बुधवार को नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन की इंजीनियरिंग शाखा परिसर में हुई बैठक में ये मांगें की गईं।

मुख्य अतिथि एआईआरएफके महामंत्री एवं एनसीआरएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के नियुक्त नहीं होने पर सरकार की नीयत पर संदेह है। सरकार को जल्द से जल्द आयोग का गठन करना चाहिए। केंद्रीय अध्यक्ष ने मार्च के महीने में संसद में पारित वित्त विधेयक में वर्तमान पेंशनरों का आठवें वेतन आयोग में लाभ से वंचित करने की घोर निंदा की। संचालन मेंस यूनियन के महामंत्री आरडी यादव ने किया। शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, जियाउल हक, मनोज त्रिपाठी, डीएस यादव, मनोज हठी, महेंद्र यादव, अनूप यादव, महेंद्र सिंह, समर बहादुर, विक्रम सिंह, मनोज त्रिपाठी थे।



रेलवे कर्मियों को संबोधित करते शिव गोपाल मिश्रा। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

## आरोग्य सेविकाओं को दीं सिलाई मशीनें

**कानपुर।** बिठूर के ग्राम बहरामपुर में आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया की आरोग्य सेविकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए अनुभव फाउंडेशन, दिल्ली ने पांच सिलाई मशीन वितरित की। रांची केंद्र से आए केंद्रीय मार्गदर्शक डॉ.मुकुल भाटिया ने देश के 19 राज्यों में एकल आरोग्य के द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। सिलाई मशीन के बाद फर्स्ट एड बॉक्स भी प्रदान किए गए। फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग के विषय में डॉ. उमेश पालीवाल ने आरोग्य सेविकाओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान एकल आरोग्य ग्राम संगठन संभाग अध्यक्ष अवध बिहारी, सचिव बद्री प्रसाद, आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के ट्रस्टी डॉ.उमेश पालीवाल, झारखंड महिला समिति कोषाध्यक्ष मंदिरा गोगोई रहे।

## आयुध निर्माणियों में बने उत्पाद पसंद आए

**कानपुर।** नेपाल के सैन्य रक्षा अधिकारियों को आयुध निर्माणियों में बने उत्पाद पसंद आए हैं। इनमें स्नो बूट्स, बूट क्रैम्पन, माड्यूलर दस्ताने सहित अन्य सैन्य रक्षा उत्पाद शामिल हैं। नेपाल सेना के मास्टर जनरल ऑफ आर्डनेंस 'एमजीओ' मेजर जनरल गणेश कुमार श्रेष्ठ और नेपाल में भारतीय रक्षा विभाग कर्नल वी. सुब्रमण्यम के निर्देशन में प्रतिनिधिमंडल ने ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड, कानपुर मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के टेंट, बैलिस्टिक सुरक्षा उपकरण, विभिन्न प्रकार के जूतों को देखा। कैंपिंग टेंट्स और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए डिज़ाइन किए गए टेंट की सराहना की।


झकरकटी बस अड्डे के अंदर खेत जैसा नजारा, बड़े बड़े गड्ढों में जलभराव।


सड़क पर ही बसें खड़ी करने से लगा जाम।

# बारिश में धंसने के बाद सड़क पर आया बस अड्डा

## बस अड्डे तक जाने का रास्ता ही नहीं, यात्रियों ने की तौबा, झकरकटी पुल पर ही सड़कों पर बसें होने से लगता महाजाम

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा बारिश के बाद धंस गया है। बस अड्डे पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं जिसमें जलभराव ने झील का रूप ले लिया है। बस अड्डे पर इतना कीचड़ है कि कोई भी यात्री बस अड्डे के अंदर जाने से बच रहा है। झकरकटी पुल पर सड़क पर ही दर्जनों बसें खड़ी हो रही हैं जिससे भीषण जाम लग रहा है।

झकरकटी बस अड्डे का विकास पीपीपी मॉडल के तहत होना है। ये लालीपॉप वर्ष 2006 से दिखाया जा रहा है। अब तो टेंडर भी हो गया है और सीओडी पुल के आगे बस अड्डे को शिफ्ट करने का भी प्रस्ताव है लेकिन पीपीपी मॉडल का फार्मूला अभी परवान चढ़ते नहीं दिख रहा है। झकरकटी बस अड्डा झील बनता जा रहा है। जगह जगह बस अड्डा धंस चुका है जिसमें बारिश का पानी भरा है। झकरकटी बस अड्डे का निकास रास्ता जो कि पुल के नीचे से होते हुए टाटमिल की ओर निकलता है, इस रास्ते में कई कई फुट गड्ढे और कीचड़ है जिससे ये रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है। कई बार बसें यहां कीचड़ और गड्ढे में फंसकर खराब हो गईं जिससे अब प्रवेश रास्ते से ही बसों का आवागमन हो रहा है। यहीं पर सैकड़ों यात्री मौजूद रहते हैं जिससे बसों को मोड़ने में भी दिक्कत हो रही है।


बस अड्डे के अंदर जाने का रास्ता बदहाल है।

### बोले, चालक-परिचालक

■ **कानपुर।** बस अड्डा तालाब बन चुका है जिससे यात्री अंदर नहीं आते। इतनी अधिक संख्या में बसें होती हैं कि एक एक यात्री के लिए मारामारी है, ऐसे में सड़क पर सवारी का इंतजार करने की मजबूरी है। बस अड्डे का निकासी वाला रास्ता बंद है, घुटनों तक कीचड़ भरा है लेकिन उसे ठीक नहीं कराया जा रहा है, अब जिधर से बसें इंट्री करती हैं, उधर से ही बाहर बसें ले जाने की मजबूरी है।

### न बसें अंदर जातीं और न यात्री

■ इस बस अड्डे पर प्रतिदिन 1400 से अधिक बसों से लगभग 35 से 40 हजार यात्रियों का आवागमन है। बस अड्डे की खस्ताहाल देखकर न तो बसें अंदर जाना चाहती हैं और न ही यात्री बस अड्डे के अंदर जाना चाहते हैं। बसें भी सड़क पर ही रुक रही हैं और यात्री भी सड़क पर बस पकड़ते हैं।

"बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत विस्तार होना है, जिसके लिए सीओडी के आगे कैंट की भूमि पर बस अड्डा शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। बसों को सड़क पर सवारी उतारने एवं सवारी बिठाने पर प्रतिबंध है। कई बसों पर कार्रवाई की गई है और जिस डिपो की बस होती है उनके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को भी कार्रवाई के लिए लिखा जा रहा है।

**पंकज तिवारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा**

## झकरकटी में बसों की अराजकता रोकेंगे लठैत

■ **कानपुर।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा के अंदर आने के बजाय परिवहन की बसें बस अड्डे के बाहर ही सवारी उतार और सवारी बिठा रही हैं। सड़क पर ही यात्रियों के इंतजार में बसें खड़ी रहती हैं जिससे झकरकटी पुल पर भीषण जाम लगता है। अब बसों को व्यवस्थित करने के लिए परिवहन के 8 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है जो बसों को अड्डा के अंदर आने पर मजबूर करेंगे ताकि बस अड्डा के बाहर का जाम न लगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने बसों को व्यवस्थित कराने के लिए 8 कर्मचारियों का ट्रांसफर करके झकरकटी बस अड्डे पर ड्यूटी लगाई है। पहले भी यातायात पुलिस विभाग ने कई बार बसों की अराजकता रोकने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। अब यातायात पुलिस के सिपाही रेलवे परिसर में कुर्सी डाले बैठे रहते हैं और उनकी क्रेन बाहर खड़ी रहती है लेकिन बस चालकों से कुछ बोलते नहीं हैं। रोकने पर झगड़ा हो जाता है। बीते दिनों शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बस अड्डा के बाहर खड़ी बसों के नंबर की सूची बनवाई और जिस डिपो की बस थी, उसके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को शिकायती पत्र लिखकर चालक, परिचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ।

सिटी डायरी


ज्योतिष महाकुंभ में अवार्ड लेते अजय जौहरी।

## ज्योतिषि को गोल्डन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**कानपुर।** केशव नगर कानपुर निवासी अजय जौहरी को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ में गोल्डन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जयपुर स्थित रघुनाथ धाम आश्रम ट्रस्ट में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ सम्मेलन में देशभर से ज्योतिष विद्वानों, भागवत आचार्यों, पुजारियों और संत महात्माओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में लाल किताब विशेषज्ञ जी.डी. वशिष्ठ, अनिल वत्स, अजय भांभी, धनेश त्रिपाठी, डॉ. मोनिका आर. करल, पं. मुकेश शर्मा और पं. चंद्रशेखर जोशी सहित कई प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्य शामिल रहे।


मुख्यमंत्री से मिलते एमएलसी अरुण पाठक।

## विशिष्ट बीटीसी अध्यापकों को मिले पुरानी पेंशन का लाभ: पाठक

**कानपुर।** भाजपा एमएलसी अरुण पाठक ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने विशिष्ट बीटीसी के अध्यापकों को पुरानी पेंशन स्कीम के तहत लाभ देने की मांग की। उन्होंने बताया कि इन अध्यापकों की भर्ती का विज्ञापन मार्च 2004 के पहले निकला था। अरुण पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है।


कैंप में जांच करते डॉक्टर।

## कांवड़ियों के लिए हेल्थ कैंप लगा

**कानपुर।** उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज ने कांवड़ियों के लिए मुरादाबाद, कानपुर, वाराणसी, पानीपत, कुरुक्षेत्र और काशीपुर में हेल्थ कैंप लगाए। इन कैंपों में कांवड़ियों को इलाज और जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। यह जानकारी बुधवार को उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. शुचिन बजाज ने दी।


घंटाघर पर धरना देते लोग।

## कार्यभार नहीं सौपने पर धरना

**कानपुर।** गहोई वैश्य कल्याण समिति के अध्यक्ष गुलाब नगरिया का आरोप है कि 30 जुलाई 2023 के आम चुनाव में पराजित पूर्व अध्यक्ष प्रभात चंद्र कुरेले ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को कार्यभार 2 वर्ष के बाद भी नहीं सौंपा है। इसके विरोध में बुधवार को घंटाघर पर भारत माता प्रतिमा के समक्ष धरना देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि धरना देने के साथ ही काला दिवस मनाया गया।

# 1344 दिव्यांगजनों की पेंशन है रुकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का कहना है कि एनपीसीआई मैपिंग नहीं होने के कारण 1344 दिव्यांग पेंशनर्स की पेंशन नहीं भेजी जा पा रही है। इसपर सीडीओ दीक्षा जैन ने अधिकारियों एवं बैंकों को 15 दिन के अंदर एनपीसीआई मैपिंग कराकर सभी दिव्यांगजनों के खाते में पेंशन भिजवाने के निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सभी बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि समस्त दिव्यांग पेंशनरों की सूची बैंकवार समस्त सम्बन्धित 19 बैंकों को भेजी जा चुकी है। सबसे ज्यादा एनपीसीआई मैपिंग के लंबित मामले वाले बैंकों में एस0बी0आई0-377, बैंक ऑफ बड़ौदा 255, इंडियन बैंक 148, पंजाब नेशनल बैंक 146, सेन्ट्रल बैंक-101 शामिल हैं।


विकास भवन में बैठक करतीं सीडीओ दीक्षा जैन।

- मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों, बैंकों को 15 दिन का समय दिया

## किशोर के परिजनों ने नहीं दी तहरीर

**कानपुर।** चकेरी के पटेलनगर में खेल-खेल में 11 वर्षीय किशोर ने अपने दोस्त को थ्रेड कटर मार दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है।

पटेलनगर कच्ची बस्ती निवासी मजदूर कल्लू का 15 वर्षीय बेटा सुरजीत मोहल्ले में ही आकाश कुमार के जूते के कारखाने में काम करता था। मंगलवार रात सुरजीत अपने दोस्तों के साथ कारखाने में था। काम के दौरान सभी खेल रहे थे, तभी खेल-खेल में 11 वर्षीय दोस्त ने थ्रेड कटर सुरजीत के सीने में मार दिया। कांशीराम ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान सुरजीत की मौत हो गई थी।

# 7410 में से 4517 बच्चों का दाखिला कराया गया

**कानपुर।** जिलाधिकारी ने बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई बैठक में आरटीई, स्कूल चलो अभियान, दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति, आधार कार्ड व यूडीआईडी पंजीकरण, जर्जर विद्यालय भवनों पर चर्चा हुई।

बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत जनपद का निर्धारित लक्ष्य 7410 एडमिशन है, जिसके सापेक्ष अब तक 4517 बच्चों का दाखिला कराया जा चुका है। इस पर डीएम ने शेष बच्चों का दाखिला शीघ्र कराने के निर्देश दिए। बीएसए ने बताया कि 22 विद्यालयों को एनओसी निरस्तीकरण का नोटिस दिया गया है और बच्चों का दाखिला विद्यालयों के साथ समन्वय बनाकर सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल चलो अभियान के तहत अब तक 25,063 बच्चों का नामांकन कराया गया है। वर्तमान में जिले के 1705 परिषदीय विद्यालयों में कुल 1.38 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## यह है विरासत और पहचान, साड़ी सनातन का परिधान

**कानपुर।** भाजपा उत्तर ने मातृ शक्ति के साथ बुधवार को मौलाना साजिद रशीदी के आपत्तिजनक बयान के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दिया। जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में महिला मोर्चा और सामाजिक संस्थानों की महिलाएं साड़ी पहनकर पहुंचीं और भारतीय नारी का अपमान नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे के नारे लगाए। इसके साथ ही यह है विरासत, यह है पहचान, साड़ी ही सनातन का परिधान और नारी गरिमा पर प्रहार, नहीं सहेगा हिंदुस्तान नारे लिखीं तख्तियां दिखाईं। अनिल दीक्षित ने कहा कि पुरातन काल से भारतीय संस्कृति में महिलाओं का साड़ी परिधान रहा है। मौलाना साजिद रशीदी ने भारतीय संस्कृति के परिधान पर ही टिप्पणी करके पूरी सनातन संस्कृति पर ही हमला कर दिया। मौलाना का यह बयान उनके मानसिक दिवालियापन व संपूर्ण नारी समाज के प्रति उनकी घटिया सोच को दर्शाता है। भारत में पौराणिक काल से नारी को देवी की मान्यता दी गई है। इस दौरान अवधेश सोनकर, अनुराग शर्मा, जनमेजय सिंह, सरोज सिंह, रंजीता पाठक, सीमा एमबीए, आशा पाल, प्रमोद विश्वकर्मा, ऋचा सक्सेना, अनुप्रिया दोषी, किरन तिवारी, सीमा तिवारी, अनीता चतुर्वेदी, सुनीता गौड़, पूनम कंवर, प्रशांत त्रिपाठी, बबीता निगम, रीना मिश्रा, नर्मदा पांडे, मीरा त्रिवेदी, अनीता सोनी रवि पांडे आदि रहे।



महिलाओं ने नारे लिखीं तख्तियां दिखाईं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं राजू सिंह पुत्र अक्षनी कुमार सिंह निवासी बैशन पुरवा दा0 व पोस्ट ऐलो थाना पयागपुर जिला बहराइच, मेरा हाई स्कूल अंक पत्र (मार्क शीट) व प्रमाण पत्र दोनो वास्तव में कही खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 1987301 है और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से है।

**सूचना**

सूचित हो कि कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र रोल नं0– 2104802 एवं इण्टरमीडिएट अंकपत्र व सहप्रमाणपत्र रोल नं0– 1645545 वास्तव में कहीं खो गये हैं। **पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र नित बरन सिंह निवासी मोहम्मदपुर नर्वल, तहसील नर्वल, जिला कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैं सार्वजनिक रूप से सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र आदित्य श्रीवास्तव के शैक्षिक प्रपत्रों और अभिलेखों मे पिता का नाम गलती से सन्तोष श्रीवास्तव लिख दिया गया है जबकि मेरा सही नाम सन्तोष कुमार श्रीवास्तव है। इस नाम को सही माना जाना चाहिए। **सन्तोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व गिरीश चंद्र श्रीवास्तव निवासी– 268, पटेल नगर, गोंडा– 271001**

**सूचना**

मैं Ram Sharan Singh S/o Late Indra Pal Singh **निवासी–02, आशा राम बापू रोड, मानस नगर, लखनऊ, उ0प्र0** मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड (डिस्चार्ज बुक व पी0पी0ओ0 S/045738/2010/(Army) (206201000295) में पुत्री का नाम रिची सिंह (Richi Singh) तथा जन्म तिथि 01.01.1991 अंकित है जो कि गलत है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम रूचि सिंह (Ruchi Singh) तथा जन्म तिथि 21.02.1990 अंकित है जो कि सत्य व सही है।

**NOTICE**

Publically inform that in the educational forms and records of my son Aditya Srivastava, father's name has been written by mistake as Santosh Srivastava, whereas my correct name is Santosh Kumar Srivastava. This name should be considered correct **Santosh Kumar Srivastava S/O late Girish Chandra Srivastava 268, Patelnagar Gonda- 271001**

**सूचना**

मेरा पुत्र प्रशांत यादव शादी के बाद गलत सोहबत में पड़ गया। मुझे व मेरी पत्नी को प्रताड़ित करता है। इसलिए मै प्रशांत यादव को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके द्वारा किसी भी लेनदेन की मेरी जिम्मेदारी नही होगी। **उदयवीरसिंह पुत्र हाकिम सिंह निवासी भट पुरा पोस्ट धनुआ तहसील – सैंफई इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बैंक खाते में त्रुटिवश मेरा गलत नाम सुभीशा (SHUBHISA) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर मेरा नाम शमीमा खातून (SHAMIMA KHATUN) दर्ज है, जो कि मेरा सही नाम है। अतः मेरे उपरोक्त बैंक खाते में मेरा नाम सुभीशा (SHUBHISA) के स्थान पर शमीमा खातून (SHAMIMA KHATUN) दर्ज किया जाये। **शमीमा खातून पत्नी नईम अहमद निवासिनी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा व परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस पर मेरा नाम सिद्दीक अहमद उर्फ कल्लू अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पास बुक व अन्य दस्तावेजों पर मेरा सही नाम कल्लू अंकित है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस पर मेरा नाम कल्लू दर्ज किया जाये। **कल्लू पुत्र अख्तर निवासी ग्राम– ममरेजपुर परगना व तहसील सण्डीला जनपद हरदोई।**

कारोबार जगत

### अमेरिकन टैरिफ से लेदर, टेक्सटाइल, एग्रो प्रेडक्ट सहित अन्य पर असर

# निर्यातकों को लगेगा झटका, गिरेगा विदेशी कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ से शहर के निर्यातकों को झटका लगा है। शहर से अमेरिका को लगभग 25 सौ करोड़ का कारोबार होता है। ऐसी स्थिति में निर्यात विशेषज्ञों का आकलन है कि इस नए टैरिफ से खासतौर पर शहर के लेदर, एग्रो प्रोडक्ट, टेक्सटाइल सहित अन्य उत्पादों का निर्यात करने वाले निर्यातकों को नुकसान होगा। अधिक टैरिफ की वजह से सीधेतौर पर ऑर्डर पर असर पड़ेगा। लगभग 20 फीसदी कारोबार प्रभावित होने की आशंका है।

शहर के निर्यातक अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद फायदे और नुकसान का आकलन करने में जुट गए। उनके लिए परेशानी की बात यह है कि इस टैरिफ से वह ऑर्डर भी प्रभावित होंगे जो पूर्व में लिए गए हैं। इसकी वजह एक अगस्त से अमेरिकी सीमा में आने वाले सभी उत्पादों का टैरिफ के दायरे में आना है। निर्यातकों के सामने ऑर्डर मिलने में सामने आने वाली समस्या सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। टैरिफ लगने के बाद छोटे निर्यातकों के सामने अमेरिकी खरीदारों के समक्ष कोटेशन के रेट संभाल पाना मुश्किल है। फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि यह नया टैरिफ रेट शहर के निर्यातकों के सामने चुनौती है। खासतौर पर हाल ही में निर्यात कारोबार शुरू करने वाले निर्यातकों को अब काफी संभल कर कारोबार करना होगा।

| | |
|---|---|
| 25 | सौ करोड़ के उत्पाद शहर से अमेरिका होते निर्यात |
| 20 | फीसदी निर्यात बाजार पर असर मान रहे विशेषज्ञ |
| 12 | सौ करोड़ रुपये के सिर्फ लेदर सेक्टर से निर्यात |
| 30 | फीसदी लेदर सेक्टर के प्रभावित होने का अनुमान |



- पुरानी बुकिंग भी प्रभावित, 25 सौ करोड़ का शहर से अमेरिका को निर्यात

### ऑर्डर पर लगेगा डेंट, निर्यातकों के सामने सबसे बड़ी समस्या

■ **कानपुर।** मुश्किल अब बढ़े हुए रेट पर अमेरिका के बाजार में टिकने की है। बढ़े हुए टैरिफ के बाद अब माना जा रहा है कि अमेरिकी खरीदार ऐसे देशों से उत्पाद का आयात करना शुरू कर देंगे जहां पर भारतीय उत्पादों के मुकाबले टैरिफ कम हैं। इससे शहर के निर्यातकों की अमेरिका में स्थापित बाजार में 'डेंट' लगना तय है। इसके अलावा ऐसे उत्पाद जो बहुत कम अंतर से अमेरिका में दूसरे देशों के उत्पादों को बाजार में आने से रोक रहे थे वे अब शहर के उत्पादों को बाजार से बाहर कर खुद को स्थापित कर सकेंगे।

### चमड़ा उद्योग को नुकसान

■ शहर से अमेरिका को लगभग 12 सौ करोड़ रुपये का सिर्फ चमड़े के उत्पाद का कारोबार शहर के निर्यातक करते हैं। इस स्थिति में सबसे अधिक प्रभाव चमड़ा उद्योग को टैरिफ लगने के बाद होगा। खासतौर पर चमड़े के लग्जरी उत्पाद, जूते, जैकेट, ओवरकोट, फैंसी उत्पाद को सबसे अधिक डेंट पड़ने की संभावना जताई जा रही है। शहर के चमड़ा निर्यातकों का मानना है कि इस टैरिफ से सिर्फ चमड़ा का 30 फीसदी कारोबार प्रभावित होने की आशंका है।

## नानाराव पार्क तक जाएगी शोभायात्रा

**कानपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम एवं बैण्डबाजा के साथ कांग्रेस शोभा यात्रा निकालती है। ये शोभा यात्रा पहले तिलक हाल से नानाराव पार्क तक जाती थी लेकिन अब नानाराव पार्क संरक्षित कर दिया गया है, इसलिए शोभा यात्रा नानाराव पार्क के बजाय फूलबाग तक जाती है। इस बार फिर स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस की शोभा यात्रा को नानाराव पार्क तक ले जाने की तैयारी है।

बुधवार को तिलक हाल में कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें नानाराव पार्क तक शोभा यात्रा ले जाने पर सहमति बनी। पवन गुप्ता ने कहा कि शोभायात्रा में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को आमंत्रित किया गया है।

## सिटी ब्रीफ

### 7 केंद्रों में जमा हो रहे हैं आवेदन

**कानपुर।** यूपी बोर्ड व्यक्तिगत परीक्षा के आवेदन जिले के सात केंद्रों में जमा हो रहे हैं। यह आवेदन 5 अगस्त तक जमा किए जाएंगे। इन सात केंद्रों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिंहपुर, राजकीय इंटर कॉलेज भौंती, राजकीय इंटर कॉलज बिधनू, राजकीय बालिक इंटर कॉलेज घाटमपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नर्वल व राउमा विद्यालय आलियापुर हैं।

### आईटीआई में 71 को मिली नौकरी

**कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में टाटा मोटर्स लखनऊ प्लांट में जॉब व अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। जॉब व अप्रेंटिसशिप के लिए 186 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 80 अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए व 71 अभ्यर्थियों का चयन जॉब के लिए किया गया। इस दौरान नोडल प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने चयनित अभ्यर्थियों को कड़ी मेहनत से सफलता हासिल करने का मंत्र दिया। कहा कि सफलता पाने के लिए शार्टकट का सहारा न लें। ऐसी सफलता स्थायी नहीं होती। इस दौरान प्लेसमेंट अप्रेंटिस प्रभारी अमित दीक्षित व विवेक शुक्ला मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

**कानपुर।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा सीएचसी चौबेपुर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवम् प्रोफेसर (डॉ.) तनु मिधा, प्रोफेसर, (डॉ.) एसके. बर्मन, तथा एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) समरजीत कौर की देखरेख में किया गया। शिविर के संचालन में जूनियर रेजिडेंट्स डॉ. नरेश पाल सिंह, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. निखिल पाल, डॉ. अंबिका सिंह मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बचत योजना में सराहनीय प्रयास

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बचत योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद का लक्ष्य 1,49,035 लाख रुपये निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष सराहनीय प्रयासों से 2,14,915 .33 लाख रुपये की शुद्ध उपलब्धि प्राप्त हुई जो लक्ष्य का 144 .20% है।

# यूपी किराना में मेधावियों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटियार का स्वागत किया गया।

• विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस समारोह

**अमृत विचार।** यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय में बुधवार को स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के लाभ बताए गए।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलिमा कटियार मौजूद रहीं। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि वे हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहें। लक्ष्य निर्धारण से उन्हें बाधाओं का जानकारी हो जाती है। जिससे वे उसे हल करने में भी सक्षम होते हैं। इसलिए, ऐसे बच्चे जो अपना लक्ष्य निर्धारण कर तैयारी करते हैं, उन्हें अन्य बच्चों के मुकाबले जल्द सफलता हासिल होती है। समारोह के दौरान विद्यालय वार्षिक पत्रिका 'पैनोरमा के 24 वें संस्करण का विमोचन भी हुआ। समारोह में वर्ष 2024-25 के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों का अलंकरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों, विभाग में प्रथम आने वाले सब्जेक्ट टॉपर व विषयों में शत-प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लाला सत्य नारायण अग्रवाल मेरिट अवार्ड, बाबू किशोर चन्द्र जी कपूर मेरिट अवार्ड व सुंदर लाल भारिया मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मदन चंद्र कपूर, राकेश अग्रवाल, गिरीश भाटिया, सुनील गुप्ता, अंकित बेरीवाल, बिंदा प्रसाद त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## सोसायटी पार्क में मेले का विरोध

**कानपुर।** पनकी में आवासीय इलाके के पार्क में दशहरे मेले का विरोध करने सोसायटी के महिलाएं बुधवार को सड़क पर उतर आईं। महिलाओं ने मेला आयोजनकर्ताओं को असामाजिक तत्व बताया मेले पर तत्काल रोक लगवाने की मांग अधिकारियों से की।

मामला पनकी शताब्दी नगर के शिवालिक सोसायटी का है। सोसायटी में शानदार पार्क बना हुआ है। यहां दशहरे में मेला लगाने की तैयारी की जा रही है। इसका सोसायटी की महिलाएं विरोध कर रही हैं। महिलाओं ने एसीपी पनकी से मिलकर शिकायत की और सोसायटी के पार्क में मेला आयोजन न करवाए जाने की मांग की।

# सीएसए विवि के छात्र स्टार्टअप से जुड़ सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर और सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। यह एमओयू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ में हुआ। एमओयू के तहत अब सीएसए विश्वविद्यालय के छात्रों के स्टार्टअप को सहायता मिल सकेगी।

मार्स हाल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में यह एमओयू हुआ। यह समझौता विश्वविद्यालय एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश के मध्य हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर से विश्वविद्यालय के पास आउट कृषि छात्र अपना स्वयं का नवोन्मेषी व्यवसाय विकसित कर सकेंगे। यह भी बताया कि इस समझौता द्वारा कृषि आधारित उद्यमिता सहित अन्य विषयों पर वेबीनार और कार्यशालाओं के माध्यम से वैश्विक बाजार में विशेषज्ञता का आदान-प्रदान किया जा सकेगा।

# आधुनिक रेल इंजन चलाने की ट्रेनिंग लेंगे लोको पायलट

## लोको ट्रेनिंग सेंटर फजलगंज में पायलटों को ट्रेनिंग दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे अपने को समय के साथ अपग्रेड कर रहा है। वीआईपी ट्रेनें जैसे वंदेभारत, शताब्दी, राजधानी जैसी ट्रेनों में आधुनिक लोको (इंजन) लगने लगे हैं। इन इंजनों में तमाम ऐसे फंक्शन हैं जिनको वर्षों से ट्रेन चला रहे लोको पायलट अभी भी पूरी तरह समझ नहीं पाए हैं। ऐसे में आधुनिक लोको वाले दो सेमुलेटर लोको ट्रेनिंग सेंटर फजलगंज में लगाने को मंजूरी मिली है। अभी तक विदेशी सेमुलेटर पर लोको पायलटों को ट्रेनिंग दी जाती थी लेकिन अब चितरंजन (बिहार) में बने स्वदेशी सेमुलेटर पर पायलटों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

रेलवे की वीआईपी ट्रेनों के इंजन में तमाम तरह के उपकरण लगे होते हैं जैसे इंजन में कहां खराबी आ रही है, क्या दिक्कत है, ये सारी जानकारी इंजन में लगे स्क्रीन पर आ जाती है और लोको पायलट उसे ठीक कर लेते हैं। कोई गंभीर खराबी है तो उसके लिए बाकायदा इंजीनियर अपना काम करते हैं। अब लोको ट्रेनिंग सेंटर फजलगंज में पायलटों को आधुनिक सेमुलेटर पर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वे आधुनिक इंजन चला सकेंगे।

### मेमू ट्रेनों के पायलटों को अलग से प्रशिक्षण

मेमू ट्रेनों को संचालन अलग होता है। कानपुर से झांसी, फतेहपुर, लखनऊ, इटावा, चित्रकूट, बांदा समेत विभिन्न स्टेशनों के लिए मेमू ट्रेनों का संचालन होता है। इनका सिस्टम अन्य लोको से अलग होता है जिससे पायलट को मेमू का फंक्शन समझने में वक्त लगता है। अब मेमू ट्रेनों के पायलटों के लिए अलग से सेमुलेटर आ रहा है जिसपर उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।





### क्या है सेमुलेटर

- लोको ट्रेनिंग सेंटर फजलगंज में पायलटों को ट्रेन चलाने का कंप्यूटराइज्ड प्रशिक्षण दिया जाता है। एक बंद कमरे में इंजन के आकार का कंम्प्यूराइज्ड सिस्टम लगा होता है जिसमें इंजन के अंदर जितने भी सिस्टम होते है, वहां भी लगे होते हैं। आगे की ओर स्क्रीन लगी होती है जिसे कोई रूट फिक्स कर (जैसे कानपुर से रूरा स्टेशन) पायलट को ट्रेन चलाने के लिए कहा जाता है। ट्रेन को चलाने के पहले कौन का संकेत देना है, ब्रेक कैसे चेक करना है, रास्ते में कहां हार्न बजाना है, कौन सा सिग्नल क्या संकेतक देता है आदि सारे सिस्टम को चलाना होता है। जहां पायलट गलती करता है, स्वत: पायलट के नंबर कटते रहते हैं। बगल के कंट्रोल रूम में कंप्यूटर पर बैठा इंजीनियर, प्रशिक्षक सारी गतिविधियों पर नजर रखता है। लोको ट्रेनिंग सेंटर में पहले जर्मनी का सेमुलेटर लगा था।

## निबंध और संगोष्ठी में रिमशा प्रथम

**कानपुर।** जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या की ओर से तुलसी जयंती महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कवियों और साहित्यकारों का सम्मान भी हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों के बीच में 'रामचरितमानस में जीवनोपयोगी शिक्षायें' विषयक निबंध प्रतियोगिता, 'तुलसीकृत समस्त साहित्य में मूल तत्व और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता' विषयक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में 70 से अधिक छात्रों ने विद्यालय में भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 सौ की धनराशि विद्यालय की छात्रा रिमशा सिंह, द्वितीय पुरस्कार आदित्य यादव को एक हजार की धनराशि, तृतीय पुरस्कार 7 सौ रुपये का पूर्वी अवस्थी को हासिल हुआ। इसी तरह पांच सांत्वना पुरस्कार 5 सौ रुपये के आराध्या शुक्ला, अंशिका द्विवेदी, रुद्रांश शुक्ला, नैनशी शर्मा और रुद्र कुमार गुप्ता को प्रमाण पत्र के साथ प्रदान किया गया। संगोष्ठी में डॉ सुरेश अवस्थी ने कहा कि तुलसी दास जी का साहित्य सिर्फ धार्मिक नहीं है बल्कि वह जीवन पथ है। जो विषम और मूल्यविहीन समय में एक प्रकाश स्तम्भ है।



मेट्रो अधिकारियों ने सुविधाओं और सुरक्षा की जानकारी दी।

# छात्राओं को मेट्रो सुविधाएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

• जीजीआईसी, चुन्नीगंज में जागरूकता सत्र का आयोजन

**अमृत विचार।** यूपीएमआरसी द्वारा मेट्रो के सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और सुविधाजनक परिवहन साधन के रूप में अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कानपुर के स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), चुन्नीगंज में इंटरैक्टिव जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। सत्र में कानपुर मेट्रो के अधिकारियों ने छात्राओं को मेट्रो की प्रमुख विशेषताओं, तकनीकी उत्कृष्टता और यात्रियों के लिए उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाओं की जानकारी दी। सुरक्षा के विषय में अधिकारियों ने बताया कि सभी मेट्रो स्टेशनों पर महिला सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ हाउसकीपिंग स्टाफ की भी तैनाती की गई है। प्रत्येक ट्रेन में लगभग 12 और प्रत्येक स्टेशन पर 45 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जो लगातार निगरानी में रहते हैं। आपात स्थिति में महिला यात्री ट्रेन के भीतर लगे पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम या पैनिक बटन के माध्यम से सीधे ट्रेन ऑपरेटर से संपर्क कर सकती हैं, जिससे त्वरित सहायता संभव हो पाती है। इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो के संचालन में अपनाई गई उन्नत तकनीकें जीरो कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करती हैं, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता मिलती है। कानपुर मेट्रो का रूट शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, कार्यालयों और बाजारों को आपस में जोड़ता है, जिससे नागरिकों को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्याओं से राहत मिलती है।

# बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा के लिए 460 भक्त रवाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर रेलवे स्टेशन से जम्मू के लिए रवाना होते भक्त।





पंच कैलाश यात्रा को रवाना होता जत्था।

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल, कानपुर प्रान्त के तत्वावधान में बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी यात्रा के लिए 460 कार्यकर्ताओं का दल बुधवार को श्रद्धा, जोश एवं राष्ट्रभक्ति के साथ रवाना हुआ। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले स्थित ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थल बाबा बूढ़ा अमरनाथ तक जाएगी, जिसे देश की एकता, अखण्डता एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक माना जाता है। विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने सेंट्रल से भक्तों को रवाना किया गया। राजीव महाना ने कहा, कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का भी प्रतीक है। यह यात्रा युवा शक्ति को संयम, सेवा, साहस एवं संगठन का भाव सिखाती है। प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने बताया कि कार्यकर्ताओं का यह दल सुरक्षा, चिकित्सा एवं आवास जैसी सभी आवश्यक तैयारियों के साथ रवाना हुआ है। कानपुर रेलवे स्टेशन से जम्मू के लिए यात्रा को रवाना करते समय बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा, बजरंग दल प्रान्त सह संयोजक अमरनाथ, अर्चना, शुभम शौर्य अग्निहोत्री, कालीचरण, आकाश यादव, रमन आदि रहे।

### किन्नर कैलाश यात्रा के लिए जत्था रवाना

- **कानपुर।** किन्नर कैलाश यात्रा के लिए 17 भक्तों का जत्था बुधवार को रवाना हो गया। इस जत्थे में कानपुर के अतिरिक्त शुक्लागंज के भी भक्त भी शामिल हैं। बुधवार को शुक्लागंज के अभिषेक तिवारी की अगुवाई में 17 सदस्यीय दल कानपुर सेंट्रल स्टेशन से ऊंचाहार एक्सप्रेस से रवाना हुआ। किन्नर कैलाश हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित एक पर्वत है। यह 6050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। रवाना होने वाले दल का स्वागत पंच कैलाशी सौरभ तिवारी, कैलाशी भारत त्रिपाठी, कैलाशी सूरज कैलाशी रत्नेश शर्मा ने किया।

## एसडीएम ने दुकान पर खड़े होकर बिकवाई खाद

**कानपुर।** उप जिलाधिकारी विवेक मिश्रा ने सरसौल क्षेत्र में खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोसाइटी सरसौल पर स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, स्टॉक बोर्ड एवं रेट लिस्ट सही नहीं मिले।

उप जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सचिव को निर्देशित किया कि किसानों की सूची और मोबाइल नंबर अपडेट करें। उप जिलाधिकारी ने निजी दुकानों पर ओवररेटिंग की शिकायत पर खुद ही निजी दुकान पर खड़े होकर धर्मेन्द्र, शिवचंद्र, पप्पू आदि किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद दिलाई। निर्देशित किया कि निर्धारित से अधिक मूल्य पर खाद बेचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी गई।

## तैराकी में जेएमडी वर्ल्ड स्कूल को मिला ताज

**कानपुर।** चिन्टल्स स्कूल, कल्याणपुर में आयोजित केएसएस अंतरविद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता में जेएमडी वर्ल्ड स्कूल की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल ने प्रतियोगिता में ओवरऑल गर्ल्स चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की है। टीम ने प्रतियोगिता में कुल 15 पदक हासिल किए, जिसमें 8 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक, और 4 कांस्य पदक हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या मलिका अरोड़ा ने बधाई दी। कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन का प्रमाण है।

हेल्थ अलर्ट

पीड़ित महिला ने अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी

# माइग्रेन में सिर दर्द के साथ एक हिस्सा हो सकता सुन्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

• जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी विभाग में पहुंच रहे ज्यादा मरीज



**अमृत विचार।** अगर आप माइग्रेन की समस्या को हल्के में ले रहे तो ऐसी भूल कतई न करें। माइग्रेन की समस्या को नजरअंदाज करने से एक साइड में सुन्नपन या अपंगता जैसे स्थिति भी हो सकती है। ऐसे में माइग्रेन के लक्षणों की पहचान करते हुए, उसका इलाज कराना जरूरी है और उसे आम समस्या नहीं समझना चाहिए। इस समस्या से परेशान हो चुकी शहर की एक युवती ने सोमवार तड़के कर्नलगंज में अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। वह माइग्रेन की समस्या से तो पीड़ित ही थी, इसके अलावा उसका एक साइड का चेहरा काला पड़ गया था।

जीएसवीएसएस पीजीआई के न्यूरो विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज पहुंचते हैं, जिनमे माइग्रेन से ग्रस्त 15 से 20 फीसदी मरीज शामिल होते हैं। पांच साल पहले माइग्रेन ग्रस्त मरीजों की संख्या विशेषज्ञों के मुताबिक 5 से 10 फीसदी होती थी। जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल डॉ.मनीष सिंह ने बताया कि इन दिनों लोगों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव होने लगा है। बढ़ता वर्क प्रेशर और काम का बदलता कल्चर लोगों की जीवनशैली को प्रभावित कर रहा है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

### माइग्रेन की मुख्य वजहें

- डॉ .मनीष सिंह ने बताया कि इन दिनों लोगों की जिंदगी काफी भागदौड़ भरी हो चुकी है। काम के प्रेशर और अन्य वजहों से लोगों की शारीरिक ही नहीं मानसिक सेहत भी प्रभावित होती है। इसकी वजह से अक्सर लोग तनाव और डिप्रेशन का शिकार होने लगते हैं, जो माइग्रेन की शुरुआत में योगदान देते हैं। जीवनशैली में बदलाव के साथ खानपान की गलत आदतें भी कई स्वास्थ्य समस्याओं की वजह हो सकती हैं। माइग्रेन इन्हीं समस्याओं में से एक है, बिगड़ती जीवनशैली से अक्सर नींद में खलल पड़ने लगता है। ऐसे में अनियमित नींद, अपर्याप्त नींद या बहुत ज्यादा नींद भी कुछ लोगों में माइग्रेन के लिए ट्रिगर का काम कर सकती है। वहीं, हार्मोन्स में बदलाव भी माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। एस्ट्रोजन में उतार-चढ़ाव माइग्रेन पेन में योगदान कर सकता है। वहीं, पुरानी चीजें, प्रोसेस्ड मीट और आर्टिफिशियल स्वीनर आदि संवेदनशील व्यक्तियों में माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं।

### ऐसे करें बचाव

- जितना हो सके तनाव लेने से बचें।
- स्वस्थ आहार का सेवन करें।
- पर्याप्त मात्रा में सात से आठ घंटें की नींद लें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें।
- धूम्रपान और शराब से बचें।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### माइग्रेन के लक्षण

इसमे सिर दर्द की समस्या तो होती ही है, इसके अलावा मतली , उल्टी, धुंधला दिखाई देना व आंखों के सामने चमकते धब्बे दिखाई देने की भी समस्या होती है। अगर व्यक्ति इन लक्षणों को लगातार नजर अंदाज करता है और बिना डॉक्टर की सलाह के दवा का सेवन करता है तो फिर संबंधित को परिणाम घातक चुकाने पड़ते हैं। इसके बाद व्यक्ति को बोलने में दिक्कत, चक्कर आने, एक साइड सुन्नपन या झुन्नाहाट जैसी भी हो सकती है। इसलिए लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासबात ये है कि इस बीमारी को जीवनशैली में बदलाव कर और कुछ दवाओं की मदद से ही कंट्रोल किया जा सकता है।

# आजादी में उलमा की शहादत बताएंगे मस्जिदों, मदरसों में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

• देश को आजाद कराने वाले उलमा की कुर्बानी के प्रति जागरुक करेगा जमीअत

• इस्लाहे मुआशरा एवं शहर जमीअत उलमा का संयुक्त जागरुकता अभियान

**अमृत विचार।** मुल्क को आजाद कराने के लिए कितने उलमा ने कुर्बानियां दीं, कितने मुसलमानों को अंग्रेजों ने फांसी के फंदे पर लटका दिया, इस्लाहे मुआशरा एवं शहर जमीअत उलमा संयुक्त रूप से मुसलमानों के बीच जाकर ये बताएंगे।

शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दुस हादी के संरक्षण में मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार के निर्देशन एवं कार्यक्रम संयोजक मौलाना अबू बकर हादी के द्वारा शहर की मस्जिदों, मदरसों के अलावा मुस्लिम क्षेत्रों में ये अभियान चलाया जाएगा जिसका शीर्षक है आजादी-ए-हिंद में मुस्लिम उलेमा और अवाम का किरदार। मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि उलमा ने मुल्क को आजाद कराने के लिए अथक प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी। बदकिस्मती से मुल्क की आजादी के बाद एक गिरोह और एक जमाअत ने मुसलमानों की उन कुर्बानियों पर पर्दा डालना शुरू कर दिया। जिसका नतीजा ये हुआ कि आज हमारी नस्ल अपनी कुर्बानियों को नहीं जानती।

### मस्जिदों में ऐसे चलेगा जागरुकता अभियान

1 अगस्त मस्जिद महमूदा, परमपुरवा, 2 अगस्त मोहम्मदी मस्जिद, डिफेंस कालनी जाजमऊ, 3 अगस्त मदरसा सिद्दीकिया चीना पार्क इफ्तिखाराबाद, 4 अगस्त को मस्जिद खजूर वाली, इफ्तिखाबाद, 5 अगस्त मुसल्लाह पापुलर कंपाउंड जाजमऊ, 6 अगस्त मस्जिद टुकनिया पुरवा, 7 अगस्त मस्जिद रोटी गोदाम, बिरहाना रोड, 8 अगस्त मस्जिद हुसैन ठेकेदार तलाक महल, 9 अगस्त सुबराती वाली मस्जिद, 10 अगस्त मस्जिद गंगा नगर, 11 अगस्त मस्जिद हनफिया अंसार नगर, भैंसिया हाता, 12 अगस्त बड़ी मस्जिद बेनाझाबर, 13 अगस्त बाबा मुसल्लाह बजरिया चौराहा कर्नलगंज, 14 अगस्त मदरसा जारे रहमत बकरमंडी और 15 अगस्त को मुसल्लाह मस्जिद आयशा सिद्दीका, जामे अरबिया इशाअते उलूम कुलीबाजार में प्रा : 8 बजे झंडारोहण।

## न्यूज ब्रीफ

### गंगा के जलस्तर में दर्ज की गई बढ़ोतरी

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** पश्चिम के बांधों से रुक–रुक कर पानी छोड़े जाने के कारण एक बार फिर गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिससे शुक्लागंज की ओर पानी फैलने लगा है। चौबीस घंटे के भीतर दस सेंटीमीटर जलस्तर में इजाफा हुआ है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसका असर शुक्लागंज की ओर देखने को मिल रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण नगर के घाटों की ओर पानी एक बार फिर आ गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम जलस्तर 110.300 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार शाम छह बजे जलस्तर 110.400 मी. पहुंच गया।

### अगस्त में चलेगा टीकाकरण अभियान

**नवाबगंज उन्नाव :** डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अगस्त माह में स्कूल आधारित टीडी व डीपीटी टीकाकरण अभियान चलाएगा। इसके लिए नवाबगंज सीएचसी में बुधवार को ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें अभियान को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अभियान में क्षेत्र में कक्षा 1, 5 व 10 के बच्चों को टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। बच्चों को डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण अभियान है। यहां डब्लूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा, एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मौर्या, आशीष पटेल, संजीव मिश्रा, प्रभारी सीडीपीओ सरोज प्रियदर्शी, मो. आसिफ आदि रहे।

### पलटी स्कूली वैन बाल-बाल बचे छात्र

**उन्नाव :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाकीपुर गांव स्थित एक कॉलेज की वैन का चालक गुरुवार दोपहर 12 बच्चों को लेकर घर छोड़ने जा रहा था। तभी मुंशीगंज–अजगैन मार्ग पर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव बीरूगढ़ी के पास रफ्तार तेज होने से वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें चालक व बच्चे बाल–बाल बच गए।

### सर सैय्यद स्कूल ने जीती ट्रॉफी

**उन्नाव :** सेंट जोसेफ़ स्कूल ग्रेटर नोएडा में सीआईएससीई बॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 29 जुलाई तक आयोजित हुई। जिसमें लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ व वाराणसी आदि शहरों (जोन) की विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। लीग मैच सबसे पहले नार्थ ज़ोन के अंतर्गत कानपुर व लखनऊ के बीच हुआ। जिसमें कानपुर की टीम ने लखनऊ को 2–1 से हराया। नार्थ ज़ोन गोरखपुर के साथ खेला जाने वाला मैच 0–0 के कारण ड्रा रहा। इसके बाद सेमीफाइनल मैच कानपुर व मेरठ के बीच हुआ। जिसमें सर सैय्यद स्कूल उन्नाव की टीम 1–0 के स्कोर के साथ उपविजेता घोषित की गई।

### बैडमिंटन ईस्ट जोन टीम में अर्चित चयनित

**उन्नाव :** सीनियर उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से खेलकर लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम उन्नाव के अर्चित सिन्हा को मिला। अर्चित का चयन ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। जो 4 से 7 सितंबर तक जमशेदपुर झारखंड में होनी है। ईस्ट जोन की टीम 6 प्रदेशों के खिलाड़ियों से मिलकर बनाई जाती है। जिसमें यूपी सहित उत्तराखंड, वेस्ट बंगाल, बिहार, झारखंड व उड़ीसा शामिल है। वहीं सदर विधायक पंकज गुप्ता, उप्र क्रिकेट एसो. अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव कमल ने बधाई दी।

# तीन करोड़ खर्च कर दूधिया रोशनी से जगमगाएगा उन्नाव-कानपुर मार्ग

## सदर विधायक ने किया शिलान्यास, साढ़े पांच किमी. लगाई जाएंगी हाई मास्क स्ट्रीट लाइट

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उन्नाव से शुक्लागंज फोरलेन पर रात के समय अंधेरा पसरा रहता है, जिसे देखते हुये सदर विधायक ने स्ट्रीट लाइट लगवाने की पहल शुरू की। मुख्यमंत्री के सहयोग से यह मार्ग अब दूधिया रोशनी से जगमगाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यान्वित की गई इस परियोजना से मगरवारा, मसवासी, शुक्लागंज व मरहला से तक का क्षेत्र प्रकाशित होगा।

बुधवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास कर कार्य की शुरुआत की। यह कार्य करीब तीन करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग यांत्रिक इकाई, लखनऊ के माध्यम से शुरू कराया



स्ट्रीट लाइट का शिलान्यास करते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

जायेगा। शिलान्यास के अवसर पर नेहरू बाग से सहजनी चौराहा तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। इसके साथ ही विधायक का जगह-जगह स्वागत हुआ। सहजनी चौराहा पहुंचने पर क्षेत्रीय जनता ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सहायक अभियंता, कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों के साथ सर्वेश लोधी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा सुरेश शुक्ला, सभासद विनय तिवारी, विकास मिश्रा, ईशान त्रिवेदी, पंकज पटेल, ज्ञान शंकर, राहुल तिवारी, जावेद, प्रदीप योगी, धीरज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### सहजनी चौराहा पर हाईमास्क लगाने की मांग

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** सहजनी चौराहा पर अंधेरे के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं से परेशान क्षेत्रीय लोगों ने बुधवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता का स्वागत कर चौराहा पर हाईमास्क लाइट लगाए जाने की मांग की। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बताया कि शाम होते ही चौराहा अंधेरे में डूब जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और राहगीरों को परेशानी होती है। स्वागत के दौरान गुड्डू गुप्ता, विशाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, गोपाल, देशराज, शंकरलाल, करतार सिंह, तस्लीम, प्रधान मुकेश, अमरपाल और दिलीप समेत कई क्षेत्रवासियों ने विधायक का माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने विधायक से हाईमास्क लाइट लगाने की मांग की।

## रूट क्लीयर न होने से कई ट्रेनें गंगाघाट स्टेशन पर रुकीं

**शुक्लागंज (उन्नाव):** कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग के डाउन ट्रैक पर बुधवार को रूट क्लीयर न होने के कारण शताब्दी समेत कई वीआईपी और एक्सप्रेस ट्रेनों को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अस्थायी रूप से रोका गया। इसके चलते मेमो और पैसेंजर ट्रेनों की समयसारिणी भी प्रभावित हुई और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल कार्य चलने के कारण डाउन लाइन पर सिग्नल मिलने में देरी हुई। दोपहर 12:50 बजे दिल्ली से लखनऊ जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को गंगाघाट स्टेशन पर रोका गया, जो लगभग 11 मिनट बाद रवाना की गई। इसके बाद जयपुर-गोमतीनगर ट्रेन भी करीब 1:15 से 1:17 तक स्टेशन पर खड़ी रही। इन एक्सप्रेस ट्रेनों को पहले गुजारा गया, जिससे पीछे आने वाली मेमो और पैसेंजर ट्रेनें काफी विलंब से स्टेशन पर पहुंचीं। इससे दैनिक यात्रियों, और स्कूली छात्रों को परेशानी हुई।

# तवज्जो न मिलने से पूर्व बार अध्यक्ष ने छोड़ी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- कार्यक्रम में आमंत्रित न करने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र शुक्ला ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि बीते विधान सभा चुनाव में बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी नेताओं व प्रत्याशियों ने मात्र चुनाव में सक्रिय रखने का कार्य किया। उसके बाद जिला नेतृत्व ने उन्हें किसी कार्यक्रम में आमंत्रित करना तक उचित नहीं समझा।

उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व व वर्तमान जिलाध्यक्ष से व्यक्तिगत रूप से कई बार अनुरोध किया गया कि पार्टी कार्यकर्मों में मुझे भी आमंत्रित किया करें किन्तु जिला नेतृत्व द्वारा कभी भी आमंत्रित नहीं किया गया। जिससे मैं अपने को



पत्रकारों से बात करते पूर्व बार अध्यक्ष सतीश चंद्र शुक्ला।

उपेक्षित महसूस कर रहा हूं। यहां तक की उन्नाव में राज्यपाल महोदया के आगमन पर भी मुझे आमंत्रण तो दूर कार्यक्रम तक की जानकारी नहीं दी गई। आठ बार बार अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता की भाजपा को आवश्यकता नहीं है तो मेरा पार्टी छोड़ देना ही एकमात्र विकल्प है। कहा कि इसके चलते मैं आज भाजपा की सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं।


# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मौरावां थानाक्षेत्र की किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला

**अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को अभियोजन पक्ष की दलील व साक्ष्य के आधार पर दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने दोषी को आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड भी लगाया गया है।

मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 23 जून 2018 को पड़ोसी बाबूलाल गौतम की बेटी की शादी थी। जिसमें शामिल होने वह 15 वर्षीय बेटी के साथ गई थी। रात एक बजे वह लोग खाना खाने जा रहे थे। तभी बेटी अन्य बच्चों के साथ टेंट से बाहर चली गई। तभी मौरावां निवासी मो. अनवर वहां आया और बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। साथ गए बच्चों ने लौटकर उसे इसकी जानकारी दी। इस पर उसने बेटी की खोज की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन



शुरू की और 3 दिन बाद उसे बरामद किया। इसके बाद उसे मेडिकल के लिए भेजा गया। घर लौटी किशोरी ने परिजनों को बताया कि अनवर उसे अपने घर ले गया था और उससे दुष्कर्म किया। इसमें उसकी मां अख्तरी ने भी सहयोग किया था। जिस पर पुलिस ने अनवर के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई थीं और अख्तरी पर सहयोग करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। मुकदमे के विवेचक ने आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठा कर 30 अक्तूबर 2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने अभियोजन विभाग से विशेष लोक अभियोजक की दलील व साक्ष्य के आधार पर मो. अनवर को दोषी माना और उसे आजीवन कारावास के आदेश दिये। साथ ही उस पर 61 हजार अर्थदंड भी लगाया। वहीं अख्तरी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया गया।

**छेड़छाड़ के दो आरोपियों को दो-दो साल की सजा, उन्नाव:** अचलगंज पुलिस ने 22 मई 2017 को क्षेत्र के तारगांव निवासी टीटू उर्फ जितेंद्र व बूंदी उर्फ धर्मेंद्र पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दोनों को जेल भेजा था। विवेचक तत्कालीन दरोगा प्रमोद यादव ने आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठा कर 6 जून 2017 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश ने अभियोजन विभाग से विशेष लोक अभियोजक प्रदीप श्रीवास्तव की दलील पर टीटू व बूंदी को दो-दो साल की सजा और 10-10 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

# बारिश में दगा इंसुलेटर, ढाई घंटे बिजली रही गुल

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** बुधवार दोपहर शुक्लागंज में हुई बारिश ने नगर की बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। सरैयां पॉवर हाउस के सामने स्थित एचटी लाइन का इंसुलेटर बारिश के कारण तेज आवाज के साथ फट गया, जिससे फीडर-2 की आपूर्ति करीब ढाई घंटे तक बाधित रही। इस दौरान दर्जनों मोहल्लों के हजारों उपभोक्ता बिजली संकट से जूझते रहे।

जानकारी के अनुसार, दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक नियमित रोस्टिंग के कारण बिजली सप्लाई बंद थी। रोस्टिंग खत्म होते ही जैसे ही बिजली आपूर्ति चालू की गई, उसी समय पॉवर हाउस के पास लगे एक एचटी पोल का इंसुलेटर दग गया। फॉल्ट होते ही पॉवर हाउस से जुड़े सभी फीडरों की सप्लाई रोक दी गई। कुछ देर बाद जब फॉल्ट की जांच हुई, तो यह फीडर-2 में



आदर्श नगर में एबीसी लाइन डालते विद्युत विभाग कर्मचारी। अमृत विचार

### उपभोक्ता परेशान

पाया गया। अन्य फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई, जबकि फीडर-2 की मरम्मत शुरू की गई। बिजली कर्मियों ने नया इंसुलेटर लगाकर शाम 6 बजे के बाद फीडर-2 की सप्लाई बहाल की। इस दौरान प्रभावित उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**एबीसी केबल डालने में पांच घंटे बिजली रही गुल:** बुधवार को बिजनेस प्लान के तहत आदर्श नगर मोहल्ले में एबीसी केबल डालने का कार्य किया गया। इसके चलते दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने पुराने तारों को हटाकर नई एबीसी केबल बिछाई। करीब पांच घंटे तक बिजली न रहने से हजारों लोगों को भीषण गर्मी और अन्य कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ा।

**बिजली विभाग का सख्त अभियान, 20 कनेक्शन काटे, वसूले 1.80 लाख, शुक्लागंज (उन्नाव):** नगर में बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर बुधवार को विद्युत विभाग ने सघन अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर बालूघाट चौकी क्षेत्र के कई मोहल्लों में बिजली कर्मियों ने कार्रवाई की।

मनोहर नगर, सीतराम कॉलोनी, गांधी नगर, बिन्दा नगर, श्रीनगर और रहमत नगर में विभागीय टीम ने बकाया न जमा करने वाले 20 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। वहीं, जिन उपभोक्ताओं ने मौके पर बकाया राशि जमा की, उनके कनेक्शन दोबारा जोड़े गए। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के तहत विभाग ने करीब 1 लाख 80 हजार रुपये का राजस्व वसूला है। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और सही समय पर बिल जमा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा स्नान से लौट रही महिला और भाई के साथ हुई मारपीट

**शुक्लागंज (उन्नाव):** बुधवार को गंगा स्नान कर लौट रही एक महिला और उसके भाई को दबंगों ने मोबाइल छीनने की कोशिश में पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की ओर से गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी गई है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

न्यू अम्बेडकर नगर निवासी प्रीति ने बताया कि वह बुधवार सुबह करीब पौने दस बजे अपने भाई के साथ गंगा स्नान करने के बाद वापस लौट रही थी। तभी पुराने पुल के पास शिव मंदिर के समीप रहने वाले एक युवक ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया, लेकिन वह बच गई। आरोप है कि इसी बात पर युवक ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और मिलकर प्रीति व उसके भाई की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़िता ने बताया कि पुल क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वाले अराजकतत्वों का सुबह-शाम जमावड़ा लगा रहता है, जो राहगीरों से अभद्रता और लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# गंगा स्नान के दौरान डूबा युवक

- चंडिका देवी मंदिर में दर्शन करने आया था फतेहपुर का युवक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत बक्सर क्षेत्र स्थित मां चंडिका देवी दरबार में दोस्तों के साथ गंगा स्नान व चंडिका देवी मंदिर में दर्शन करने आया फतेहपुर जिला निवासी किशोर स्नान के दौरान डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों से तलाश कराई लेकिन उसका पता नहीं चला। सूचना पर परिजन बक्सर घाट पहुंचे हैं। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शुक्लागंज से भी गोताखोर बुलवाए हैं।

फतेहपुर जिला के थाना ललौली के गांव गौज बऊवा निवासी नीरज (17) पुत्र सुरेश बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे पड़ोसी गांव करेरा निवासी प्रिंस, शिवम, दिव्यांश व अंकित के साथ बक्सर स्थित मां चंडिका देवी मंदिर दर्शन करने आए थे। दर्शन से पहले सभी गंगा स्नान करने लगे। स्नान के दौरान नीरज गहरे पानी में चला गया। खुद को डूबता देख उसने दोस्तों से बचाने



घटनास्थल का निरीक्षण करते सीओ व कोतवाल। अमृत विचार

की गुहार लगाई। लेकिन कोई दोस्त तैरना नहीं जानता था इसलिए वह भी वहां मौजूद लोगों से मदद मांगने लगे। तब तक नीरज पानी में डूब गया। डूबने की सूचना पर पहुंची बक्सर चौकी पुलिस ने गोताखोरों से तलाश शुरू कराई। लेकिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला। एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्रा ने बताया कि गोताखोरों को लगाया गया है। शुक्लागंज से भी गोताखोरों को बुलाया गया है। डूबे किशोर के परिजनों को सूचना दी गई थी। वह भी पहुंच गए हैं। युवक की तलाश की जा रही है।

**बाग में पड़ा मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं, नवाबगंज उन्नाव:** अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज चौकी क्षेत्र के गांव पिड़हरी के पास एक बाग में 40 वर्षीय युवक का नग्न शव मिला। इसे देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन, कामयाबी न मिलने पर जांच के बाद शव मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना लग रहा है। चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने बताया कि सूचना पर शव मोर्चरी भेजा गया है। बताया कि शव पिड़हरी गांव के पास कमलेश की बाग में मिला। शव कई दिन पुराना लग रहा है। कीड़े सिर का काफी हिस्सा खा गये हैं। शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि शरीर में कोई चोट है या नहीं।

## उन्नाव डायरी

### लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




एसडीएम को ज्ञापन देते सपा नेता अंकित सिंह परिहार व अन्य।

**उन्नाव, अमृत विचार :** भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था से परेशान क्षेत्रवासियों ने सपा नेता अंकित सिंह परिहार के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीघापुर को सौंपा है। इसमें अंकित सिंह परिहार ने कहा कि बदहाल विद्युत व्यवस्था से क्षेत्र के आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व ज़िम्मेदार अधिकारी कान बंद किये हैं। धान रोपाई के समय बिजली की समस्या को लेकर किसानों में हाहकार मचा है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शीघ्र सुधार न हुआ तो जनभावना के अनुरूप सपा क्षेत्र में जनआंदोलन करेगी। इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश पासवान, ज़िला उपाध्यक्ष रूप नारायण पटेल, ज़िला सचिव श्रीनारायण पाल, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य फूल चंद्र पासवान, पप्पू चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष शिव नारायण गौड़, विजय यादव, बिंदा प्रसाद लोधी, श्रीकृष्ण गौतम, पुनीत यादव आदि उपस्थित थे।



रक्षाबंधन के चलते बुकिंग काउंटर पर लगी महिलाओं की लाइन।

### रक्षाबंधन पर राखी पहुंचेगी देश-विदेश

**उन्नाव, अमृत विचार :** रक्षाबंधन में जिन बहनों के भाई उनके पास नहीं हैं और रोजी–रोटी कमाने के लिए बाहर रहते हैं। उन बहनों का संदेश राखी के रूप में भारतीय डाक विभाग बीते कई वर्षों से उनके भाइयों को ससमय उनके गंतव्य तक पहुंचा रहा है। इसी क्रम में डाक विभाग ने इस वर्ष भी विशेष तैयारी की है। विभाग ने वाटरप्रूफ व टिकाऊ राखी लिफाफा जारी किया है जिसमें राखियां सुरक्षित और समय पर गंतव्य तक पहुच सकें। राखी लिफाफे की समयबद्ध डिलीवरी करने के लिए विभाग ने विशेष एक्शन प्लान बनाया है। जिसमें समयबद्ध शोर्टिंग व डिलीवरी शामिल है। अधीक्षक डाकघर कानपुर सर्वेश कुमार ने बताया कि देश की हर बहन अपने भाई को एक बंधन स्वरूप राखी भेजती है उस भावना को सकुशल पहुंचाने का जो दायित्व हमारा प्रतिशत पूर्ण करना हमारा लक्ष्य है।



मेडल दिखाती नगर की यशिता।

### यशिता ने मेडल जीत किया नाम रोशन

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर की होनहार बालिका यशिता गुप्ता ने शिक्षा के साथ खेल जगत में भी अपना परचम लहराया है। लखनऊ में आयोजित 6वीं ओपन यूपी स्टेट प्रमोशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में यशिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 मीटर और 1000 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीतकर शुक्लागंज का नाम रोशन किया। गांधी नगर निवासी आशीष गुप्ता की बेटी यशिता कानपुर केवीएस स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा है। उसकी दादी एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष उमा गुप्ता, मां प्रियंका गुप्ता और कोच समीर खान ने उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी।



शिशु मंदिर में आयोजित हरियाली तीज के कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

### तीज पर गूंजे गीत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** पोनी रोड गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की शिशु वाटिका में हरियाली तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय व सभासद पूनम भारती ने किया। यहां बच्चों ने माताओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। शिक्षिकाएं अल्का, रत्ना, मनोरमा, नेहा गुप्ता, सोनी, वंदना और संगीता सक्रिय रहीं। कार्यक्रम में सरिता, गुंजन, शिवांगी, दीपाली, सोनम, आरती, कोमल, कृतिका, अर्पिता, श्रुति, प्रगति व शिवानी रहीं।

निर्देश

## जिला पोषण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें आपूर्ति पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चे, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, कायाकल्प व संभव अभियान की प्रगति समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थियों



बैठक में मौजूद सीडीओ कृति राज व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

को अधिक से अधिक लाभान्वित करने, बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर फींडिग कराने व आंगनबाड़ी केंद्रों को समय से पूर्ण कराने को लेकर संबंधित विभागों के अध्यक्षों व बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी को निर्देश दिए गए। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक, नवनियुक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

### पुलिस प्रशिक्षुओं को दी गई नेचुरोपैथी से स्वस्थ रहने की जानकारी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में आरटीसी प्रशिक्षुओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद की अध्यक्षता में हेल्थ एडवाइजर डॉ. सिद्धांत तावरे ने नेचुरोपैथी के बारे में जानकारी दी। डॉ. तावरे ने प्रशिक्षुओं को नेचुरोपैथी के महत्व व इससे स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे नेचुरोपैथी के माध्यम से वे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। प्रतिसार निरीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग में प्रशिक्षुओं का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को नेचुरोपैथी के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ रहने के तरीकों की जानकारी देना है।



कार्यक्रम में पुलिस प्रशिक्षुओं को जानकारी देते अतिथि।।

# अमृत विचार

गुरुवार, 31 जुलाई 2025



"हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।"



## भूकंप की त्रासदी

रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने दुनिया के सबसे बड़े और गहरे प्रशांत महासागर में भारी हलचल मचा दी। इस भूकंप ने एक दर्जन से अधिक देशों में सुनामी की दहशत पैदा करके लोगों को सुरक्षित स्थानों की तरफ भागने के लिए मजबूर कर दिया। सुनामी समुद्र में उठने वाली कई मीटर ऊंची तेज लहरें होती हैं, जो तीव्र गति से तट की ओर बढ़ती हैं। सुनामी लहरों के उत्पन्न होने का सबसे प्रभावी कारण भूकंप ही होता है। समुद्र के तटीय इलाकों पर तेजी से टकराकर ये बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान करती हैं। भारत साल 2004 में सुनामी का भयानक मंजर देख चुका है। हिंद महासागर में भूकंप के बाद आई सुनामी ने भारत सहित 14 देशों में भारी तबाही मचाने के साथ सवा दो लाख से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। लाखों लोगों को विस्थापन, भारी नुकसान, आघात और आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा था। वैसे यह जरूरी नहीं है कि हर भूकंप के कारण सुनामी आए। इसके लिए भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर या समीप होना आवश्यक है। इसी कारण सुनामी का कहर भूकंप की तीव्रता पर निर्भर करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार 7.8 से अधिक तीव्रता वाले भूकंप, ऐसी विशाल समुद्री लहरें पैदा कर सकते हैं, जो तटीय क्षेत्रों में तेजी से टकराकर घरों, इमारतों, और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर सकती हैं। पृथ्वी भले ही ऊपर से शांत नजर आती हो, लेकिन इसके भीतर हमेशा उथल-पुथल चलती रहती है। धरती के गर्भ में प्लेटों के आपस में टकराने के कारण भूकंप आते हैं। ऐसा माना जाता है कि धरती पर हर साल लाखों भूकंप के झटके आते हैं, लेकिन इनमें से कुछेक छोड़कर बाकी इतने मामूली होते हैं कि इन्हें रिकॉर्ड ही नहीं किया जा सकता।

भारत में भी इधर कुछ समय से भूकंप के झटके लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भूकंप के खतरे के लिहाज से देश को पांच जोन में बांटा गया है। इसमें सबसे जोखिम भरा पांचवां जोन है, जिसमें पूरे पूर्वोत्तर भारत के अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात राज्य आते हैं। इसी क्षेत्र में धरती के भीतर इंडियन प्लेट यूरेशियन प्लेट से सबसे ज्यादा टकराती है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर इलाका जोन चार में आता है। वैज्ञानिक लंबे समय से भूकंप की भविष्यवाणी करने के तरीके खोजने में लगे हैं, लेकिन अभी तक किसी सटीक नतीजे या तरीके पर नहीं पहुंच सके हैं। ऐसे ही सुनामी का भी पहले से अनुमान लगाना काफी मुश्किल है। हालांकि, एक बार जब वैज्ञानिक भूकंप के बारे में महत्वपूर्ण विवरण जान लेते हैं, तो सुनामी के खतरे का आकलन कर लेते हैं। इन परिस्थितियों में यही कहा जा सकता है कि भूकंप और सुनामी की प्राकृतिक त्रासदी से सुरक्षा के लिए सिर्फ बचाव के उपाय ही किए जा सकते हैं, जो भूंकपरोधी इमारतों के निर्माण और इस संबंध में जागरूकता से ही संभव हैं।

### प्रसंगवश

## मानवता की मर्यादा का आख्यान हैं तुलसी

भारतीय संस्कृति और संत परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास का स्थान अत्यंत विशिष्ट और अनुपम है। वे न केवल एक महाकवि थे बल्कि एक ऐसे संत भी थे, जिन्होंने समाज को रामभक्ति का सरल, सुबोध और भावपूर्ण मार्ग दिखाया। उनका जीवन और साहित्य दोनों ही अध्यात्म, भक्ति, मानवता, संस्कार और सनातन मूल्यों की समृद्ध झलक प्रस्तुत करते हैं। तुलसीदास की रचनाओं ने समाज में नई चेतना, आस्था और नैतिकता का संचार किया। आज जब आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के ह्रास की चिंता की जाती है, तब तुलसीदास की जयंती पर उनका स्मरण और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 31 जुलाई को श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाई जा रही है। यह दिन हमें उस महामानव की स्मृति से जोड़ता है, जिसने राम को जन-जन का भगवान बनाया और रामचरितमानस जैसे अनुपम ग्रंथ के माध्यम से भारतीय समाज को एकता, श्रद्धा और संस्कार की डोर में बांधा।



श्वेता गोयल
नई दिल्ली

> गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनभर सनातन धर्म, रामकथा और लोककल्याण को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे कभी किसी दरबार के प्रशंसा-पत्र या यश की चाह में नहीं रहे।

गोस्वामी तुलसीदास का जन्म संवत 1554 में उत्तर प्रदेश के राजापुर (चित्रकूट) नामक स्थान पर हुआ था। तुलसीदास की सबसे अमर और कालजयी रचना 'रामचरितमानस' है, जिसे लोकभाषा अवधी में लिखा गया। यह ग्रंथ न केवल एक धार्मिक महाकाव्य है, बल्कि एक सांस्कृतिक, सामाजिक और दार्शनिक धरोहर भी है। तुलसीदास की काव्य प्रतिभा केवल रामचरितमानस तक सीमित नहीं थी। उन्होंने 'हनुमान चालीसा', 'विनय पत्रिका', 'कवितावली', 'गीतावली', 'रामलला नहछू', 'पार्वती मंगल', 'जानकी मंगल', 'दोहावली' जैसी रचनाएं भी की, जिनमें भक्ति, नीति, दर्शन, भाव और संस्कार का अद्भुत संगम मिलता है। हनुमान चालीसा उनकी अत्यंत लोकप्रिय रचना है, जो आज भी करोड़ों लोगों के लिए न केवल एक प्रार्थना है बल्कि साहस, आस्था और सुरक्षा की ढाल है। तुलसीदास का समस्त साहित्य रामभक्ति को केंद्र में रखता है परंतु उसमें केवल धर्म की बातें नहीं हैं। उसमें समाज सुधार, नीति शिक्षण, स्त्री सम्मान, सेवा भावना, सत्य, करूणा, समर्पण, समानता, राष्ट्रप्रेम और मानवता की भी अद्भुत झलक मिलती है। गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनभर सनातन धर्म, रामकथा और लोककल्याण को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे कभी किसी दरबार के प्रशंसा-पत्र या यश की चाह में नहीं रहे। उन्होंने भिक्षावृत्ति अपनाकर जीवनयापन किया और जन-जन में राम नाम का संचार किया। तुलसीदास का जीवन स्वयं एक प्रेरणा है कि कैसे एक सामान्य मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य, विश्वास और श्रद्धा के बल पर ईश्वर से साक्षात्कार कर सकता है। उनका यह कथन 'तुलसी मस्तक तब नवै, धरे राम को नाम' जीवन का मूल मंत्र है, जिसमें समर्पण, विश्वास और भक्ति की चरम अवस्था निहित है। उन्होंने भगवान को पाने के लिए योग, तप, तीर्थ या आडंबर का मार्ग नहीं अपनाया बल्कि सहज प्रेम और निष्काम भक्ति का मार्ग अपनाया। उनका दृष्टिकोण यह था कि ईश्वर का नाम स्वयं सबसे बड़ा साधन है और रामनाम से बढ़कर कोई यज्ञ, तप या व्रत नहीं।

आज जब हम गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मना रहे हैं, तब यह केवल एक परंपरा का निर्वाह नहीं बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है। हमें चाहिए कि हम उनकी रचनाओं को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रखें बल्कि उनके विचारों को जीवन की कठिनाईयों में संबल और दिशा के रूप में अपनाएं। गोस्वामी तुलसीदास की वाणी और उनका जीवन आज भी हमारे लिए स्थायी प्रेरणा का स्रोत है।

# भारतीयों की विदेशों में बसने की बढ़ती प्रवृत्ति





अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> भारत से उच्च और प्रतिभाशाली लोग लगातार देश छोड़कर विदेशों में जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा और कार्यकुशलता के बल पर बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर बन बैठे हैं और यही कारण है कि अब ये विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की आंखों में खटकने लगे हैं।

विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद यह तथ्य विचारणीय है कि आखिरकार एक बड़ी संख्या में भारतीय विदेशों में प्रवास के लिए भारत से क्यों जा रहे हैं? विदेशी नागरिकता लेना और ग्रीन पासपोर्ट धारी होना इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है? पिछले सप्ताह राज्यसभा मे एक प्रश्न के ज़बाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि विगत 6 साल में 10 लाख से ज्यादा लोग भारत छोड़कर चले गए है। वर्ष 2024 में 2 लाख से ज्यादा भारतीयों ने अपनी नागरिकता त्याग दी है। हालांकि कोरोना काल के दौरान नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या में कमी आई थी, लेकिन बाद में फिर नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। विदेश मंत्रालय के एक अन्य आंकड़े के अनुसार लगभग 3.2 करोड़ भारतीय दूसरे देशों में बतौर प्रवासी रह रहे हैं। इनमें से 1.32 करोड़ नान रेजिडेंट इंडियन हैं, जबकि 1.86 करोड़ लोग दूसरे देशों की नागरिकता तक ग्रहण कर चुके हैं। एक अनुमान है कि हरेक साल कम के कम 25 लाख भारतीय प्रवासी बन रहे हैं। इनमें वह आंकड़ा शामिल नहीं है, जिसमें पर्यटक वीजा पर दूसरे देशों में जाने वाले भारतीयों में से कई लोग लौटते ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त डंकी रुट अर्थात अवैध अप्रवासन के आंकड़े इससे काफी अधिक हैं। यह चिंताजनक स्थिति है।

हालांकि हम इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकते हैं कि इन्हीं अप्रवासी भारतीयों में से ही आज अमेरिका की करीब 20 बड़ी और दुनिया की 35 प्रमुख कंपनियों की कमान भारतीय मूल के लोग संभाल रहे हैं। इनमें कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेशमा केवल रामानी, शनेल की लीना नायर, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के सत्य नाडेला, फेडएक्स के राज सुब्रमण्यम, अरिस्टा नेटवर्क के जयश्री वी उल्लाल, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और टेस्ला के सीएफओ वैभव तनेजा आदि शामिल हैं। प्रतिष्ठित बिजनेस पत्रिका फॉर्च्यून की सूची में शामिल 552.5 लाख करोड़ रुपए के कुल बाजार पूंजीकरण वाली 11 कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। दुनिया के तीन शेयर बाजारों नैस्डैक, एनवाईएसई और एलएसई में सूचीबद्ध टॉप 300 फर्म्स में से 61 प्रतिशत ऐसी हैं, जिनमें भारतीय मूल के सीईओ या बोर्ड मेंबर हैं। इनमें 23 प्रतिशत का नेतृत्व भारतीय मूल की महिलाएं कर रहीं हैं। सकारात्मक रूप से देखें तो ये अप्रवासी भारतीय डायस्पोरा का प्रचार-प्रसार कर रही है और जहां भी है और जिस देश में है, वहां भारतीयता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ इन लोगों का वहां स्थानीय तौर पर विरोध भी हो रहा है। फिजी, मारीशस जैसे अन्य देशों में जहां अंग्रेज़ी शासन काल में गिरमिटिया या कुली लोग चले गए थे, वहां ये भारतवंशी बहुसंख्यक हैं तथा शासन सत्ता में नेतृत्व संभाल रहे हैं। हाल के वर्षों में ऋषि सुनक और कमला हैरिस जैसे भारतीय अप्रवासी विश्व राजनीति की महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती है। ये सच है कि भले ही वहां की अर्थव्यवस्था, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में इन भारतीय अप्रवासियों का योगदान महत्वपूर्ण हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को अब यह अखरने लगा है कि ये भारतीय हमारे संसाधनों पर आकर कब्जा कर रहे हैं। उनपर क्षेत्रीयता हावी हो रही है। रंगभेद और भाषा बोली का अंतर दिख ही जाता है। भूरे रंग के अप्रवासी होने के कारण इनको विदेशो में पूर्वाग्रह, भेदभाव और नस्लवाद का सामना भी करना पड़ता हुआ। अपनी सभ्यता संस्कृति को छोड़कर इन्हें स्थानीय सभ्यता संस्कृति अपनानी पड़ती है फिर स्थानीय समाज में दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

स्वाभाविक रूप से स्थानीय सत्ता और सरकार पर भी इसका असर पड़ रहा है। भारत से उच्च और प्रतिभाशाली लोग लगातार देश छोड़कर विदेशों में जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा और कार्यकुशलता के बल पर बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर बन बैठे हैं और यही कारण है कि अब ये विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की आंखों में खटकने लगे हैं। उन्हें लग रहा है कि ये हमारे रोजगार और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि भारतीय प्रतिभा के बल पर ही ये कंपनियों का व्यवसाय इतना आगे बढ़ पाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान है कि गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी टेक कंपनियों से कहा कि वे भारत में फैक्ट्री बनाना और वर्कर्स हायर करना बंद करें। कंपनियां अमेरिका फर्स्ट को अपनाएं। डोनाल्ड ट्रंप ने तो विश्वविद्यालयी शिक्षा में भी विदेशी छात्रों पर रोक लगाया है। यह स्थिति भारतीय अप्रवासियों को विदेशों मे दोयम दर्जे का बनाती है। पिछले एक दशक में बिजनेस परिवारों में युवा पीढ़ी के लोग अच्छी-खासी संख्या में कानूनी तरीके से विदेश गए हैं। इसके लिए सबसे लोकप्रिय रास्ता है स्टूडेंट वीजा, जिससे 'ब्रेन ड्रेन' होता है। गुजरातियों का सर्वाधिक मनपसंद गंतव्य अमेरिका है। इसके अतिरिक्त अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच मेक्सिको और कनाडा के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में लगभग 90 हजार भारतीय गिरफ्तार हुए थे, जिनमें आधे गुजरात से थे। पंजाब में जब उग्रवाद हावी था तो दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में काफी लोग बहाने बनाकर गए। कनाडा और आस्ट्रेलिया आने मनपसंद देश है। पिछले एक दशक में पंजाब से सिक्खों के बजाय हिंदुओं ने देश छोड़ा है। इस ट्रेंड का प्रभाव हिमाचल और हरियाणा में भी दिखने लगा है। सच कहें तो इस प्रवृति को रोकने की जरूरत है। यह प्रवृत्ति जब तक रुकेगी नहीं, भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की सोच नहीं सकता है।

### आमने सामने



केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा, "भारत के प्रधानमंत्री सदन के अंदर जो भी कहेंगे, वही सच है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया, विदेश मंत्री ने उससे पहले स्पष्ट किया कि संघर्ष विराम के लिए किसी का कोई दबाव नहीं था और यह किसी के निर्देश पर नहीं हुआ"

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, "यह 29वीं बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि युद्धविराम में उनकी भूमिका थी। अगर ट्रंप 29 बार वैश्विक मंच पर कह चुके हैं कि युद्धविराम व्यापार के बदले में हुआ था, तो यह भारत की छवि के खिलाफ है। प्रधानमंत्री को भी इसे खुले तौर पर खारिज करना चाहिए ताकि भारत की वैश्विक छवि को नुकसान न पहुंचे।"



# अस्मिता बचाने को मधेशी दलों में जद्दोजहद



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> नेपाल के मधेश राजनीति में एक नाम तेजी से उभर कर सामने आ रहा है हृदयेश त्रिपाठी का! हृदयेश त्रिपाठी भारत सीमा से एक दम सटे नेपाली भू भाग नवल परासी के निवासी हैं और यही उनका चुनाव क्षेत्र भी है जहां से वे कई बार सांसद और मंत्री रहे हैं।

राजशाही समाप्त होने के बाद नेपाल की राजनीति में मधेशी दलों का दबदबा था। अब वे अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में हैं। लोकतांत्रिक नेपाल में 2008 में पहली बार हुए चुनाव में नेपाली संसद में मधेशी दलों के सांसदों की संख्या 60-70 के करीब थी। आज घटकर मात्र 15-20 रह गई है। इसका सबसे बड़ा कारण मधेशी दलों में बिखराव और करीब 70-80 लाख युवाओं, महिलाओं और युवतियों का भारत सहित अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में पलायन करना है। वेशक पलायन की यह पूरी की पूरी संख्या अकेले मधेश क्षेत्र की नहीं है लेकिन सर्वाधिक संख्या इसी क्षेत्र की है। बिखरे हुए मधेशी दलों को अपनी ग़लती का शायद एहसास हुआ है और वे धीरे-धीरे एक मंच पर आना शुरू कर दिए हैं। मौका है मधेश क्षेत्र में होने जा रहा एक उपचुनाव। भारत सीमा से सटे भैरहवा यानी प्रतिनिधि सभा क्षेत्र संख्या तीन का उपचुनाव यूं तो नेपाल की राजनीति में कोई खास मायने नहीं रखता लेकिन यह उप चुनाव मधेशी दलों की अस्मिता का सवाल है। इस क्षेत्र से राजा समर्थक पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के दीपक बोहरा लगातार सांसद होते रहे हैं। दीपक बोहरा की छवि हिंदू वादी नेता की रही है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीबी रहे हैं। बाद में पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के भी करीबी थे। पिछले दिनों उनका निधन हो गया। इस नाते क्षेत्र संख्या तीन में उपचुनाव होना है।

मौजूदा समय में नेपाल के मधेश राजनीति में एक नाम तेजी से उभर कर सामने आ रहा है हृदयेश त्रिपाठी का! हृदयेश त्रिपाठी भारत सीमा से एक दम सटे नेपाली भू भाग नवल परासी के निवासी हैं और यही उनका चुनाव क्षेत्र भी है जहां से वे कई बार सांसद और मंत्री रहे हैं। मौजूदा समय में वह जनता प्रगतिशील पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस पार्टी का मधेश के सभी जिलों में मजबूत संगठन है ही पहाड़ के जिलों तक भी इसका विस्तार हुआ है। हृदयेश त्रिपाठी ने पहल कर करीब आधा दर्जन मधेश दलों एक मंच पर ले आने में सफलता हासिल कर ली है। नाम दिया है लोकतांत्रिक मोर्चा! इस मोर्चा के गठन के पीछे क्षेत्र संख्या तीन के उपचुनाव में सत्ता रूढ़ एमाले सहित राजा वादी पार्टी राप्रपा को हराना अथवा कड़ी टक्कर देना है। स्वर्गीय दीपक बोहरा जिसके निधन के बाद यहां उपचुनाव होना है, वे इस क्षेत्र के बहुत ही लोकप्रिय नेता रहे हैं। काफी संभावना है कि राप्रपा इन्हीं के परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाए। यदि ऐसा हुआ तो लोकतांत्रिक मोर्चा के उम्मीदवार को चुनाव जीत पाना संभव नहीं है। हां यदि कड़ी टक्कर ही दे पाए तो यह मधेशी दलों के पुनर्जीवन का संकेत जरूर होगा।

भारत सीमा से सटे नेपाल के बड़े भूभाग को मधेश अथवा तराई के नाम से जाना जाता है। बता दें कि नेपाल का भू-भाग दो भागों में बंटा हुआ है। एक मैदानी क्षेत्र दूसरा पहाड़ क्षेत्र। राजशाही के वक्त से ही नेपाल में राजनीति से लेकर सेना, पुलिस और सरकारी नौकरियों में पहाड़ियों का ही वर्चस्व है जो अभी भी कायम है। 2008 के चुनाव में मधेशियों की ताकत से पहाड़ी वर्चस्व दरकता हुआ दिखाई पड़ने से पहाड़ी लोग सकते में आ गए। फिर एक चाल चली गई कि मधेशी राजनीति कमजोर कैसे हो। इसके लिए संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन की योजना बनाई गई जिसमें नेपाली कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस परिसीमन के माध्यम से तराई के संसदीय सीटों को, जो पहले पूरब पश्चिम का था उसे उत्तर दक्षिण को कर दिया। ऐसा करके मधेश वोटरों को विभाजित कर दिया गया। मधेश के ज्यादातर संसदीय सीट जो मधेश बाहुल्य थे वहां अब एक तिहाई मधेशी और दो तिहाई पहाड़ी वोटर हो गए। मधेशी दल इसका विरोध करते रह गए लेकिन नेपाली कांग्रेस सहित सभी पहाड़ी प्रभुत्व वाले दलों ने मधेशियों के विरोध पर ध्यान ही नहीं दिया। नेपाल के उत्तर पहाड़ियों की संख्या अधिक है। इस तरह राजनीतिक रूप से मधेशियों को कमजोर करने का बड़ा कदम उठाया गया। संसदीय सीटों के इस परिसीमन का नतीजा यह रहा कि नेपाली संसद में मधेशियों की संख्या लगातार घटती गई। यहां यह गौर करने की बात है कि पूर्व में मधेश की राजनीति में नेपाली कांग्रेस का दबदबा रहता था, मधेशी जनता नेपाली कांग्रेस को अपना हितैषी मानती रही लेकिन यह बहुत देर में समझ पाई कि आखिर नेपाली कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी मधेशी नेता को क्यों नहीं बनाया जबकि मधेश में एक से एक कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद हैं। नेपाल का नया संविधान भी नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार में लागू हुआ जिसमें मधेशी जनता के तमाम अधिकारों की अनदेखी की गई। हृदयेश त्रिपाठी के प्रयासों से गठित लोकतांत्रिक मोर्चा पूर्व में लागू संविधान में संशोधन की आवाज बुलंद कर उसमें मधेशियों के हक और अधिकार को समाहित करने की मांग तेज करेगा जिसमें संसदीय सीटों का परिसीमन निरस्त कर उसे पूर्ववत रखने की मांग प्रमुख है। नागरिकता विसंगति भी बड़ा मसला है। संविधान में नागरिकता संबंधी अधिकार का नियम कुछ यूं है कि इससे लाखों की संख्या में विवाहित भारतीय महिलाएं नागरिकता से वंचित हैं। मधेश से जुड़े ऐसे ही कुछ मसले हैं जिनकी नेपाल के लोकतांत्रिक संविधान में अनदेखी की गई, लोकतांत्रिक मोर्चा की इसे लेकर पूरे मधेश में आंदोलन चलाने की तैयारी है। लोकतांत्रिक मोर्चा में मुख्यतः उपेंद्र यादव, अशोक राई, बृजेश चंद लाल, रेशम चौधरी, सीके राउत की पार्टियां शामिल हैं। इन दलों का मधेश के अपने अपने क्षेत्रों में खासा प्रभाव है। सभी मिलकर यदि मधेश की जीवंत समस्याओं के समाधान को लेकर लोगों को जागरूक कर पाए तो निसंदेह भारत सीमा से सटे नेपाल के लंबे चौड़े भू-भाग की राजनीति में ऐसा बदलाव होगा जिससे संपूर्ण नेपाल की राजनीति प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी और ऐसा हुआ तो मधेशी दलें नेपाल की राजनीति में एक बार फिर अपना परचम लहराने में कामयाब होंगी।

### सामयिकी

## पितृसत्तात्मक संरचना और स्त्री सशक्तिकरण

कई बार स्त्री के सामने इस तरह प्रश्न रखा जाता है-क्या चाहिए, सुरक्षा या स्वतंत्रता? आज जैसा माहौल बना दिया गया है, स्वतंत्रता की हर इच्छा और नया कदम स्त्रियों को असुरक्षा की ओर ले जाता है। इस उद्देश्य से तरह-तरह के भय निर्मित किए जाते हैं, पुराने धर्म की दुहाई दी जाती है और महसूस कराया जाता है कि उन्हें सुरक्षा की जरूरत है, अर्थात पितृसत्ता की छांव में लौटो।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> तनिक सोच लिया जाए, पितृसत्ता ध्वस्त हो गई। लेकिन जाति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। सांप्रदायिकता फैली हुई है। धार्मिक अंधविश्वास पहले से बढ़े हैं। विदेशी कंपनियां छाती जा रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेरोजगारी बढ़ा रहा है।

अर्थात स्वतंत्रता के बारे में ज्यादा न सोचो, सुरक्षा के बारे में सोचो। खाने-पहनने, मिलने-जुलने, साथी चुनने, घर से बाहर रहने, बोलने आदि हर मामले में लिमिट में रहो। धार्मिक महंत-बाबा भी अब खूब मुखर हैं, इन दिनों वे स्त्रियों की जमकर क्लास ले रहे हैं। आज कहने की जरूरत है कि स्त्रियों को सुरक्षा और स्वतंत्रता दोनों चाहिए, पर जमाना किस दिशा में बदल रहा है?

इन दशकों में स्त्री मुक्ति की धारणा को हटाकर स्त्री-सशक्तिकरण की प्रतिष्ठा की गई है। समाज की पितृसत्तात्मक संरचना को बरकरार रखते हुए स्त्री-सशक्तिकरण। क्या यह स्त्री मुक्ति आंदोलन के धीमा पड़ते जाने का समय है?

क्या स्त्रियां नई-नई लक्ष्मण रेखा खींचने के प्रयासों और पद-सम्मान के जरिए महज चिह्न बना दिए जाने की व्यवस्था को चुनौती देने की स्थिति में हैं?

तनिक सोच लिया जाए, पितृसत्ता ध्वस्त हो गई। लेकिन जाति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। सांप्रदायिकता फैली हुई है। धार्मिक अंधविश्वास पहले से बढ़े हैं। विदेशी कंपनियां छाती जा रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेरोजगारी बढ़ा रहा है। प्रशासन में पारदर्शिता नदारद है। देश में हिंसक प्रांतीयता बढ़ रही है। समाज में लूट-मार, अपराध बढ़ रहे हैं। बिग मीडिया में स्त्री एंकर छाई हुई हैं, पर वे अदृश्य हाथों की कठपुतलियां हैं। उच्च उपभोक्ता बाजार का एक नया जाल बन गया है। क्या पितृसत्ता इन चीजों के रहते हुए ध्वस्त हो सकती है? क्या इनका सामना किए बिना पितृसत्ता का बाल भी बांका किया जा सकता है? इसपर सोचा जाना चाहिए कि इन समस्याओं के प्रति गंभीरता कितनी है और इन समस्याओं से बचने की कोशिश कितनी है। आज स्त्रियों में महज चिह्न बना दिए जाने के विरुद्ध कितना असंतोष है और कितनी आतुरता है? यह केवल एक जिज्ञासा है।

### सोशल फोरम

## मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी तो कोर्ट करेगा हस्तक्षेप

बिहार मतदाता सूची पुन निरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में कुछ स्थितियां स्पष्ट होती नजर आई है। याचिकाकर्ताओं ने रिवीजन पर रोक की मांग नहीं की, बल्कि क्रियान्वयन की गड़बड़ियों पर अपनी बात कही और जिन 65 लाख मतदाताओं का नाम काटे जाने की बात कही जा रही है उनको लेकर कुछ सवाल किए। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा मतदाता सूची का ड्राफ्ट आ जाने के बाद जिन मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं आएगा उनके पास क्लेम करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा। उस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा मतदाता सूची का जो ड्राफ्ट आएगा उसके बाद जिन मतदाता सूची के नाम पिछली सूची में थे और अभी काट दिए गए हैं उन्हें न्याय पाने का पूरा अधिकार रहेगा। न्यायलय ने व्यवस्था दी सूची जारी करना एक संवैधानिक प्रक्रिया है और हमारा मानना यह है की चुनाव आयोग उसे पूरे पवित्रता से कर रहा है ऐसे में एक बार उसका ड्राफ्ट आ जाए और यदि उसके बाद आपको कहीं भी लगे किन्हीं 15 मतदाताओं के साथ भी गड़बड़ी हुई है तो कोर्ट आपकी प्रार्थना स्वीकार कर सकता है।



प्रमोद जैन पिंटू
भवानी मंडी

चुनाव आयोग के वकील ने कहा की 15 सितंबर तक ड्राफ्ट कॉपी पटल पर रख देंगे तो इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की उन्होंने कहा की 12 और 13 अगस्त वह तारीख हमारे पास सुनवाई के लिए है, और आपने जिस समय सीमा में ड्राफ्ट सूची रखने की बात कही है, आप उसकी पालना करें उल्लेखनीय है की चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एक तारीख तक यानी 1 अगस्त तक ड्राफ्ट सूची तैयार करने की बात कही थी।

याचिकाकर्ताओं के वकीलों का कहना था चुनाव आयोग जानबूझकर ज्यादा समय मांग रहा है ताकि एक बार प्रक्रिया प्रारंभ हो जाए तो वह इस बात का बहाना ले की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है न्यायालय अपने कार्रवाई चुनाव के बाद करें। वरना प्रक्रिया बाधित होगी। कोर्ट ने इसी तर्क के आधार पर चुनाव आयोग से कहां संदर्भ की प्राथमिकता है इसलिए आपको तय समय सीमा पर अपना कार्य करना चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से जब यह कहा गया की 22 लाख लोगों को जनवरी की समरी रीवीजन के बाद चुनाव आयोग मृत बता रहा है, तो सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि आप 15 मतदाता ऐसे ला देना जिन्हें मृत बताया गया है और वह जीवित है। तो कोर्ट सख्ती से अपना काम करेगा। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को आवश्यक दस्तावेज में शामिल करने की बात कही थी और इन 66 लाख मतदाताओं पर जिनका नाम ड्राफ्ट सूची में ना आने पर उनके पास कोई अधिकार नहीं रहता उन्हें भी नाम काटे जाने की स्थिति में दोबारा जुड़वाने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद सुनने की बात कह कर चुनाव आयोग का किकर्तव्यविमुढ कर दिया है।

क्योंकि एसआईआर को लेकर कई गड़बड़ियों का जिक्र पहले ही हो चुका है मनोज झा ने राजद की ओर से दायर अपने याचिका में पहले ही ऐसे मतदाताओं के नाम की सूची दर्ज की है जिसमें मरने के बाद भी उनके नाम मतदाता सूची में शामिल है और आधार कार्ड और मतदाता एपिक कार्ड के बाद जिन लोगों के बिना दस्तावेज के फॉर्म भी सबमिट किए गए हैं अपलोड किए गए हैं उनके लिए भी एक बहुत बड़ा आधार बन जाएगा अपना नाम सूची में अंकित रखवाने के लिए।

-फेसबुक वॉल से

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सख्ती, रैगिंग निषेध अधिनियम में सजा का प्रावधान और शैक्षिक संस्थानों द्वारा की जाने वाली सतत निगरानी से मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले छात्रों को मानसिक व शारीरिक यातना देने वाली रैगिंग भले ही रुक गई हो, लेकिन जिस तरह से डिजिटल रैगिंग के मामले सामने आने शुरू हुए हैं, उसने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के नए सत्र को लेकर तमाम चिंताएं खड़ी कर दी हैं।*

## कॉलेज में पहला कदम...
# डिजिटल रैगिंग का डर



डिजिटल रैगिंग को साइबर बुलिंग भी कहा जाता है। यह तेजी से पांव पसारती हुई गंभीर समस्या है, जो पीड़ित छात्र को मानसिक और भावनात्मक रूप से आहत करती है। साइबर बुलिंग में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग से किसी को परेशान करने के साथ डराया या अपमानित किया जाता है। शैक्षणिक संस्थानों में साइबरबुलिंग के शिकार छात्र भावनात्मक रूप से गंभीर पीड़ित हो सकते हैं। उनके आत्मसम्मान और शैक्षणिक प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। अलग-थलग पड़कर पढ़ाई में रुचि खोकर कक्षाएं तक छोड़ सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्यसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की सबसे अधिक 33 शिकायतें उत्तर प्रदेश से आई थीं। बिहार में इस तरह की 17, राजस्थान में 15 और मध्यप्रदेश से 12 शिकायतें मिली थीं।

### कैसे होती है डिजिटल रैगिंग या ट्रोलिंग, ऐसे होगी रोकथाम

डिजिटल रैगिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स, या ईमेल के माध्यम से की जाती है। किसी को सोशल मीडिया पर लगातार अपमानजनक संदेश भेजना या अभद्र भाषा का प्रयोग करना, ऑनलाइन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। इसी तरह किसी को परेशान करने के लिए सामूहिक रूप से टिप्पणी करना या संदेश भेजना ट्रोलिंग में आता है। किसी की प्रोफाइल फोटो या निजी जानकारी का उपयोग करके फर्जी प्रोफाइल बनाकर दुरुपयोग करना ऑनलाइन झूठी और अपमानजनक बातें फैलाने को भी इसमें शामिल किया गया है। सरकार ने रैगिंग रोकने के लिए मेडिकल कॉलेजों और अन्य संस्थानों में रैगिंग की रोकथाम और निषेध विनियम 2021 का पालन अनिवार्य किया है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने भी डिजिटल रैगिंग की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं।

**80%**

भारत में साइबर बुलिंग की दर है, किशोरों और युवाओं के बीच। मैकेफी के 'हिडेन इन प्लेन साइट' अध्ययन में भारत को दुनिया के सर्वाधिक प्रभावित देशों में बताया गया है।



### फर्जी आईडी से जूनियर छात्रों को मैसेज और फोन कॉल

कानपुर के एक मेडिकल कॉलेज के सीनियर छात्रों ने भी कुछ दिनों पहले एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के हॉस्टल के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्डों का पहरा देखकर ई-रैगिंग का रास्ता खोजा था। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर जूनियर छात्रों को मैसेज भेजकर रैगिंग की गई। कुछ सीनियर छात्रों ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अलग-अलग स्थानों से मैसेज और फोन कॉल करके जूनियर छात्रों को मानसिक प्रताड़ना दी। पीड़ित छात्रों के इंस्टाग्राम चैट का स्क्रीन शॉट और फोन कॉल की डिटेल लिए जाने पर मामले का खुलासा हुआ। साइबर सेल की जांच में पता चला कि सीनियर छात्रों ने फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाई थी। कॉलेज प्रशासन ने हॉस्टल में रैगिंग के आरोप में आठ सीनियर छात्रों को छह महीने के लिए सस्पेंड करके सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से रोक दिया था।

**75%**

मामले झूठी अफवाह, सामाजिक बहिष्कार और चिढ़ाऊ नाम आदि से संबंधित होते हैं।

### सुरक्षित डिजिटल स्पेस चाहिए तो चुप न रहें

डिजिटल रैगिंग या साइबर बुलिंग शैक्षणिक संस्थानों में भय और अविश्वास की संस्कृति बढ़ाती है। इसके बावजूद अक्सर पीड़ित छात्र चुप रह जाते हैं। घटनाओं की संस्थान या पुलिस में रिपोर्ट नहीं करते। इसके पीछे उन्हें शर्मिंदगी का डर और विधायी उपायों की जानकारी नहीं होना होता है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 और उसके बाद के संशोधन कुछ कानूनी उपाय प्रदान किए हैं, लेकिन इनका प्रवर्तन बड़ी चुनौती है। ऐसे में युवाओं को सुरक्षित डिजिटल स्पेस प्रदान करने के लिए जागरूकता जरूरी है। प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी सामग्री नियंत्रण में सुधार करके, अपमानजनक व्यवहार रोकने वाले टूल्स उपलब्ध कराने चाहिए।

**फर्जी आईडी या प्रोफाइल से छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से आहत करने की बढ़ती घटनाओं ने खड़े किए नए सवाल**



*लेखक: मानस सेठ, युवा उद्यमी हैं और शैक्षिक व सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं*

### एक-दूसरे को थप्पड़ मारने का टॉस्क और रेन डांस

बीएचयू में डिजिटल रैगिंग के दौरान प्रथम वर्ष के छात्रों को एक-दूसरे को थप्पड़ मारने का टॉस्क दिया गया। कूलर में पानी भरवाने के साथ ही पानी में भिगोकर डांस भी करवाया गया। विरोध जताने वाले जूनियर छात्रों को कक्षा से बहिष्कार की धमकी दी गई। प्रताड़ित छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को ई मेल से शिकायत की तो बीएचयू के एंटी रैगिंग सेल ने जांच की और 28 छात्रों को दोषी पाया।

## जॉब अलर्ट

### आईबी में 4,987 पदों पर भर्ती
- गृह मंत्रालय के तहत इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने सिक्योरिटी असिस्टेंट तथा एग्जीक्यूटिव के पद पर 4,987 रिक्तियों की घोषणा की है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 17 अगस्त तक चलेगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.mha.gov.in/en/notifications/vacancies पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बीएसएफ में ट्रेड्समैन नियुक्ति
- बार्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में 3588 कुक, मोची, नाई, वॉशरमैन, वॉटर कैरियर, कारपेंटर, स्वीपर जैसे ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई के प्रमाणपत्र धारक 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

### पैरामेडिकल भर्ती, एमपी
- मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने पैरामेडिकल के 752 पदों पर भर्ती निकाली है। आवेदन 11 अगस्त तक कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### अग्निवीर के आवेदन
- भारतीय सेना/नौसेना/वायु सेना में अग्निवीर भर्ती-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 है। इसके बाद लिखित व शारीरिक परीक्षा होगी।

### सीआरपीएफ कांस्टेबल
- सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल मिनिस्टीरियल और एएसआई स्टेनो भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 12 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।

### मध्य प्रदेश शिक्षक भर्ती

| | |
|---|---|
| कुल पद | 13089 |
| योग्यता | ग्रेजुएट |
| अंतिम तिथि | 06/08/2025 |

### पूर्वी रेलवे में अप्रेंटिस

| | |
|---|---|
| कुल पद | 3115 |
| योग्यता | 10वीं |
| अंतिम तिथि | 08/08/2025 |

## इस हफ्ते प्रतियोगी परीक्षाएं

### नीट पीजी -2025
- इस परीक्षा का इंतजार खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तीन अगस्त को परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 15 जून को होने वाली थी।

### यूपीएससी सीएपीएफ
- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सीएपीएफ परीक्षा तीन अगस्त को दो पालियों में आयोजित होगी।

## बड़े काम की बात

### बीटेक में दाखिला लें अथवा बीई का विकल्प चुन सकते
- बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) और बीई (बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग) दोनों ही चार साल की अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग डिग्री हैं। लेकिन दोनों के कोर्स में कुछ अंतर है। बीटेक पाठ्यक्रम जहां प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर अधिक केंद्रित रहता है, इसमें तकनीकी और सॉफ्टवेयर विषयों पर अधिक जोर दिया जाता है। इसके मुकाबले बीई में पारंपरिक इंजीनियरिंग विषयों के सैद्धांतिक ज्ञान और सिद्धांतों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है। बीटेक में व्यावहारिक और परियोजना आधारित शिक्षा पर अधिक जोर रहता है, जबकि बीई में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ डिजाइन पर अधिक जोर रहता है। इन्हीं कारणों से बीटेक को बीई की तुलना में अधिक उद्योग उन्मुख माना जाता है। बीटेक में प्रवेश आमतौर पर जेईई या राज्यों की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है, वहीं बीई में प्रवेश विश्वविद्यालय आधारित प्रवेश परीक्षाओं के जरिए होता है। हालांकि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन दोनों डिग्रियों को समान मान्यता देता है, और दोनों पाठ्यक्रमों के लिए नौकरी के अवसर भी समान हैं। बीई डिग्री प्रदान करने वाले प्रसिद्ध संस्थान बिट्स पिलानी, अन्ना विश्वविद्यालय हैं, जबकि आईआईटी, एनआईटी जैसे संस्थान बीटेक डिग्री प्रदान करते हैं।



### डिप्लोमा धारकों के लिए है बीटेक लैटरल एंट्री
- बीटेक लैटरल एंट्री उन छात्रों के लिए है, जो डिप्लोमा धारक हैं और अब आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हैं। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने वालों के लिए में बीटेक लैटरल एंट्री एक शानदार विकल्प है। इस प्रोग्राम के जरिए सीधे बीटेक में दूसरे साल की पढ़ाई शुरू की जा सकती है। यह खास मौका उन छात्रों के लिए होता है जो 10वीं या 12वीं के बाद तीन साल का इंजीनियरिंग डिप्लोमा कर चुके हैं।




**देश के सबसे पुराने कॉलेज ने देश भर के गैर आईआईटी संस्थानों में बनाई नई साख**

## रसोई से रोबोट तक मतलब एचबीटीयू

कानपुर स्थित हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक शताब्दी से अधिक के गौरवशाली इतिहास का मजबूत प्रकाश स्तंभ है। ऑयल, पेंट, प्लास्टिक, फूड, लेदर टेक्नालॉजी के साथ संस्थान आईटी और कम्प्यूटर साइंस में भी अपना कमाल दिखा रहा है। साल 1921 में अपनी स्थापना के बाद से संस्थान ने देश के औद्योगिक और तकनीकी विकास में यादगार भूमिका निभाई है। संस्थान ने आईआईआरएफ रैंकिंग- 2024 में पहले गैर आईआईटी संस्थान के रूप में टॉप- 10 संस्थानों में जगह बनाकर अपनी प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया है।

एचबीटीयू की शुरुआत 1920 में कानपुर में सरकारी अनुसंधान संस्थान की स्थापना के साथ हुई थी। यह पहल सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर की दूरदर्शिता से प्रेरित थी, जो उस समय संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश का पूर्ववर्ती नाम) के गवर्नर थे। कानपुर की उस समय की औद्योगिक स्थिति के अनुरूप चमड़ा, रंगाई, चीनी के रसायन विज्ञान को गति देने के लिए इस संस्थान की आवश्यकता महसूस की गई। 25 नवंबर,1921 को सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर ने मुख्य भवन की आधारशिला रखी । प्रतिष्ठित डाई वैज्ञानिक डॉ. ईआर वॉटसन को पहला प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। 1926 में इसका नाम बदलकर हरकोर्ट बटलर टेक्नालॉजिकल इंस्टीट्यूट (एचबीटीआई) किया गया। पहली सितंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्थान का हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) के रूप उन्नयन कर दिया।

### ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंसेज को भी स्थान


एचबीटीयू को मुख्य रूप से चार अलग-अलग स्कूलों इंजीनियरिंग, केमिकल, बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज तथा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज में व्यवस्थित किया गया है । इनके अंतर्गत 13 स्नातक (बीटेक) कार्यक्रम तथा बीबीए, 11 एमटेक कार्यक्रमों के साथ एमसीए, एमबीए के अलावा भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में एमएससी डिग्री एवं सभी विभागों में पीएचडी कार्यक्रम संचालित हैं । विश्वविद्यालय के सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग पीएचडी कार्यक्रमों के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केंद्रों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं।

### आरएंडडी में पहला स्थान नवाचार विनिमय में छलांग
- एचबीटीयू एक उत्कृष्टता केंद्र वाला संस्थान है जिसमें अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) तथा इनक्यूबेशन पर विशेष जोर है। विश्वविद्यालय ने आरएंडडी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। अनुसंधान और एमओयू श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग में एचबीटीयू को सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान मिला है। संस्थान ने कैंपस में आरएंडडी का उन्नत केंद्र स्थापित करने के लिए जर्मन बहुराष्ट्रीय निगम नार्डिश एनर्जी सिस्टम्स के साथ एमओयू किया है।

### केमिकल, पेंट, ऑयल और फूड टेक्नालॉजी में बादशाहत
- एचबीटीयू में हालिया प्लेसमेंट में केमिकल इंजीनियरिंग ने कंप्यूटर साइंस और आईटी इंजीनियरिंग को पछाड़ दिया। केमिकल इंजीनियरिंग के 66 छात्रों को 78 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले। दूसरे स्थान पर पेंट, ऑयल और फूड टेक्नोलॉजी में 95 फीसदी और तीसरे नंबर पर इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल ब्रांच में 90 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ।

## नई किताबें

- अमेजन बुकशॉप पर उपलब्ध मैट रिचटेल की पुस्तक-हम कैसे बड़े होते हैं, में स्मार्ट फोन की दिलचस्प बहस को आगे बढ़ाती हुई गैर-काल्पनिक कथा को पिरोया गया है। पुलित्जर पुरस्कार विजेता न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकार मैट रिचटेल द्वारा लिखी गई यह पुस्तक इस बहस के साथ शुरू होती है कि क्या स्मार्टफोन का इस्तेमाल किशोरों में चिंता और अवसाद बढ़ा रहा है। पुस्तक में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य संकट के अस्तित्व पर सवाल उठाने के बजाय, रिचटेल का मानना है कि आज किशोरों द्वारा महसूस किया जा रहा संकट उस दुनिया के लिए एक उचित प्रतिक्रिया है, जिसकी चुनौतियां शारीरिक की बजाय अमूर्त और बौद्धिक होती जा रही हैं। किशोरावस्था बदल गई है। यौवन की उम्र कम हो गई है, जिससे युवा पहले से कहीं अधिक समय तक असुरक्षित स्थिति में फंसे रहते हैं और स्मार्टफोन के प्रलोभनों के लिए विशेष रूप से खुले होते हैं।




- लुसेंट की लिखी प्राथमिक अंकगणित पुस्तक गागर में सागर जैसी है। यह पुस्तक गणितीय अवधारणाओं को समझने और सीखने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी है। इसमें अंकगणित के बुनियादी सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से समझाया गया है। पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं एसएससी, रेलवे, बैंकिंग आदि की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नों के साथ उनका समाधान भी उपलब्ध कराती है। पुस्तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित है। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतर सवाल पूछे जाते हैं। पुस्तक में छात्रों को अभ्यास करने और अपनी समझ की जांच करने के लिए पर्याप्त प्रश्न दिए गए हैं। पुस्तक अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर ऑनलाइन के अलावा बाजार में भी उपलब्ध है।




**लेखक : प्रो. क्षमा त्रिपाठी, कानपुर**

| बाजार | संसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,481.86 | 24,855.05 |
| बढ़त | 81,481.86 | +33.95 |
| प्रतिशत में | 0.18 | 0.14 |

सोना : 98,520 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,14,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025
www.amritvichar.com



# म्यूचुअल फंड उद्योग पर निवेश की बारिश

## वित्त वर्ष की पहली तिमाही में औसत निवेश बढ़ा, बड़े-छोटे दोनों तरह के फंड हाउस निवेशकों को जोड़ने में सफल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में निवेशकों के औसत निवेश यानी औसत एयूएम प्रति फोलियो में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एम्फी के आंकड़ों पर किए गए विश्लेषण के मुताबिक, मार्च 2025 में यह आंकड़ा रुपये 2.87 लाख था, जो जून 2025 तक बढ़कर 3.12 लाख हो गया है।

एयूएम प्रति फोलियो में यह बढ़त दर्शाती है कि निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंड में लगातार बढ़ रहा है और वे उच्च मूल्य की निवेश योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जहां कुछ फंड हाउस बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं कई फंड हाउसों में छोटे लेकिन तेजी से बढ़ते निवेशक आधार को जोड़ने की रणनीति दिख रही है। जून 2025 के आंकड़ों के अनुसार, यूनिफी म्यूचअल फंड ने एक बार फिर रुपये 15.72 लाख प्रति फोलियो के औसत एयूएम के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद ओल्ड ब्रिज म्यूचअल फंड 6.33 लाख और एसबीआई म्यूचअल फंड रुपये 6.02 लाख के औसत निवेश के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं।

अन्य प्रमुख फंड हाउसों में एचएसबीसी म्यूचुअल फंड 5.47 लाख, कोटक म्यूचुअल फंड 5.31 लाख, इनवेस्को, बंधन और ट्रस्ट म्यूचअल फंड भी उच्च औसत निवेश स्तर पर कायम हैं। मार्च से जून 2025 के बीच के बदलावों को देखने पर, ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने रुपये 1.25 लाख की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड रुपये 69,423 की बढ़ोतरी के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि ट्रस्ट ने रुपये 58,193 की बढ़त के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### बाजार की स्थिरता से तेज हो सकता फंड निवेश



आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार, आने वाली तिमाहियों में अगर बाजार स्थिरता बनाए रखता है, तो म्यूचुअल फंड पर निवेशकों के भरोसे का ट्रेंड और तेज हो सकता है। उनके मुताबिक एंजिल वन म्यूचुअल फंड ने सबसे अधिक 96.57 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। लेकिन इसका टिकट साइज अभी भी रुपये 31,000 के करीब ही है। ग्रो म्यूचअल फंड, जो युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, ने रुपये 4,133 की बढ़ोतरी के साथ 29.50 फीसदी वृद्धि हासिल की है। इसी तरह यूनिफी म्यूचुअल फंड ने भले ही सबसे ऊंचा औसत टिकट साइज बनाए रखा हो, लेकिन इस तिमाही में इसके औसत एयूएम प्रति फोलियो में रुपये 1.32 लाख की गिरावट यानी 7.7 फीसदी की कमी आई है।

### लगातार दूसरे दिन तेजी से सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक मजबूत बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से लॉर्सन एंड टुब्रो के शेयर में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 281.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, लार्सन एंड टुब्रो में 4.87 प्रतिशत की तेजी आई। इसका कारण बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के शुद्ध लाभ में अच्छी वृद्धि है। टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.47 प्रतिशत की गिरावट आई। विभिन्न रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहन विनिर्माता कंपनी 4.5 अरब डॉलर के सौदे में इटली की कंपनी की ट्रक इकाई का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत कर रही है।

# अमेरिका का ऊंचा शुल्क चौंकाने वाला झींगा निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर

- कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी ने कहा- ऊंचा शुल्क लगाने का फैसला बहुत बुरा

नई दिल्ली, एजेंसी




कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी ने कहा है कि अमेरिका के 25 प्रतिशत के ऊंचे शुल्क और जुर्माने से भारत के समुद्री खाद्य निर्यात, विशेष रूप से झींगा मछली के निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत का शुल्क और रूस से सैन्य खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा की है।

यह शुल्क एक अगस्त से लागू होगा। गुलाटी ने कहा कि ट्रंप का सभी भारतीय वस्तुओं पर ऊंचा शुल्क लगाने का फैसला बहुत बुरा और चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल 10-15 प्रतिशत शुल्क की उम्मीद थी। उन्होंने बताया, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ट्रंप अप्रत्याशित और दंडात्मक रुख वाले हैं। गुलाटी ने कहा कि इस कदम से देश के झींगा निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा तथा कम शुल्क और अमेरिका से करीबी भौगोलिक नजदीकी रखने वाले इक्वाडोर को फायदा होगा। झींगा निर्यात के अलावा, भारत के वस्त्र उद्योग पर उच्च अमेरिकी शुल्क का प्रभाव भी देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से हमें जो बड़ा लाभ मिलता है, वह उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बेअसर हो जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का झींगा निर्यात लगभग 4.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो कुल समुद्री खाद्य निर्यात का 66 प्रतिशत है।

### भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के प्रभाव का अध्ययन कर रही है। ट्रंप ने भारत से आने वाले सभी सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। साथ ही, उन्होंने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए इस शुल्क के ऊपर जुर्माना भी लगाने की घोषणा की है। सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर ध्यान दिया है। सरकार इसके प्रभाव का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

# एप्पल ने उत्पादों की खरीद के लिए वीडियो कॉल पर सलाह सेवा शुरू की

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारत में संभावित ग्राहकों के लिए एक वीडियो परामर्श सेवा शुरू की है जिसके माध्यम से एप्पल विशेषज्ञ से जुड़कर उपयुक्त उत्पाद चुनने में व्यक्तिगत सलाह ली जा सकती है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस सेवा के जरिये ग्राहक एप्पल के आईफोन 16 एवं अन्य उत्पादों के बारे में जान सकेंगे, मॉडल की तुलना कर सकेंगे और उनकी खरीदारी के वित्तपोषण विकल्पों की जानकारी भी ले सकेंगे।

एप्पल ने कहा कि भारत ऐसा दूसरा देश है जहां पर 'शॉप विद अ स्पेशलिस्ट ओवर वीडियो' सेवा शुरू की गई है। बयान के मुताबिक, इस सेवा के तहत ग्राहक सुरक्षित, एकतरफा वीडियो कॉल के जरिये एप्पल स्टोर टीम के सदस्य से जुड़ेंगे। विशेषज्ञ ग्राहक की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त उत्पाद के बारे में सुझाव देंगे। यह सेवा आईओएस और गैर-आईओएस दोनों उपकरणों पर उपलब्ध है और फिलहाल अंग्रेज़ी भाषा में दी जा रही है।

### देश में स्मार्टफोन की बिक्री जून तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून, 2025 तिमाही में मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ा और मार्च तिमाही की सुस्ती से उबरने में सफल रहा। शोध संस्था काउंटरपॉइंट के मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। काउंटरपॉइंट ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में एप्पल के आईफोन 16 मॉडल की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, आलोच्य तिमाही में भारतीय स्मार्टफोन बाजार बिक्री मात्रा के लिहाज से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि बिक्री मूल्य के आधार पर यह बढ़ोतरी 18 प्रतिशत की रही।

# माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी की सभी सेवाएं कीं बहाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिका का निपटारा हुआ, दोनों ही कंपनियों ने की पुष्टि




माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प ने रूसी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की सभी सेवांए बहाल कर दी हैं। इस कदम के बाद माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दायर मुकदमे का निपटारा नायरा एनर्जी के पक्ष में कर दिया गया है। नायरा और माइक्रोसॉफ्ट दोनों कंपनियों ने ईमेल पहुंच एवं अन्य सेवाओं को बहाल किए जाने की पुष्टि की।

नायरा ने सेवाओं के एकतरफा निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई से ठीक पहले माइक्रोसॉफ्ट ने सेवाएं बहाल कर दीं। नायरा एनर्जी ने बयान में कहा, कंपनी पुष्टि करती है कि उसके परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सभी माइक्रोसॉफ्ट सेवाएं पूरी तरह से बहाल कर दी गई हैं और इसकी व्यावसायिक निरंतरता और डेटा अखंडता में कोई व्यवधान नहीं आया है। नायरा, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सशुल्क सेवाओं का इस्तेमाल कर रही थी। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को ये सेवाएं अचानक और एकतरफा ढंग से बंद कर दी थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद नायरा एनर्जी को सेवाएं देना बंद कर दिया था।

# भारत में सड़क परियोजनाओं में सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं : आईआरएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



- गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता, कहा- चेतावनी संकेतों की कमी, बैरिकेड का अभाव, बिना रोशनी वाले मोड़ देखे गए

अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) की भारतीय इकाई ने बुधवार को कहा कि देश में ज्यादातर सड़क परियोजनाएं खराब तरीके से चिह्नित या बिना रोशनी वाले मोड़ जैसे बुनियादी सुरक्षा मानदंडों का पालन किए बिना ही चल रही हैं और इस कारण जानलेवा दुर्घटनाएं होती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने बयान में पूरे भारत में सड़क निर्माण क्षेत्रों में और उसके आसपास होने वाली मौत और गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जतायी है। भारतीय इकाई आईआरएफ-आईसी के अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा, कई निर्माण स्थलों पर, आईआरएफ की भारतीय इकाई ने मोड़ या लेन बंद होने के बारे में पहले से ही चेतावनी संकेतों की कमी, बैरिकेड का अभाव, खराब तरीके से चिह्नित या बिना रोशनी वाले मोड़ देखे हैं। ये बेहद खतरनाक हैं और इसके परिणामस्वरूप खासकर रात में गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में ऐसे किसी व्यक्ति की तैनाती नहीं होती जो बताए कि आगे रास्ता गड़बड़ है। इसके साथ गति नियंत्रण के उपाय भी अपर्याप्त हैं। इसके कारण आमने-सामने की टक्कर, गलत दिशा में गाड़ी चलाने और जानलेवा दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जबकि ये सभी घटनाएं रोकी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे पर हाल ही में हुई एक दुखद घटना इसका एक अच्छा उदाहरण है। चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण एक बिना चिन्हित मोड़ के कारण दो वाहनों की आमने-सामने की एक जानलेवा टक्कर हुई। संकेतकों और लेन अलग करने की व्यवस्था की कमी के कारण एक वाहन गलत दिशा में चला गया।



# ऑपरेशन सिंदूर अब भारत की नयी नीति का आधार

## राज्यसभा में जयशंकर ने कहा- संघर्षविराम में कोई मध्यस्थता नहीं हुई

मानसून सत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर को क्रूरतम पहलगाम आतंकी हमले की सोची-समझी सटीक प्रतिक्रिया करार देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि यह अब भारत की नयी नीति का आधार बन गया है। जयशंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम को लेकर किसी भी तीसरे पक्ष की ओर से कोई मध्यस्थता नहीं हुई।



राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करते विदेश मंत्री जयशंकर।

उन्होंने कहा इसका सवाल ही नहीं उठता। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस सैन्य कार्रवाई को रोकने का व्यापार से कोई संबंध नहीं था। जयशंकर ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि भारत ने बरसों बरस आतंकवाद का दंश सहा है और ऑपरेशन सिंदूर से हमने लक्ष्य हासिल किए। उच्च सदन में यह चर्चा मंगलवार को शुरू हुई थी। विदेश मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 16 जून के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई। विपक्ष सरकार पर यह आरोप लगा रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता और व्यापारिक दबाव के कारण भारत ने सैन्य अभियान रोका। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने का दावा किया है। जयशंकर ने कहा, भारत अब सीमा पार से आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान की हर आक्रामकता का जवाब हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे ठोस कदमों से देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जरिये पाकिस्तान ने 'लक्ष्मण रेखा' लांघी है। विदेश मंत्री ने कहा कि इस हमले के दोषियों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक था।

### भाषाओं को 8वीं अनुसूची में शामिल की मांगों पर विचार के लिए कोई समय सीमा नहीं

सरकार ने राज्यसभा में कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में अधिक भाषाओं को शामिल करने की मांगों पर विचार करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की जा सकती क्योंकि वर्तमान में इसके लिए कोई निश्चित मानदंड नहीं है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

### ट्रंप का नाम नहीं ले पा रहे मोदी क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरा सच बता देंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यस्थता संबंधी दावा करने के संदर्भ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया क्योंकि उन्हें पता है कि अगर वह ऐसा करेंगे तो ट्रंप सारी सच्चाई सामने रख देंगे। उन्होंने संसद परिसर में संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सबको मालूम है कि क्या हुआ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री ने यह नहीं कहा कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। सबको मालूम क्या हुआ है। बोल नहीं पा रहे हैं, यह वास्तविकता है। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया, वह (ट्रंप) खुलकर बोल देंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे। इसलिए (मोदी) नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, अभी वह (ट्रंप) व्यापार समझौता चाहते हैं। वहां (ट्रंप) दबाएंगे। आप देखना कि कैसा व्यापार समझौता होता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संवददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने गोलमोल तरीके से बात की है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री सीधे कहें कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने झूठ बोला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा था।

# कोर्ट का तमिलनाडु सरकार पर कटाक्ष बालाजी से जुड़े मुकदमे की सुनवाई के लिए स्टेडियम की पड़ेगी जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से आरोपियों और गवाहों का ब्यौरा मांगा



उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े नौकरी के बदले नकदी घोटाला मामले में 2000 से अधिक लोगों को आरोपी बनाए जाने पर तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाई तथा सभी आरोपियों और गवाहों का ब्यौरा मांगा।

पूर्व मंत्री से जुड़े मामलों की सुनवाई को बिना पतवार वाली नौका करार देते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यदि न्यायपालिका ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो अनिच्छुक राज्य सरकार नकद के बदले नौकरी घोटाले में पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों को दबाकर बंद करना चाहती थी। पीठ ने घोटाले के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले और मामलों को एक साथ करने के फैसले का विरोध करने वाले वाई. बालाजी की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, इस मामले में 2,000 से अधिक आरोपी और 500 गवाह होने से यह भारत का सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला मुकदमा होगा। इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायालय का छोटा कक्ष पर्याप्त नहीं होगा तथा सभी अभियुक्तों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक क्रिकेट स्टेडियम की जरुरत पड़ेगी।

# कोली को बरी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

निठारी कांड

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में आरोपी सुरेन्द्र कोली को बरी किये जाने के खिलाफ दायर 14 याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निष्कर्षों में कोई खामी नहीं थी।

साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 का हवाला देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि खुले नाले से पीड़ितों की खोपड़ियां और अन्य सामान बरामद करना पुलिस के समक्ष कोली के बयान के बाद नहीं किया गया था। पीठ ने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपी का बयान दर्ज किए बिना की गई कोई भी बरामदगी साक्ष्य कानून के तहत सबूत के रूप में स्वीकार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि केवल उन बरामदगी को ही साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, जो केवल आरोपियों की पहुंच वाले स्थान से की गई हों, तथा जो मुख्य रूप से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित मामले में साक्ष्य के रूप में स्वीकार की जा सकती हैं।

# सेना प्रमुख ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**इंफाल।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने राज्य में असम राइफल्स और सेना की परिचालन तत्परता का आकलन किया। उन्होंने बताया कि जनरल द्विवेदी को मणिपुर में जमीनी हालात और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रही पहलों के बारे में भी जानकारी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने तथा सैन्य-नागरिक सहयोग बढ़ाने के लिए मणिपुर का दौरा किया।

# कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने दर्ज कीं 22 प्राथमिकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर में बिल्डरों-बैंकों की साठगांठ का मामला

सीबीआई ने एनसीआर में मकान खरीददारों से धोखाधड़ी के लिए बिल्डरों और बैंकों के बीच साठगांठ से संबंधित मामले की जांच करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत 22 प्राथमिकी दर्ज की हैं।

सीबीआई ने अपनी अलग-अलग प्राथमिकियों में जेपी स्पोर्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, अजनारा इंडिया लिमिटेड, वाटिका लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, सुपरटेक और आइडिया बिल्डर्स को नामजद किया है। सीबीआई ने बताया कि एजेंसी की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में भारतीय स्टेट बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पीरामल फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जैसे बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के नाम भी शामिल हैं। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की है।

### रेल ट्रैक पानी-पानी



भरतपुर जिले के सवाई माधोपुर में बुधवार को भारी बारिश के बाद रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। एजेंसी

## वर्ल्ड ब्रीफ

### तेलंगाना: एमबीबीएस छात्र ने आत्महत्या की

**करीमनगर (तेलंगाना)।** आदिलाबाद स्थित राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जयपुर निवासी साहिल चौधरी (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि साहिल दोपहर की कक्षा में शामिल नहीं हुआ था और वह कॉलेज परिसर में स्थित छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया गया। साथी छात्रों ने साहिल को अनुपस्थित पाकर कर्मचारियों को इसकी सूचना दी जिन्होंने उसे अपने कमरे में बेसुध पाया। साहिल के माता-पिता को सूचित कर दिया गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

### थाईलैंड : पटाखों में विस्फोट, नौ की मौत

**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड में पटाखा कारखाने में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। विस्फोट बैंकॉक से लगभग 95 किमी उत्तर-पश्चिम में सुफान बुरी प्रांत में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। हादसे के बाद दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। प्रांतीय सरकार के जनसंपर्क विभाग ने बताया है कि घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। लापता लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। घटनास्थल के वीडियो में खेतों में लकड़ी की क्षतिग्रस्त इमारतें दिखाई दे रही हैं। जनवरी 2024 में इसी क्षेत्र में हुई एक ऐसी ही घटना में लगभग 20 लोग मारे गए थे।

### बाढ़: दक्षिणी म्यांमार से 2800 लोगों को निकाला

**यांगून।** म्यांमार के कायिन प्रांत के म्यावड्डी कस्बे में बाढ़ में फंसे 771 घरों के कुल 2,851 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग ने कहा कि भारी बारिश के कारण थाउंग्यिन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया जिसके कारण लोगों को सुरक्षित निकाला गया। मौसम एवं जल विज्ञान विभाग के अनुसार आज म्यावड्डी में नदी खतरे के निशान से लगभग 12 फीट ऊपर बह रही है और अगले दिन तक खतरा बना रहने की आशंका है।

### इक्वाडोर : सशस्त्र हमले में पांच लोग मरे

**क्विटो।** इक्वाडोर के प्रशांत तटीय प्रांत मनाबी में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला मकान पर सशस्त्र हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर भेजा गया। जांच में पता चला कि हमलावरों ने पीड़ितों पर गोलियां चलाईं। मृतकों में से चार लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिनमें अवैध हथियार रखना, डकैती, हत्या और तस्करी शामिल है, पांचवां एक 16 वर्षीय लड़का था। पुलिस ने मनाबी में हिंसा में वृद्धि का कारण मादक पदार्थों की तस्करी, धनशोधन और वसूली पर नियंत्रण के लिए दो गिरोहों के बीच चल रही आपसी लड़ाई को बताया है।

# यूएन ने टीआरएफ और पाकिस्तान के आतंकी संबंधों का किया पर्दाफाश

## टीआरएफ को पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जोड़ा, भारत की कूटनीतिक जीत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान में सक्रिय द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसे भारत की एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति निगरानी दल (एमटी) रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की ऐसी पहली रिपोर्ट है जिसमें टीआरएफ को आतंकवादी संगठन बताते हुए इसे सीधे पाकिस्तान के आतंकवादी नेटवर्क से जोड़ा गया है। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समिति के सभी फैसलों पर परिषद के सदस्यों की सर्वसम्मति होती है। इस साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे।

इसका रिपोर्ट का असर यह होगा कि संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के तहत टीआरएफ की पहचान एक आतंकवादी समूह के रूप में होगी। इससे संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों पर 1267 व्यवस्था के तहत टीआरएफ और उससे संबंध रखने वाले लोगों या संस्थाओं के खिलाफ संपत्ति की ज़ब्ती, यात्रा, वित्तीय और हथियार बेचने पर रोक सहित दूसरे तरह के प्रतिबंधों को लागू करने की जिम्मेदारी आ जाएगी। रिपोर्ट का दक्षिण एशिया खंड पहलगाम हमले से शुरू होता है। इसमें टीआरएफ के हमले की ज़िम्मेदारी लेने और बाद में उससे मुकरने का ज़िक्र है। इसमें उसके लश्कर-ए-तैयबा से संबंधों का भी बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 22 अप्रैल को पांच आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक पर्यटन स्थल पर हमला किया। इसमें 26 नागरिक मारे गए। उसी दिन हमले की ज़िम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने ली। भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को राजकीय नीति के रूप में इस्तेमाल करने पर लगातार चिंता जताई है और संयुक्त राष्ट्र का टीआरएफ को चिन्हित करना उसकी एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। अमेरिका ने भी इस महीने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया था।



### दुनिया भर में अपमानित हुआ पाकिस्तान, सफल नहीं हुई टीआरएफ का जिक्र दबाने की कोशिश

पाकिस्तान ने रिपोर्ट में आए टीआरएफ के जिक्र को पहले दबाने की कोशिश की थी और उसके विदेश मंत्री इशहाक डार ने पाकिस्तान की संसद में गलत दावा किया कि पहलगाम हमले की निंदा वाले परिषद के बयान में टीआरएफ का उल्लेख उनकी कोशिशों के बाद हटा दिया गया है। पाकिस्तान के लिए यह काफी अपमानजनक है कि एमटी रिपोर्ट में टीआरएफ को शामिल किया गया है और साथ ही क्षेत्रीय आतंकवाद मामले में पाकिस्तान की संलिप्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखा गया है। यह रिपोर्ट 2019 के बाद संरा का ऐसा पहला दस्तावेज है जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी समूहों के साथ टीआरएफ के संबंधों की पुष्टि की गई है।

### घटनास्थल की तस्वीर प्रकाशित की दो बार ली जिम्मेदारी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध निगरानी दल ने रिपोर्ट में कहा हा कि (टीआरएफ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की दो बार जिम्मेदारी ली थी और घटनास्थल की एक तस्वीर भी प्रकाशित की थी। संयुक्त राष्ट्र दल ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि यह हमला पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा और उनसे जुड़े व्यक्तियों एवं संगठनों पर विश्लेषणात्मक समर्थन और प्रतिबंध निगरानी दल की मंगलवार को 36वीं रिपोर्ट में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया है। पहलगाम हमले के बाद 25 अप्रैल को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर कहा था कि ऐसे घृणित आतंकवादी कृत्य के जिम्मेदार अपराधियों, षडयंत्रकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है। हालांकि, तब पाकिस्तान के दबाव में बयान में टीआरएफ का नाम शामिल नहीं किया गया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि सुरक्षा परिषद में बयान पर चर्चा के दौरान पाकिस्तान ने टीआरएफ के नाम का किसी भी प्रकार का उल्लेख हटवाने की कोशिश की थी।

## वैश्विक स्तर पर बढ़तीं उपलब्धियां

# अंतरिक्ष में भारत

भारत की गिनती विश्व की शीर्ष छह अंतरिक्ष शक्तियों में होती है। कम लागत, उच्च तकनीक और स्वदेशी लॉन्चिंग क्षमता की अपनी सबसे बड़ी ताकत के बलबूते भारत को वैश्विक वाणिज्यिक उपग्रह लॉन्च बाजार में तेजी से उभरता खिलाड़ी माना जाता है। वर्ष 2024 तक भारत ने 400 से ज्यादा विदेशी उपग्रह लॉन्च कर चुका है।

### अंतरिक्ष में भारत की शुरुआत

- भारत ने अपना अंतरिक्ष अभियान सन् 1962 में शुरू किया था। इसके बाद 1969 में इंडियन स्पेस रिसर्च ऑरगेनाइजेशन यानी इसरो की स्थापना की गई।
- भारत ने आर्यभट्ट नाम का अपना पहला उपग्रह सन् 1975 में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। इस काम में सोवियत संघ ने भारत की महत्वपूर्ण मदद की थी।
- भारत ने पहले स्वदेशी रॉकेट SLV-3 से 1980 में रोहिणी उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया और स्वदेशी रॉकेट से उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन गया।

निसार



### शीर्ष छह देशों में शामिल

अमेरिका सबसे आगे है जिसकी एजेंसी नासा मानव अंतरिक्ष यात्रा, मंगल रोवर, जेम्स वेब टेलीस्कोप, चंद्र मिशन जैसी सफलताएं अर्जित कर चुकी है। दूसरे नंबर पर रूस, तीसरे पर चीन है। इसके बाद चौथे नंबर पर यूरोपीय संघ और पांचवें नंबर पर जापान का नाम आता है। भारत छठे नंबर पर है।

### इसरो और नासा

- इसरो की स्थापना सन् 1969 और नासा की स्थापना 1958 में हुई थी।
- वर्ष 2024-25 में इसरो का बजट 13 हजार करोड़ रुपये था, जबकि नासा का बजट 25 बिलियन डॉलर यानी दो लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा था।
- इसरो कोई मानव मिशन लॉन्च नहीं कर पाया है, नासा अब तक दो मानव मिशन लॉन्च कर चुका है।
- इसरो कम संसाधनों में अधिक करके दिखाता है। नासा के पास अधिक संसाधन हैं। नासा ने दो अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित किए हुए हैं।

### प्रमुख अंतरिक्ष उपलब्धियां

- वर्ष 2008 में चंद्रयान-1 लॉन्च किया गया जो भारत का पहला चंद्र मिशन था। इसने चंद्रमा पर पानी की खोज की पुष्टि की।
- वर्ष 2013 में मार्स ऑर्बिटर मिशन यानी मंगलयान लॉन्च कर पहली कोशिश में मंगल की कक्षा में पहुंचने वाला पहला एशियाई देश बना।
- वर्ष 2017 में भारतीय अंतरिक्षक विज्ञानियों ने पीएसएलवी-सी37 मिशन के तहत एक साथ 104 उपग्रह लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- वर्ष 2019 में चंद्रयान-2 मिशन के तहत लैंडर 'विक्रम' का चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया गया। ऑर्बिटर अब भी सक्रिय है।
- वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 मिशन के तहत सफल सॉफ्ट लैंडिंग की गई और भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना।
- वर्ष 2023 में आदित्य-एल 1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला मिशन था। 2024 में पहला पोलरिमेट्री आधारित एक्स-रे मिशन भी लॉन्च हुआ।

### भारत की भावी अंतरिक्ष योजनाएं

पहला मानवयुक्त मिशन गगनयान 2025 और चंद्रयान-4 नाम से चंद्र सैंपल रिटर्न मिशन 2030 के आसपास संभावित है। भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन भी स्थापित करने की योजना पर भी काम कर रहा है। इसके अलावा, शुक्र मिशन, मंगलयान-2, नाविक नाम से अपना जीपीएस सिस्टम, पुन: प्रयोज्य रॉकेट के साथ प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देना भारत की प्रमुख अंतरिक्ष योजनाओं में शामिल है।

### चीन सबसे तेज

चीन ने बहुत कम समय में अत्यधिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें मानव मिशन, चंद्रमा पर रोवर और सैंपल रिटर्न और खुद का स्पेस स्टेशन स्थापित करना शामिल है।

## थाईलैंड और कंबोडिया ने संघर्ष विराम पर जताई प्रतिबद्धता

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया ने चीन के हस्तक्षेप के बाद संघर्ष विराम के पालन को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। मलेशिया में हुआ संघर्ष विराम समझौता सोमवार आधी रात से लागू होना था, हालांकि उसके बाद भी दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमलों के आरोप लगाए हैं।

थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया पर मंगलवार तड़के कई हमले करने का आरोप लगाया। हालांकि कंबोडिया ने कहा कि किसी जगह गोलीबारी नहीं हुई। इसपर थाईलैंड की सेना ने बुधवार को दोनों ओर से गोलीबारी होने की जानकारी दी। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने बुधवार सुबह एक बयान में कहा, "इस तरह की आक्रामकता एक बार फिर कंबोडियाई बलों द्वारा युद्ध विराम समझौते के स्पष्ट उल्लंघन को दर्शाती है।" हालांकि, बुधवार दोपहर तक दोनों पक्षों ने संघर्षविराम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस बीच शंघाई में एक बैठक में दोनों पक्षों के प्रतिनिधि चीनी उप मंत्री सुन वेइदोंग के साथ मुस्कुराते हुए एक तस्वीर में दिखाई दिए।

## गिरफ्तार ननों की याचिका पर सुनवाई से अदालत का इन्कार

**दुर्ग, एजेंसी**

- सेशन कोर्ट ने ननों को एनआईए की विशेष अदालत जाने को कहा

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की सत्र अदालत ने बुधवार को कहा कि उसे राज्य में मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दो कैथोलिक नन की जमानत याचिका पर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि आरोपी राहत के लिए विशेष अदालत का रुख कर सकते हैं।

नन प्रीति मेरी और वंदना फ्रांसिस को सुकमन मंडावी के साथ 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने बजरंग दल के एक पदाधिकारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया था जिसने उन पर आदिवासी बहुल नारायणपुर ज़िले की तीन महिलाओं का धर्मांतरण और उनकी तस्करी करने का आरोप लगाया था। ननों के अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने बताया कि सत्र अदालत ने उनकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि उसके पास बीएनएस की धारा 143 (मानव तस्करी) के तहत मामलों की सुनवाई का अधिकार नहीं है तथा उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एनआईए अदालत जाना पड़ सकता है।

## भारत और यूएई रक्षा संबंधों को बढ़ाने को लेकर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बुधवार को यहां एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय रक्षा बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को और अधिक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

अधिकारियों के मुताबिक इस बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और यूएई के रक्षा अवर सचिव लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर एम अल अलावी ने की। लेफ्टिनेंट जनरल अलावी भारत की दो-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए यूएई के एक उच्च-स्तरीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस बैठक में दोनों देशों ने अपने रक्षा संबंधों को व्यापार, निवेश और सामाजिक संबंधों जैसे क्षेत्रों की तरह मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और यूएई ने पहली बार सचिव स्तर पर आयोजित 13वीं भारत-यूएई संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# आपका आचरण भरोसेमंद नहीं, जांच समिति के सामने पेश ही क्यों हुए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कैश कांड में फंसे जस्टिस वर्मा से पूछे तीखे सवाल, फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा के आचरण को विश्वसनीय न बताते हुए बुधवार को उनसे तीखे सवाल पूछे। समिति की रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को कदाचार का दोषी पाया गया था। शीर्ष अदालत ने उनसे पूछा कि वह समिति के समक्ष क्यों पेश हुए और उसे वहीं चुनौती क्यों नहीं दी। शीर्ष अदालत ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

अदालत ने जस्टिस वर्मा से कहा कि उन्हें समिति की रिपोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहले आना चाहिए था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि अगर सीजेआई के सामने यह मानने के लिए कोई दस्तावेज है कि किसी जज ने कदाचार किया है तो वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचित कर सकते हैं। आगे बढ़ना या नहीं बढ़ना, राजनीतिक निर्णय से तय होगा। लेकिन न्यायपालिका को समाज को यह संदेश देना है कि प्रक्रिया का पालन किया गया है।

जस्टिस वर्मा की ओर से कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें हटाने की आंतरिक जांच समिति की सिफारिश असंवैधानिक है। ऐसी सिफारिश से खतरनाक मिसाल कायम होगी। उन्होंने कहा कि जस्टिस वर्मा पहले सुप्रीम कोर्ट इसलिए नहीं आए क्योंकि टेप जारी होने से उनकी छवि खराब हो चुकी थी। कोर्ट ने जस्टिस वर्मा पर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध करने वाले वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्परा से भी पूछा कि क्या उन्होंने पहले पुलिस से औपचारिक शिकायत की है।

### वीडियो जारी करने से प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण नहीं

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की इस दलील से सहमति जताई कि उनके आवास पर मिली जली हुई नोटों की गड्डियों का वीडियो शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया जाना चाहिए था। हालांकि, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि वीडियो वेबसाइट पर जारी हो गए हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण हो गई और न्यायमूर्ति वर्मा बिना किसी दंड के निकल सकते हैं।

## बिना चेतावनी दिए हाईवे पर कार में अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने इंजीनियरिंग छात्र की याचिका पर सुनाया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर कोई कार चालक बिना किसी चेतावनी के हाईवे पर अचानक ब्रेक लगाता है, तो उसे सड़क दुर्घटना की स्थिति में लापरवाही माना जा सकता है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि किसी चालक द्वारा राजमार्ग के बीच में अचानक वाहन रोकना, चाहे वह व्यक्तिगत आपातस्थिति के कारण ही क्यों न हुआ हो, उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए खतरा हो सकता है। पीठ के लिए फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, राजमार्ग पर वाहनों की तेज गति अपेक्षित है और यदि कोई चालक अपना वाहन रोकना चाहता है तो उसकी जिम्मेदारी है कि वह पीछे चल रहे अन्य वाहनों को चेतावनी या संकेत दे। यह फैसला इंजीनियरिंग के छात्र एस. मोहम्मद हकीम की याचिका पर आया, जिनका बायां पैर सात जनवरी, 2017 को कोयंबटूर में एक सड़क दुर्घटना के बाद काटना पड़ा था।

# एयरलाइन कंपनियों के 23 ऑडिट में 263 खामियां

**मुंबई, एजेंसी**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को कहा कि पिछले एक साल में आठ घरेलू एयरलाइन कंपनियों के 23 ऑडिट के दौरान 263 खामियां मिली हैं। इनमें से कुछ ऐसी खामियां हैं जिनमें तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जरूरत है। हालांकि, डीजीसीए ने कहा कि एयर इंडिया के ऑडिट के दौरान सामने आई खामियों की पृष्ठभूमि में, व्यापक परिचालन वाली एयरलाइंस के लिए ऑडिट निष्कर्षों या खामियों की अधिक संख्या पूरी तरह सामान्य है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक साल में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया, साथ ही अब विलय हो चुकी विस्तारा और एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ कुल 93 ऑडिट निष्कर्ष सामने आए हैं। इन निष्कर्षों में 19 स्तर-1 उल्लंघन शामिल थे जिन्हें गंभीर सुरक्षा जोखिम माना जाता है और जिनके लिए हवाई संचालक द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता होती है। डीजीसीए को विभिन्न मामलों में लगभग 100 उल्लंघनों और टिप्पणियों का पता चलने की बात भी कही गई है।



- डीजीसीए ने जारी किए साल भर के आंकड़े, 19 गंभीर सुरक्षा जोखिम के मामले इस बीच मिले

### एक-एक एयरलाइन के विमानों में कई-कई खामियां


डीजीसीए के आंकड़ों से पता चला कि पिछले एक वर्ष में इंडिगो के साथ 23, स्पाइसजेट के साथ 14, अलायंस एयर के साथ 57, क्विक जेट के साथ 35, घोडावत स्टार के साथ 41 और पूर्ववर्ती विस्तारा के साथ 17 ऑडिट निष्कर्ष सामने आए। जिन निष्कर्षों को गंभीर जोखिम माना जाता है और जिनके लिए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता होती है, उन्हें स्तर-1 के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबकि स्तर-2 की चूक में गैर-अनुपालन शामिल है। वैश्विक स्तर पर, विमानन नियामकों को प्रमुख एयरलाइन कंपनियों के साथ उनके उपक्रमों की विविधता और गहनता के कारण इस तरह की नियमित स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसे अवलोकन उनके संचालन की व्यापकता और गहराई को दर्शाते हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 1 अगस्त 04 .58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 1 अगस्त 12 .41 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। आप परिजनों के साथ घूमने भी जा सकते हैं।

**वृष** — आज आपका मन अध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित हो रही है। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा। परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी।

**मिथुन** — आज आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। जॉब में अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आपका मन इधर-उधर की बातों में लगा रहेगा।

**कर्क** — आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। आपकी कोई बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता के कारण बात बिगड़ सकती है।

**सिंह** — आज आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**कन्या** — आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे।

**तुला** — आज किसी बड़े कार्य को लेकर फाइनेंस की समस्या हल होगी। धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन अत्यंत शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा।

**वृश्चिक** — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकारी प्रवृत्ति के लोगों को आलोचना झेलनी पड़ सकती है। ब्लडप्रेशर और वातरोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लंबी दूरी की यात्रा न करें।

**धनु** — आत जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा है बस आपके खर्चों पर नियंत्रण रखें। अनेक दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी।

**मकर** — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है।

**कुंभ** — आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुए हैं, जिन्हें आप पूरा भी करेंगे।

**मीन** — आज नया कार्य आरम्भ करने के लिए दिन शुभ नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू-55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |



"ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बनाया गया। एको की ग्राहक-केंद्रित सोच वैसा ही है जैसा देश चाहता है। मैं ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं जो भरोसे और बदलाव पर काम कर रहा है
–एमएस धोनी, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

# स्टेडियम

कानपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### डब्ल्यूसीएल: पाकिस्तान संग नहीं खेलेगा भारत

**बर्मिंघम।** भारत ने गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। टीम ने पहलगाम हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है। शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम पहले ही आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलने की इच्छा जता चुकी है।

### सीएएफए नेशंस: भारत ताजिकिस्तान में भिड़ंत

**नई दिल्ली।** भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

### महिला फुटबॉल: ब्राजील कोपा के फाइनल में

**क्विटो (इक्वाडोर)।** चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।

### तैराकी: शोआन 200 मीटर में 38वें स्थान पर

**सिंगापुर।** भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैंपियनशिप के चौथे दिन पुरुषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके।

### एलएसजी के गेंदबाजी कोच बने भरत अरुण

**लखनऊ।** हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स से अलग हुए पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इसी पद पर टीम से जोड़ा है। हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फ्रेंचाइजी के सूत्र ने बताया, अरुण एलएसजी में शामिल हो गए हैं और जल्द ही घोषणा होने की उम्मीद है। अरुण केकेआर से जुड़े थे लेकिन 2025 में टीम के आठवें स्थान पर रहने के बाद फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है।

### 40 मुक्केबाज एशियाई चैंपियनशिप में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने बैंकॉक में बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर 19 और 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 40 सदस्यीय टीम भेजी है। टूर्नामेंट में 26 देशों के 396 मुक्केबाज भाग लेंगे। एशियाई मुक्केबाजी इसका आयोजन विश्व मुक्केबाजी और थाईलैंड मुक्केबाजी संघ के साथ मिलकर कर रही है। इसमें दो आयुवर्ग अंडर 19 और 22 में स्पर्धायें होंगी। महिला और पुरूष मुक्केबाज ओलंपिक मुक्केबाजी नियमों के तहत खेलेंगे। भारतीय टीम की अगुवाई तीन बार के एशियाई चैंपियन और दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन विश्वनाथ सुरेश करेंगे।

### प्रतिबंध पूरा कर टेलर जिम्बाब्वे टीम में लौटे

**हरारे।** ब्रेंडन टेलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन पर लगे साढ़े तीन साल के निलंबन को पूरा करने के बाद जिम्बाब्वे टेस्ट टीम में वापसी कर ली है। टेलर (39 वर्ष) को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी द्वारा 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की सूचना समय पर नहीं देने पर प्रतिबंधित किया गया था। उन्हें बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 7 से 11 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है।

# भारत के सामने श्रृंखला बराबर करने का लक्ष्य

## बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय टीम से पूरी ताकत लगाने की उम्मीद

- बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर अंतिम टेस्ट मैच में नहीं होंगे शामिल

लंदन, एजेंसी

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव से बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है।

तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं। कार्यवाहक कप्तान ओली पोप के लिए यह कड़ी चुनौती होगी क्योंकि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय टीम से पूरी ताकत लगाने की उम्मीद है।

भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराकर पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा है। वह पांचवें मैच में श्रृंखला बराबर करने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। वहीं अभी 2-1 से आगे चल रहा इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। खचाखच भरे स्टेडियम में खेली जा रही यह श्रृंखला टेस्ट क्रिकेट के लिए भी एक आदर्श विज्ञापन रही है, जिसमें सभी चार मैच पांचवें दिन के अंतिम सत्र तक चले। इस बीच दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कुछ नोक झोंक भी हुई जिससे श्रृंखला रोचक बन गई। चाहे वह लॉर्ड्स में समय बर्बाद कर रहे जैक क्रॉली के खिलाफ शुभमन गिल का तीखा हमला हो या रविंद्र जडेजा का चौथे टेस्ट के अंतिम दिन स्टोक्स की नाराजगी के बावजूद मैच रद्द करने से इनकार करना हो, दोनों टीम ने एक दूसरे पर हावी होने में कसर नहीं छोड़ी है। ओवल में भी ऐसा देखने को मिल सकता है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस करके माहौल भी तैयार कर दिया है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। उम्मीद है कि अंतिम मैच रोमांचक होगा क्योंकि भारत के पास इंग्लैंड पर करारा प्रहार करने का मौका है जिसका गेंदबाजी आक्रमण अंतिम एकादश में किसी विशेषज्ञ स्पिनर के नहीं होने से पूरी तरह बदल जाएगा।

ओवल की पिच को समझने वाले दो खिलाड़ी गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, क्रिस वोक्स और जोश टंग के साथ गेंदबाजी करेंगे। वोक्स ऐसे गेंदबाज हैं जो पांचवें टेस्ट तक समान प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के रूप में विशेषज्ञ हिटर को शामिल करके अपनी गेंदबाजी शैली जारी रखने के संकेत दिए हैं। गिल ने श्रृंखला में अब तक 722 रन बनाए हैं और वह एक श्रृंखला में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकार्ड से 52 रन पीछे हैं। यही नहीं उन्हें टेस्ट श्रृंखला में भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन (732) बनाने के गावस्कर के रिकार्ड (1978-79 बनाम वेस्टइंडीज) को तोड़ने के लिए 11 रन और चाहिए।



भारत-इंग्लैंड के बीच लंदन में होने वाले पांचवें टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र में शामिल भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रुक, जैकब बेथे, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गुस एटकिंसन, जैमी ओवरटन, जोश टंग।

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)

**मैच दोपहर 3:30 बजे।**

### मैदान पर उतरना जोखिम भरा: स्टोक्स

बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ शुरुआती चार टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण ओवरों में गेंदबाजी करते हुए अपने चोटिल शरीर की परवाह नहीं की लेकिन उनका कहना है कि श्रृंखला में आखिरी बार मैदान पर उतरना काफी जोखिम भरा होता। स्टोक्स ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। जोफ्रा आर्चर और संभवत: जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति भी इस रोमांचक मुकाबले की चमक को कम कर देगी। आखिरकार लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में लंबे स्पेल डालने का स्टोक्स के दाहिने कंधे पर बुरा असर पड़ा, जिससे उनकी मांसपेशियों में चोट लग गई। स्टोक्स ओवल में अपनी भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित थे लेकिन स्कैन से पता चला कि स्टोक्स इस मुकाबले का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। स्टोक्स ने कहा, यह जोखिम-लाभ का आकलन करने का मामला है और जोखिम इतना अधिक था कि इसे मौजूदा स्थिति से और अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। मैं ऐसा नहीं चाहता था और मैं अपने खिलाड़ी को ऐसे जोखिम में डालने की उम्मीद नहीं करता।

### आकाशदीप ले सकते हैं बुमराह की जगह

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कमर में दर्द से चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को अंतिम एकादश में बुमराह की जगह शामिल हो सकता है। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि टीम संयोजन के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है और बुमराह सहित सभी गेंदबाज फिट हैं। गंभीर ने कहा था, हमने आखिरी टेस्ट के लिए टीम संयोजन पर कोई बातचीत नहीं की है। जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं। मेजबान टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है। स्टोक्स की गैर मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा, कप्तान स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड ने जैकब बेथेल, सर्रे के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।

## टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का अंतर काफी कम: स्टोक्स और गिल





बेन स्टोक्स और शुभमन गिल ने बुधवार को टेस्ट मैचों के बीच लंबे अंतर की मांग करते हुए कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में गेंदबाजों के भारी कार्यभार को देखते हुए दो मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक कम है। लीड्स में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स पर तीसरे टेस्ट के बाद एक सप्ताह का अंतर था, लेकिन दूसरे और तीसरे तथा चौथे और पांचवें मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतर रहा। इससे खिलाड़ियों को रिकवरी का अधिक समय नहीं मिला। स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट से पांचवां टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। भारत भी कुछ तेज गेंदबाजों की चोट से जूझ रहा है। टेस्ट से पूर्व स्टोक्स ने कहा, श्रृंखला में मैचों के बीच अंतर बेहतर हो सकता था। दो मैचों में आठ और नौ दिन और बाकी दो में तीन दिन का अंतर। सब मिलाकर पांच-पांच दिन का अंतर रहने से निरंतरता रहती। उन्होंने कहा, दोनों टीमों के लिए यह कठिन रहा है। गेंदबाजों को काफी ओवर डालने होते हैं। एक बार तो आठ नौ दिन का ब्रेक मिल रहा है और फिर तीन दिन का। हर मैच के बीच चार या पांच दिन का अंतर हो सकता था। भारतीय कप्तान गिल ने कहा कि सभी मैच पांच दिन तक चले लिहाजा खिलाड़ियों के लिए रिकवरी मुश्किल थी। उन्होंने कहा, श्रृंखला में अहम बात यह थी कि सभी मैच पांच दिन तक चले। पांच दिन ही नहीं बल्कि पांचवें दिन के आखिरी सत्र तक। मुझे याद नहीं कि ऐसी कोई श्रृंखला रही हो, जिसमें सभी चार टेस्ट मैच आखिर तक खिंचे हो। यह काफी कठिन था। उन्होंने कहा, दोनों टीमें जब इतना कठिन क्रिकेट खेल रहीं हों तो तीन दिन का अंतर काफी कम है। हमें यह भी समझना चाहिए कि हर मैच के बाद पांच या छह दिन का ब्रेक होने से दौरा बहुत लंबा हो जाता। दोनों बोर्ड ने यही सोचकर फैसला लिया होगा।


# जडेजा नंबर एक टेस्ट हरफनमौला अभिषेक टी-20 में शीर्ष पर काबिज

दुबई, एजेंसी



रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढ़त है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं।

दूसरी ओर टी-20 रैंकिंग में एक साल से शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़कर अभिषेक शर्मा शीर्ष पर पहुंचे हैं। शर्मा के 829 रेटिंग अंक हैं जबकि हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा, जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढ़त बनाई है। उसने 13 रेटिंग अंक पाए हैं और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढ़कर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर हैं। वॉशिंगटन सुंदर आठ पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर हैं, जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढ़कर 63वें स्थान पर हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें और इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर हैं।



रविंद्र जडेजा

# लक्ष्य, आयुष, तरुण व रक्षिता दूसरे दौर में

**मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

मकाऊ, एजेंसी

भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया। वहीं 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को 21-10, 21-11 से हराकर बाहर भेजा।

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो व रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।वहीं तरुण की टक्कर हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 18-21 21-17 22-20 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 21-10, 21-15 से हराया।

वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम व अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से हार मिली।। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से हार मिली। रित्विक संजीवी सतीश कुमार चिको से हार गए। मिश्रित युगल में थांद्रांगिनी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोनजेंगबाम थाईलैंड की फुवानाट होर्बनलुइकिट और फुंगफा कोर्पथाम्माकिट से हार गईं। आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा भी शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशरजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विदजाजा से हारकर बाहर हो गए। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट चले मुकाबले में से हार गई।



### महिला एकल: उन्नति और अनुपमा हारीं

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21-16, 21-10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से हार गए। अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने हराया। तसनीम मीर को चेन यू फेइ ने मात दी।

**नेशनल बैंक ओपन** | एंड्रीवा ने तीसरे दौर में पहुची तो जैस्मीन पाओलिनी औ एम्मा नवारो को मिली हार

# गॉफ की जीत, फर्नांडीज पहले दौर में बाहर

मॉन्ट्रियल, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई, लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई।

फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

### मुसेट्टी और रूण भी पहुंचे अगले दौर में



**टोरंटो।** तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ने जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूण ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़, पांचवें जैक ड्रेपर और छठे नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी में इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कैस्पर रूड, करेन खाचानोव, फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता एलेक्सी पोपिरिन भी अपने मैच जीतने में सफल रहे।



कोको गॉफ

# क्यूरेटर से गंभीर की झड़प को लेकर बोले गिल- कोच को पिच देखने का अधिकार

लंदन, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल ने ओवल के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस से तीखी बहस के बाद गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारतीय कोच को पिच का मुआयना करने का पूरा अधिकार था।

भारत के अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ को मुख्य पिच से ढाई मीटर दूर रहने के लिए कहा, जबकि उन्होंने जॉगर्स और रबर स्पाइक वाले जूते पहन रखे थे। गंभीर को यह बोलते सुना गया, तुम्हें हम में से किसी को यह बताने की जरूरत नहीं है कि क्या करना है। तुम्हे इसका अधिकार नहीं है। तुम बस मैदानकर्मी हो, और कुछ नहीं।

गिल से पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जो कल हुआ, वह गैर जरूरी था। कोच को विकेट देखने का पूरा अधिकार है। समझ में नहीं आया कि क्यूरेटर इसकी अनुमति क्यो नहीं देगा। अगर आपने रबर के स्पाइक्स पहन रखे हैं या नंगे पैर हैं तो दिक्कत नहीं होनी चाहिए। पता नहीं उन्होंने क्यो रोका। पिछले चार मैचों में तो ऐसा कोई मसला नहीं हुआ था। उसी दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और कार्यवाहक कप्तान ओली पोप को मुख्य पिच पर खड़े देखा गया जब वे बल्लेबाजी का छद्म अभ्यास कर रहे थे।

### गंभीर के पास नाराज होने का था कारण: पार्थिव



**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने बुधवार को कहा कि द ओवल में सरे के मैदानकर्मियों के प्रमुख ली फोर्टिस के साथ तीखी बहस के बाद गौतम गंभीर को नाराजगी जताने का अधिकार था। मंगलवार को जब भारतीय टीम अंतिम टेस्ट से पहले ओवल में अभ्यास कर रही थी तब फोर्टिस ने गंभीर को पिच से ढाई मीटर दूर रहने को कहा, जिसके बाद गंभीर और उनके बीच तीखी बहस हुई है। पार्थिव ने कहा, यह दुर्भाग्यशाली है कि इस तरह की घटना हुई। लेकिन गौतम को नाराजगी जताने का अधिकार है। एक क्यूरेटर के रूप में बेशक आप किसी को पिच का मुआयना करने से नहीं रोक सकते। यही मुख्य कोच की भूमिका है। आप और क्या उम्मीद कर रहे हैं? कोई मुख्य कोच जाकर पिच का निरीक्षण नहीं करेगा... यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। पार्थिव ने कहा, यह सब प्रसारित हो रहा था। यह इंग्लैंड का अनुचित व्यवहार है जो बिल्कुल भी अच्छा नहीं है।